kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-294 | रविवार, 24 नवम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों का त्वरित और पूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सत्य और नियमों के अनुरूप कार्य करें, गलत का समर्थन न करें और किसी दबाव में आकर निर्णय न लें।

आनंदीबेन पटेल

महाराष्ट्र में भाजपा की जीत में है संघ की बड़ी भूमिका 11 | केदारनाथ में विकास, राष्ट्रवाद और सनातन की जीत, महाराष्ट्र में नए युग की शुरुआत : धामी 12

## संक्षेप

### झारखंड में संविधान की जीत और महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में मिली जीत को जल, जंगल और जमीन की रक्षा की जीत बताया है। इसके साथ ही महाराष्ट्र के नतीजों को अप्रत्याशित बताते हुए इनका विश्लेषण किए जाने की बात कही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज मतगणना के बाद एक एक्स पोस्ट में कहा कि झारखंड के लोगों का आईएनडीआईए को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। प्रदेश में गठबंधन की यह जीत संविधान के साथ जल-जंगल-ज़मीन की रक्षा की जीत है। राहुल ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं और इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे।

### महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा जताया है: देवेंद्र फडणवीस

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) नेता और निवर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के दौरान एक हैं तो सेफ है का नारा दिया था, इसी वजह सूबे की जनता ने एकता दिखाते हुए भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान दिया है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस चुनाव वे आधुनिक अभिमन्यू की तरह सारे चक्रव्यूह तोडक़र बाहर निकले हैं । राज्य के मतदाताओं का भारी प्रेम देखकर हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। फडणवीस ने कहा कि राज्य की लाडली बहनें, भाई और किसान , सभी वर्ग ने हमारे पक्ष में मतदान किया है, इसलिए मैं उनके समक्ष नतमस्तक हूं। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस चुनाव में विपक्ष ने झूठी कहानियां गढ़ीं। किसी खास वर्ग के नेताओं का बयान जारी कर वोटों के ध्रुवीकरण का प्रयास किया।

### एनसीसी कल मनाएगा अपना 76वां स्थापना दिवस, रक्षा सचिव ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। वर्ष 1948 में स्थापित दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) 24 नवंबर को पारंपरिक उत्साह के साथ अपना 76वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस उपलक्ष्य में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने आज यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट पर पूरे एनसीसी समुदाय की ओर से अमर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रक्षा सचिव ने कहा कि एनसीसी ने कैडेटों की संख्या तीन लाख तक बढ़ाने में सराहनीय प्रयास किए हैं और आने वाले वर्षों में यह संख्या 20 लाख तक पहुंच जाएगी।

# महाराष्ट्र में महायुति प्रचंड बहुमत के साथ वापस

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

नयी दिल्ली । महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने अपने-अपने यहां सत्तारूढ़ गठबंधन को शासन की बागडोर संभाले रखने का स्पष्ट जनादेश दिया है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति ने प्रचंड जीत दर्ज की है जबकि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो और कंग्रेस के नेतृत्व में इंडिया समूह को करीब दो.तिहाई बहुमत हासिल किया है। महाराष्ट्र में कंग्रेसए राकंापा शरद पवार और शिव सेना यूबीटी गठबंधन ने लोकसभा की सफलता के बाद राज्य में सत्ता वापसी को सपना संजोया था वह बिखर गया और उनका गठबंधन करीब 50 सीट के आसपास सिमट गया है। राज्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राकंापा ने प्रतिद्वंदी धड़ों को पीछे छोड़ दिया है। महाराष्ट्र के चुनाव में मतदाताओं ने कंग्रेस पार्टी के जनजातीय गणना और संविधान के लिए खतरे के मुद्दे के बजाय महायुति के विकास के नारे और कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन किया है।

महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा के साथ-साथ 15 राज्यों में 48 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर भी चुनाव कराये गये थे। विधानसभा के उपचुनावों में सबसे चर्चित उत्तर प्रदेश के मुकाबलों में भाजपा और राष्ट्रीय लोक दल रालोद नौ में से सात सीटों पर जीत के साथ राजग का परचम ऊपर रखा जबकि पश्चिम बंगाल कर्नाटक मध्य प्रदेश राजस्थान और असम में सत्तारूढ़ दलों ने अपनी मजबूत जमाए रखी है।

केरल की वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में कंग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चार लाख से अधिक मतों से विजयी घोषित हुयी हैं जबकि महाराष्ट्र की नांदेड लोक सभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार डॉ0 संतुकराव मारोतराव हम्बारडे कंग्रेस पार्टी के रवीन्द्र बसन्तराव चव्हाण से आगे चल रहे थे।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन महाराष्ट्र में अभूतपूर्व जीत हासिल की है जबकि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन बड़े बहुमत के साथ पुनः वापसी कर रहा है।

भाजपा शिवसेना और राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी रांकापा के सत्तारूढ़ गठबंधन इस साल लोक सभा चुनाव में महाराष्ट्र में मिले आघात से उबरते हुये विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की ओर बढ़ रहा है। राज्य की 288 सीटों वाली विधानसभा के चुनाव की शनिवार को चल रही मतगणना के रुझानों के अनुसार भाजपा-शिवसेना-रांकापा के महायुति गठबंधन को 169 सीटों पर जीत मिली चुकी है और 66 सीटों पर उसके उम्मीदवार बढ़त बनाये हुये हैं।

राज्य में कंग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी महाविकास अघाड़ी एमवीए गठबंधन के उम्मीदवार 37 सीटों पर विजयी हुये हैं और 13 सीटों आगे चल रहे हैं। भाजपा को 92 सीटों पर जीत हासिल हुयी है और 41 सीटों पर बढ़त बनाए हुये है।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार महायति में शिवसेना 43 पर जीत हासिल की है और 14 पर बढ़त बनाए हुये है रांकापा को 34 पर जीत हासिल हुयी है और सात पर बढ़त बनाये हुये है जबकि महायुति में शामिल जन सुराज्य शक्ति जेएसएस दो सीटों पर विजयी हुयी है। गठबंधन के घटक राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान पार्टी आरवाईएसपी एक सीट पर आगे है और राष्ट्रीय समाज राजर्षि शाहू विकास अघाडी ने एक सीट पर जीत हासिल की है।

विपक्षी गठबंधन महाराष्ट्र विकास अघाड़ी एमवी के घटक कंग्रेस पार्टी को 10 सीटों पर जीत हासिल हुयी है और पांच पर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे थे जबकि रांकपा शरद पवार को छह सीटों पर जीत मिली है और चार सीटों पर आगे चल रहे हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 17 सीटों पर विजय मिली है और तीन पर बढ़त बनाये हुये हैं। विपक्षी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी को दो सीटें मिली हुयी हैं।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया और राष्ट्रीय समाज पक्ष को एक-एक सीट मिली है।

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तिहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम को एक सीट पर बढ़त थी जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार को विजय मिली हुयी है और एक अन्य निर्दलीय उम्मीदवार आगे चल रहा था।

शिवसेना के नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महायुति की सफलता को प्रचंड जीत बताते हुये कहा कि यह सफलता न भूतो न भविष्यति है। उन्होंने इसके लिये शेष पेज 11 पर

## झारखंड में झामुमो की सत्ता बरकरार




### उपलब्धि

- यूपी, झारखंड, राजस्थान पर भाजपा को मिला बड़ा समर्थन
- भाजपा को 92 सीटों पर जीत हासिल हुयी है और 41 सीटों पर बढ़त बनाए हुये है।
- शिंदे ने कहा कि यह सफलता न भूतो न भविष्यति है। उन्होंने इसके लिये लाडली बहनों लाडले किसानों और हर वर्ग के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। श्री शिंदे ने इसे महायुति सरकार के ढाई साल के काम का सफल बताया

### महाराष्ट्र का जनादेश विकसित भारत का आधार बनेगा : मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में महाराष्ट्र में मिली बड़ी जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा दोहराया। उन्होंने इसे महामंत्र बताया और कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में जनता ने जाति, धर्म और क्षेत्र की राजनीति से ऊपर उठकर मतदान किया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता का यह जनादेश विकसित भारत का आधार बनेगा। दो राज्यों में चुनाव और 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के आज नतीजे आए हैं। महाराष्ट्र में जहां भारतीय जनता पार्टी गठबंधन को जीत मिली है, वहीं झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठबंधन को बहुमत प्राप्त हुआ है। नतीजे आने के बाद आज पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह महाराष्ट्र में किसी गठबंधन और पार्टी को शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने हेमंत सोरेन और जेएमएम गठबंधन को दी बधाई

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 का परिणाम आने के बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जेएमएम गठबंधन को झारखंड में विजय के लिए बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा, 'मैं झारखंड के लोगों को हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में हमेशा सबसे आगे रहेंगे। मैं राज्य में उनके प्रदर्शन के लिए झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को भी बधाई देता हूं।' झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रेस को संबोधित किया। हेमंत सोरेन जब मीडिया के सामने आए, तो उनकी दायीं तरफ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन थीं, बायीं ओर कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर थे। दोनों के बीच में हेमंत सोरेन बैठे थे। उन्होंने झारखंड के चुनाव परिणाम के लिए राज्य की जनता को धन्यवाद। साथ शेष पेज 11 पर

### महाराष्ट्र की बारामती सीट से अजीत पवार एक लाख से अधिक मतों के अंतर से विजयी

मुंबई। महाराष्ट्र के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री एवं राकांपा के उम्मीदवार अजीत पवार ने बारामती विधानसभा क्षेत्र से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राकांपा (एसपी) के उम्मीदवार युगेंद्र पवार को 1 लाख 899 मतों के अंतर से हराया। अजीत पवार को कुल 1 लाख 81 हजार 132 और युगेंद्र पवार को 80 हजार 233 मत मिले हैं। अजीत पवार ने बारामती की जनता का आभार व्यक्त किया है। बारामती सीट पर महाराष्ट्र ही नहीं देश की निगाहें लगी हुई थीं। इसका कारण यहां चाचा-भतीजे के बीच सीधी टक्कर थी। अजीत पवार राकांपा (एससी) के अध्यक्ष शरद पवार के सगे भतीजे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले इस शेष पेज 11 पर

# उप्र विधानसभा उपचुनाव में भाजपा का जलवा, सपा ने भी जीतीं दो सीटें

## राजग को यूपी का साथ, नौ सीटों के उपचुनाव में जीतीं सात

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- भाजपा के अनुजेश यादव ने 89579 वोट प्राप्त किया
- अखिलेश यादव ने यहां 67504 वोटों से जीत हासिल की थीए जो 2024 उपचुनाव में घटकर महज 14725 वोट पहुंच गई।
- मझवा, फूलपुर, गाजियाबाद, खैर व मीरापुर में भी भाजपा जीती

लखनऊ । उत्तर प्रदेश उप्र विधानसभा की नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग ने सात पर विजय हासिल की है जबकि समाजवादी पार्टी सपा को दो सीटों पर संतोष करना पड़ा है। प्रदेश में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में सात पर राजग ने जीत दर्ज की। इसमें से छह पर भारतीय जनता पार्टी और एक सीट पर राजग गठबंधन रालोद ने जीत हासिल की। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के हिस्से की कुंदरकी व कटेहरी सीट भी जीत ली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा व रालोद प्रत्याशी के पक्ष में पांच दिन में 15 चुनावी कार्यक्रम किए। सीएम योगी ने फूलपुरए मझवाए खैर व कटेहरी में दो.दो रैली की। गाजियाबाद में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक रैली व एक रोड शो कर कमल को फिर से खिलाने की अपील कीए जिस पर जनता ने मुहर लगाया। वहीं कुंदरकी व मीरापुर में भी योगी की रैली हुई। इसका असर यह हुआ कि कुंदरकी में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की।

कटेहरी में लगभग तीन दशक से अधिक समय से इस सीट पर भाजपा को जीत नहीं मिल पा रही थी लेकिन इस बार उपचुनाव में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कटेहरी में भी कमल ने कमाल कर दिखाया। भाजपा के प्रत्याशी धर्मराज निषाद ने तीन दशक बाद यहां कमल खिलाया। धर्मराज निषाद ने न सिर्फ सपा से यह सीट छीनी बल्कि सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा को 34514 के बड़े अंतर से हराया। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव में कुंदरकी शेष पेज 11 पर

### 'बंटेंगे तो कटेंगे, एक हैं तो सेफ हैं : योगी



मुंबई । महाराष्ट्र झारखंड विधानसभा चुनावों के साथ ही आज 13 राज्यों की 46 विधानसभा चुनावों के परिणाम आए। इन परिणामों में देश का चुनावी नक्शा पहले की भांति बरकरार रहा, लेकिन महाराष्ट्र में भाजपानीत महायुति गठबंधन की प्रचंड जीत ने विपक्ष के हौंसले को पस्त कर दिया। वहीं, उपचुनावों में जिस राज्य की सबसे ज्यादा चर्चा थी उस उत्तर प्रदेश में भी भाजपा गठबंधन ने तगड़ी बढ़त हासिल की। इस चुनाव से पहले प्रचार के दौरान पक्ष-विपक्ष द्वारा दिए गए कई नारों ने लोगों का खूब ध्यान खींचा, लेकिन लोगों के दिलो-दिमाग और जुबान पर केवल मोदी-योगी का नारा (बंटेंगे को कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं ) ही चढ़ सका। हालांकि भाजपा के सहयोगी दलों के नेताओं ने नारों को लेकर आपत्ति भी जताई। महाराष्ट्र और उपचुनाव के नतीजों से साफ है कि योगी-मोदी के नारों का मतदाताओं पर खासा असर पड़ा, लेकिन वहीं झारखंड के मतदाता इन नारों से प्रभावित न हो सके। ऐसे में हम आपको बताएंगे कि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश शेष पेज 11 पर

### झारखंड में 'हेमंत दोबारा' नारा सब पर पड़ा भारी, इंडी गठबंधन को मिला पूर्ण बहुमत

रांची। झारखंड में इस बार 'हेमंत दोबारा' नारा सब पर भारी पड़ा। यहां के मतदाताओं ने इसे सच ?साबित कर दिया है। हेमंत सोरेन ने झारखंडवासियों को उनके वनाधिकार, जमीन की सुरक्षा और आदिवासी अधिकारों जैसे मुद्दों पर लगातार उनको भरोसा दिलाया और उसी का नतीजा रहा कि झारखंड में एक बार फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बननी तय है। इस बार के चुनाव में हेमंत सरकार की मईयां सम्मान योजना ने इंडी गठबंधन के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है, जिसकी वजह से एक बार फिर झारखंड में हेमंत सोरेन ने बाजी मार ली है। ऐसा पहली बार हुआ है कि झारखंड में किसी की सरकार रिपीट हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने चुनाव परिणाम के बाद अपने पहले संदेश में 'एक्स' पर लिखा है कि 'झारखंड जीत गया है' । झारखंड की 81 सीटों में से 71 सीटों पर परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। अभी तक के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में इंडी गठबंधन 54 सीटों पर चुनाव जीत चुकी है जबकि झारखंड में एनडीए महज 18 सीटों पर चुनाव जीत पायी है। अब झारखंड की सिर्फ 10 सीटों पर फाइनल रिजल्ट आना बाकी है। झारखंड में एक सीट अन्य के खाते में गयी है। राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 19 सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को विजय मिली है जबकि 15 सीटों पर बढ़त है। भाजपा को 08 सीट पर विजय तथा 13 सीट पर बढ़त है। कांग्रेस को 08 सीट पर विजय तथा 08 सीट पर बढ़त है। राजद की एक सीट पर जीत तथा तीन सीट पर बढ़त, सीपीआई की दो सीट पर विजय। आजसू को किसी भी सीट पर जीत नहीं मिली है, सिर्फ एक सीट पर बढ़त है। लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) की एक सीट पर जीत हुई है। इसी प्रकार झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) को एक सीट शेष पेज 11 पर

# वायनाड में प्रियंका गांधी को मिली निर्णायक बढ़त

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



- वायनाड में प्रियंका गांधी को मिली निर्णायक बढ़त,सोशल मीडिया पर लिखा भावुक पोस्ट

नई दिल्ली। केरल की वायनाड लोकसभा सीट से कंग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने मतगणना के दौरान अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाकपा उम्मीदवार सत्यन मोकरी पर 4 लाख 10 हजार 931 वोटों की निर्णायक बढ़त बना ली है। इस सीट पर प्रियंका गांधी की जीत लगभग तय मानी जा रही है। इससे उत्साहित प्रियंका गांधी ने वायनाड के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखी है। इसमें उन्होंने वायनाड के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा है कि वह संसद में वायनाड के लोगों की आवाज बनेंगी। निर्वाचन आयोग के ताजा मतगणना रुझानों के अनुसार वायनाड लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में प्रियंका गांधी को कुल 6 लाख 22 हजार 338 वोट मिले हैं जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार सत्यन मोखेरी को कुल 2 लाख 11 हजार 407 वोट मिले हैं। भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार नव्या हरिदास को कुल 1 लाख 9 हजार 939 वोट मिले हैं। इससे उत्साहित प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक भावुक पोस्ट लिखकर वायनाड के मतदाताओं का आभार जताया है। प्रियंका ने लिखा, ''मेरे प्रिय बहनों और भाइयों, वायनाड में मैं आपके द्वारा मुझ पर किए गए शेष पेज 11 पर

### साहित्य मानवता को सशक्त बनाने के साथ साथ समाज को नवजीवन देता है : मुर्मु

नयी दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि साहित्य मानवता को सशक्त बनाता है और समाज को बेहतर बनाने के साथ साथ उसे नवजीवन देता है। श्रीमती मुर्मु ने शनिवार को यहां एक साहित्य कार्यक्रम में हिस्सा लिया और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लेखकों को सम्मान प्रदान किये। राष्ट्रपति ने गुल़ज़ार साहब को आज तक साहित्य जागृति लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने साहित्य और कला की दुनिया के प्रति उनके समर्पण के लिए उनकी सराहना की।

उन्होंने कहा कि इन पुरस्कार विजेताओं के पुरस्कार विजेता कार्य अतीत से वर्तमान तक भारत की विविधता को दर्शाते हैं और लेखकों की कई पीढ़ियों को एक साथ पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश की क्षेत्रीय साहित्य कृतियों में अखिल भारतीय चेतना सदैव विद्यमान रही है। यह चेतना हमारी संपूर्ण यात्रा में रामायण और महाभारत काल से लेकर हमारे स्वतंत्रता संग्राम तकए दिखाई देती रही है और आज के साहित्य में भी देखी जा सकती है। राष्ट्रपति ने शेष पेज 11 पर

## गृह एवं सहकारिता मंत्री ने नई दिल्ली में एनसीडीसी की 91वीं आम परिषद की बैठक को किया संबोधित

# सहकारिता क्षेत्र के जरिए करोड़ों किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए केंद्र कटिबद्ध: शाह

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



### सुझाव

- मोदी सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है और इस दिशा में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की अहम भूमिका है।

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार सहकारिता आंदोलन के माध्यम से देश के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है और इस दिशा में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की अहम भूमिका है। वह आज यहां राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की 91वीं आम परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने सहकारी आंदोलन में एनसीडीसी के योगदान की सराहना की और लाखों सहकारी समितियों के जीवन को बदलने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनसीडीसी की सफलता न केवल इसके 60 हजार करोड़ रुपये के संवितरण से परिलक्षित होती है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सहकारी क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डालने की इसकी क्षमता से भी परिलक्षित होती है।

श्वेतक्रांति 2.0 के महत्व पर जोर देते हुए अमित शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में दुग्ध सहकारी संघों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने दूध उत्पादक संघों की स्थापना के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और एनसीडीसी के बीच सहयोग की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि इन संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, जिसमें दूध उत्पादन के शुरुआती चरण की देखरेख एनडीडीबी द्वारा की जाए। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल श्वेत क्रांति को आगे बढ़ाएगी बल्कि आदिवासी समुदायों और महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अमित शाह ने कहा कि एक ऐप आधारित कैब कोऑपरेटिव सोसाइटी सेवा स्थापित करनी चाहिए, जिससे लाभ सीधे ड्राइवरों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने सहकारी समितियों को एकीकृत करने में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस की महत्वपूर्ण शेष पेज 11 पर

# समाज सेवा का दृष्टिकोण अपनाएं अधिकारी : आनंदीबेन पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शनिवार को राजभवन में उत्तर प्रदेश कैडर-2023 बैच के 20 प्रशिक्षु आई0पी0एस0 अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से उनका परिचय लिया और उनके कार्यक्षेत्र और अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों का त्वरित और पूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सत्य और नियमों के अनुरूप कार्य करें, गलत का समर्थन न करें और किसी दबाव में आकर निर्णय न लें।

राज्यपाल ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि समाज सेवा का दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रशिक्षु अधिकारियों की पढ़ाई के दौरान अर्जित ज्ञान का उपयोग उनके कार्यक्षेत्रों में किया जाना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि किसी अधिकारी ने आपदा प्रबंधन का अध्ययन किया है, तो उसे उसी क्षेत्र में तैनाती दी जानी चाहिए ताकि उसके ज्ञान का सदुपयोग हो सके। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सुझाव दिया कि वे इस विचारधारा को अपनाएं और स्कूलों में बच्चों के प्रशिक्षण पर जोर दें। इसके माध्यम से बच्चे अपने जीवन में सही दिशा और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे न केवल एक अच्छे नागरिक बनेंगे बल्कि समाज के विकास में भी रचनात्मक योगदान दे सकेंगे। राज्यपाल ने कहा कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें और यह प्रयास करें कि उन्हें कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे समाज के मानसिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास में सहयोग दें। अच्छा कार्य करने से न केवल उनकी छवि बेहतर बनेगी, बल्कि समाज में सकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा।

राज्यपाल ने अधिकारियों को सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनसे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव,राज्यपाल, डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय के अधिकारीगण सहित राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का पालन कराने के लिए किया गया जागरूक, बांटे पर्चे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज । शनिवार को सुबह जिला अपराध निरोधक समिति कोराँव के तत्वाधान में तहसील सचिव दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना कोरांव नितेंद्र कुमार शुक्ला, व थाना कमेटी प्रभारी नरेन्द्र देव मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में यातायात जागरूकता रैली सब्जी मंडी तिराहा कोराँव से बाजार में निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जनमानस में यातायात नियमों से सम्बंधित स्लोगन कहा गया , व पर्चा वितरित किया गया जिससे लोग यातायात नियमों का पालन करे खुद सुरक्षित रहे और अपने परिवार को भी सुरक्षित रखे प्रभारी निरीक्षक कमेटी द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की समापन पर तहसील सचिव के द्वारा अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिसमें सह थाना कमेटी प्रभारी सफात अलीशाह संयुक्त सचिव संगम लाल जायसवाल मीडिया प्रभारी मोहम्मद असलम चिदानंद मिश्रा डा दिनेश कुमार सुदीप कुमार रमाकांत सिंह राकेश कुमार केसरी सियाराम रामचंद्र मुकेश कुमार लखन लाल जैसल सन्तोष कुमार जायसवाल राजू पासवान राजेश कुमार शिव शंकर जायसवाल कौशलेश कुमार अंकित कुमार कुशवाहा तेज नारायण कुशवाहा सभाजीत कुशवाहा, समर जीत कुशवाहा विजय कान्त सिंह यहसान अहमद धनेश्वर कुशवाहा मुस्ताक अली इन्द्रजीत मौजूद रहे ।

# पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह कुष्ठ रोगियों को ठंड से निजात के लिए गर्म शाल वितरण कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की 84वीं जयंती पर द लेप्रोसी मिशन अस्पताल नैनी में कुष्ठ रोगियों को गरम शाल वितरित कराया।शाल को वितरित करते हुए सपा प्रदेश सचिव सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा से अधीक्षक डाक्टर संदीप कुमार ने बताया कि हमारा अस्पताल 150 साल का हो गया। हमारे अस्पताल में 30-35 साल से कुष्ठ रोग के मरीज रह रहे हैं उनको परिवार ने छोड़ दिया हम लोगों ने अपनाया हैं पर किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिल रही हैं जिससें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।सांसद प्रतिनिधि ने उनकी समस्या सुनकर तत्काल जिला आपूर्ति अधिकारी से वार्ता कर जो सालों साल से अस्पताल में मरीज रह रहे हैं उनका राशन कार्ड बनवा दें तो काफी मदद मिलेगी जिसपर जिला आपूर्ति अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जांच करा कर हर सम्भव मदद दी जायेगी।सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि यदि विकलांग कैम्प शिविर अस्पताल में लग जाय तो मरीजों का विकलांग सर्टिफिकेट बनने पर सरकारी आर्थिक सहायता मिल सकती हैं।

सांसद उज्जवल रमण सिंह ने अधीक्षक कि मांग पर कहा कि एक प्रस्ताव बनाकर दे मैं केंद्र सरकार से कुष्ठ रोगियों और अस्पताल को जो भी सहायता मिलती हैं उसको दिलाने का प्रयास करुंगा क्योंकि द लेप्रोसी मिशन अस्पताल नैनी 150साल पुराना एक प्रतिष्ठित संस्थान पूरे देश में अपना एक अलग स्थान रखता हैं यहाँ के डाक्टर और स्टाफ पूरी तन्मयता से पुनीत कार्य में लगें हैं।

# योगी सरकार टीबी रोगियों के करीबियों की हर तीन माह में कराएगी जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार ने टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों एवं पूर्व टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग कराने का निर्णय लिया है। यह स्क्रीनिंग हर तीन महीने पर होगी। वहीं साल के खत्म होने में 42 दिन शेष हैं, ऐसे में वर्ष के अंत तक हर जिलों को प्रिजेंमटिव टीबी परीक्षण दर के कम से कम तीन हजार के लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिये हैं। इसको लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने सभी जिला क्षय रोग अधिकारियों (डीटीओ) को पत्र जारी किया है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए रणनीति को किया जा रहा और अधिक सुदृढ़ प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में टीबी रोगियों की युद्धस्तर पर स्क्रीनिंग की जा रही है। इसी क्रम में सभी डीटीओ डेटा की नियमित मॉनीटरिंग और कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) का लक्ष्य टीबी मामलों, उससे होने वाली मौतों में कमी लाना और टीबी रोगियों के लिए परिणामों में सुधार करना है। ऐसे में इस दिशा में प्रदेश भर में काफी तेजी से काम हो रहा है। इसी का परिणाम है कि इस साल अब तक प्रदेश में टीबी रोगियों का सर्वाधिक नोटिफिकेशन हुआ है। तय समय पर इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए रणनीति को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि टीबी के संभावित लक्षण वाले रोगियों की कंटेक्ट ट्रेसिंग और स्क्रीनिंग को बढ़ाते हुए फ़ेफड़ों की टीबी (पल्मोनरी टीबी) से संक्रमित सभी लोगों के परिवार के सदस्यों और कार्यस्थल पर लोगों की बलगम की जांच को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। कंटेक्ट ट्रेसिंग और स्क्रीनिंग जितनी ज्यादा होगी, उतने ही अधिक संख्या में टीबी मरीजों की पहचान हो पाएगी और उनका इलाज शुरू हो पाएगा। इसी क्रम में उच्च जोखिम वाले लोगों जैसे 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों, डायबिटीज रोगियों, धूम्रपान एवं नशा करने वाले व्यक्तियों, 18 से कम बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) वाले व्यक्तियों, एचआईवी ग्रसित व्यक्तियों और वर्तमान में टीबी का इलाज करा रहे रोगियों के सम्पर्क में आए व्यक्तियों की हर तीन माह में टीबी की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिये गये हैं। टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए नैट मशीनों का वितरण सभी ब्लॉकों पर टीबी की जांच को ध्यान में रखते हुए करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही उन टीबी इकाइयों की पहचान करने जो आशा के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं, उनमें सुधार करने के लिए जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया गया है। क्षेत्रीय टीबी कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (आरटीपीएमयू) द्वारा हर माह में जनपदों का भ्रमण करते हुए वहां की स्थिति का जायजा लेने के भी निर्देश दिए हैं।

# ओबर लोड वाहनों पर एसडीएम कोरांव ने कसा शिकंजा





कैनविज टाइम्स संवाददाता

## एक हाइवा एक ट्रैक्टर को पकड़ा कार्रवाही की भेजी उच्चाधिकारियो को रिपोर्ट

कोरांव प्रयागराज। क्षेत्र मे लगातार शिकायत मिल रही थी की क्षेत्र मे ओबर लोड वाहन सड़क पर फर्राटा भर रहे है जिससे सड़क समय सें पहले ही टुट जा रही है साथ ही दुर्घटना की संभावना ज्यादा बना रहता है इसी क्रम मे शनिवार को अचानक सुबह ही एसडीएम कोरांव ने मांडा थाना क्षेत्र के कुदर मे एक ट्रैक्टर व कोरांव थाना क्षेत्र के गिरगोठा सें एक बालू लदा हाइवा पकड़ ली मांगने पर कोई वैध प्रपत्र नहीँ दिखा पाने पर तहसील मे लाकर खड़ा करा दिया गया है कार्रवाही हेतु उच्चाधिकारियो को रिपोर्ट भेजा जा रहा है लगातार एसडीएम की सक्रियता सें खनन माफीयाओ मे हड़कंप मचा हुआ है एसडीएम का कहना है ओबर लोड या अवैध परिवहन करने वालो पर सख्त कार्रवाही की जाएगी

# आईएस आकांक्षा राणा कुंभ मेला प्रयागराज स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन

## साफ सफाई देख की कर्मचारियों की तारीफ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज। शनिवार को माघ मेला क्षेत्र सेक्टर 24 अरैल में नवनिर्मित स्वास्थ्य शिविर सर्किल आफिस का उद्घाटन विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा ने किया । बता दें की माघ मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करने पहुंची विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा ने मेला की साफ सफाई देख खुश हो गयीं और प्रभारी निरीक्षक की जमकर तारीफ की । आकांक्षा राणा ने कहा की मेला शुरू होने में अब थोड़ा ही समय है ऐसे में दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु यहाँ आएंगे और वीवीआईपी लोगों का भी ताँता लगा रहेगा और उस वक्त भी ऐसे ही साफ सफाई आप लोग बनाये रखियेगा जिससे बाहर से आये लोगों को किसी प्रकार की तकलीफ ना उठानी पड़े । इस अवसर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट श्री सत्येश मिश्रा , सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ मनीष शुक्ला , प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेंद्र कुमार यादव , प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह एवं सेक्टर लेखपाल अखिलेश यादव उपस्थित रहे ।

# उपजिलाधिकारी कोरांव धान क्रय केंद्र प्रभारियों के साथ की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने शनिवार को तहसील सभागार मे केंद्र प्रभारी समेत विपरण विभाग अधिकारीयों संघ बैठक कर निर्देशित की किसानो को किसी भी प्रकार की धान खरीदारी व अन्य मुल भुत सुविधाओं मे कोई कमी नहीँ मिलनी चाहिए

## शिकायत मिलने पर होंगी कार्रवाही : आकांक्षा सिंह

यदि कोई शिकायत मिलेगी तो जांच कर आवश्यक कार्रवाही संबधित जिम्मेदार के विरुद्ध किया जायेगा बैठक मे उपजिलाधिकारी कोरांव के अलावा विपरण निरीक्षक समेत केंद्र प्रभारी सचिव मौजूद रहे।

# मुस्लिम बाह्ल्य सीट कुंदरकी में 31 साल बाद खिला कमल, भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह 143192 वोटों से जीते

एजेंसी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों में से सात पर भाजपा गठबंधन की जीत में कुंदरकी विधान सभा की जीत ने चार चांद लगा दिया। मुस्लिम बाहुल्य सीट कही जाने वाली मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा में 31 साल बाद कमल खिला है। कुंदरकी विधानसभा उपनिर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान को 143192 मतों से हरा दिया। भाजपा के रामवीर को 168526 मत मिले। वहीं सपा के मो. रिजवान को महज 25334 मत प्राप्त हुए। कुंदरकी में वर्ष 1993 में रामलहर में पहली बार कमल खिला था। इसके बाद किसी भी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी जीत दर्ज नहीं करा पाए। कुंदरकी विधानसभा में भाजपा, सपा, बसपा समेत 12 उम्मीदवार अपना भाग्य अजमा रहे थे। जानकारों के मुताबिक कुंदरकी सीट पर 60 प्रतिशत मुस्लिम और 35 प्रतिशत से अधिक हिंदू मतदाता हैं।

शनिवार को कुंदरकी विधानसभा उपनिर्वाचन की मतगणना लाइनपार स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की मतगणना प्रारंभ हुई। इसके बाद 14 टेबिल पर ईवीएम से मतों की गिनती शुरू हुई। पहले ही राउंड से भाजपा उम्मीदवीर रामवीर सिंह ठाकुर ने लीड बना ली थी जो अंतिम राउंड तक कायम रही। कुंदरकी विधानसभा उपनिर्वाचन में कुल 31वें राउंड की मतगणना बाद भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर को 168526, सपा के मोहम्मद रिजवान 25334, बसपा के रफितुल्लाह 1089, आजाद समाज पार्टी के चांद बाबू 14142, एआईएमआईएम मोहम्मद वारिस 7973, सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी साजेब को 99 के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों में मसरूर को 140, मोहम्मद उवैस पुत्र रिजवान 118, मोहम्मद उवैस पुत्र हनीफ 259, रिजवान अली 482, रिजवान हुसैन 754, शौकीन को 291और नोटा को 576 को वोट मिले। वर्ष 1993 में रामलहर में पहली बार कमल खिला था। भाजपा प्रत्याशी के रूप में चंद्रविजय सिंह उर्फ बेबी राजा ने राममंदिर आंदोलन की लहर का फायदा उठाकर 73083 वोट हासिल कर विधायकी का ताज अपने सिर पर सजाया। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे जनता दल के अकबर हुसैन को 49795 वोट मिले थे।

कुंदरकी विधानसभा वर्ष 2022 में वरिष्ठ सांसद रहे डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के पौते जियाउर्रहमान बर्क भी सपा से ही चुनाव जीते थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने जियाउर्रहमान बर्क को संभल लोकसभा से प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा और वह चुनाव जीत गए। इसके बाद जियाउर्रहमान बर्क ने कुंदरकी विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। इसीलिए कुंदरकी विधानसभा में उपचुनाव हुआ। कुंदरकी विधानसभा उपनिर्वाचन में जीत दर्ज करने वाले भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर का यह चौथा विधानसभा चुनाव है। रामवीर सिंह इससे पहले वर्ष 2007 में मुरादाबाद देहात विधानसभा से और वर्ष 2012 व 2017 में कुंदरकी विधानसभा से भाजपा के सिम्मबल पर चुनाव लड़े थे। इन तीनों चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। जीत के बाद रामवीर सिंह ने कहा कि रिजवान और उनके परिवार के आतंक से लोग परेशान थे। मुस्लिम परिवार भी उनसे उब चुके थे। उन्हें भी प्रताड़ित किया जा रहा था।विधायक रहते हुए रिजवान ने मुस्लिमों की जमीनें कब्जाईं और झूठे मुकदमें दर्ज करवाए।

# गैस एजेंसी को चोरों ने बनाया निशाना 29 सिलेंडर पर किया हाथ साफ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराग। परिक्षेत्र थाना कौंधियारा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं आम बात हो गई है। बीते कुछ महीनों से हर दूसरे दिन चोर किसी न किसी के घर को अपना निशाना बनाते हैं।लेकिन गुरुवार को चोरों ने बेनीपुर गाँव के एजेंसी में ही हाथ साफ कर डाला। थाने मे तहरीर के माध्यम से एजेंसी इंचार्ज राजेश सोनकर ने बताया कि चोरी वाली रात गोदाम के पिछले हिस्से से कूदकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। अगले दिन सुबह जब गोदाम खोला गया तो दरवाजे खुले पाए गए। गोदाम से 29 सिलेंडर गायब मिले। गोदाम इंचार्ज राजेश सोनकर ने घटना के संबंध में थाने में लिखित शिकायती पत्र दिया। पुलिस तहरीर मिलने के 48 घंटे बाद गैस गोदाम पहुचीं। और कारवाही की।ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस रात में गश्त कर रही होती तो ऐसी नौबत नहीं आती।

# जर्मनी सीख वैश्विक रोजगार की ओर बढ़ाया कदम, फ़ेयरस्ट्रीट ने किया नर्सिंग प्रतिभाओं का सम्मान

❒ फ़ेयरस्ट्रीट वर्तमान में स्नातक नर्सों को जर्मनी में काम करने का अवसर प्रदान कर उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा का मार्ग प्रशस्त कर रहा है – प्रबंध निदेशक वत्सल बोरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। जर्मन भाषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ अपने वैश्विक करियर की ओर पहला कदम बढ़ाने वाले छात्र-छात्राओं का शनिवार को अभिनन्दन किया गया। बोरा ग्रुप की इकाई फ़ेयर स्ट्रीट इंडिया की ओर से बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज के सुशीला बोरा प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में एरा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अब्बास मेंहदी और हिन्द मेडिकल कालेज की चेयरपर्सन डा. ऋचा मिश्रा बतौर अतिथि मौजूद रही।

अध्यक्षता लखनऊ उत्तर के विधायक एवं बोरा ग्रुप के चेयरमैन डा. नीरज बोरा ने की। फ़ेयरस्ट्रीट इंडिया के प्रबंध निदेशक वत्सल बोरा ने आयोजन की प्रस्तावना रखी और कहा कि फ़ेयरस्ट्रीट वर्तमान में स्नातक नर्सों को जर्मनी में काम करने का अवसर प्रदान कर उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

इसके लिए जर्मन भाषा सिखाने से लेकर उन्हें विदेश में सेवायोजित कराने तक का कार्य किया जा रहा है। वहीं इस मौके पर अब्बास मेंहदी ने कहा कि विदेशों में रोजगार की अपार संभावनाओं के बीच सबसे बड़ी चुनौती भाषा और सही मार्गदर्शन की होती है।

इस दिशा में फ़ेयरस्ट्रीट का कार्य सराहनीय है। हिन्द मेडिकल कालेज की चेयरपर्सन डा. ऋचा मिश्रा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में भारत की प्रगति ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। हमारे चिकित्सा स्नातक और नर्सिंग प्रशिक्षितों को सेवा क्षेत्र में बेहतर विकल्प देने के प्रयासों की जितनी सराहना की जाए कम है। वहीं विधायक डा. नीरज बोरा ने समकालीन वैश्विक परिदृश्य और भारत की भूमिका पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में जर्मन भाषा सीखने वाले नर्सिंग छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

वहीं छात्रों ने धाराप्रवाह जर्मन में अपनी बात रखी। फ़ेयरस्ट्रीट के बिजनेस हेड सौरभ पांडेय ने उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी साझा की।

तो वहीं बोरा ग्रुप के निदेशक सुधांशु मिश्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एमएस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, डेज़ी नर्सिंग कॉलेज, समर्पण कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बंसल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधियों के साथ ही बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज की प्राचार्य प्रो. शीला तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# दूसरे की पीड़ा को मुखरित करना एक संत पत्रकार का काम है: देवी प्रसाद गुप्ता

❒ ग्रामीण क्षेत्रों की चुनौतियां नहीं बदली पत्रकारों के लिए जोखिम भरा है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (लखनऊ मंडल) की समन्वय बैठक शनिवार को शारदा इंस्टीट्यूट सभागार में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए परस्पर समन्वय स्थापित करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि समन्वय के पांच सूत्र सत्य, सेवा,संयम,सह अस्तित्व सहकार पर अमल करें। उन्होंने बताया कि जो संगठन बूथ तक है, वह ज्यादा ताकतवर है कहा कि हमने पत्रकार की भरपूर सहायता की। पीड़ा का अयाची साझीदार पत्रकार है , दूसरे की पीड़ा को मुखरित करना एक संत का काम है। जहाँ सत्य की रक्षा होगी, वहीं हमारी कलम चलेगी। झूठ से तालमेल हमारा कभी हो नहीं सकता बताया कि चरित्र के संकट को साहित्य दूर कर सकता है। कहा कि नरेंद्र मोहन, कुलदीप नैयर, अरुण शौरी, राम नाथ गोयंका ने आपातकाल में बड़ा योगदान किया। भारत का चित्र और चरित्र ठीक करने के लिए यत्न करना है। गांव बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा। बैठक में विशिष्ट अतिथि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश) के प्रांतीय महासचिव डॉ. कृष्ण गोपाल गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता की डगर मुश्किलों से भरी है। ग्रामीण क्षेत्रों की चुनौतियां नहीं बदली , जोखिम भरा है , स्थाई समिति की बैठक में जिले का प्रतिनिधि उपस्थित रहता है। प्राध्यापक विवेक मिश्र ने कहा ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौतियां बहुत हैं। साहस और फॉलो अप बहुत जरूरी है। पत्रकारिता आपको ज़ीरो से हीरो बना देती है। पत्रकार को गुट बाजी से बचना चाहिए। संघे शक्ति कलौ युगे। कलयुग में संगठन ही शक्ति है। प्रवक्ता अम्बरीष कुमार सक्सेना ने पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं व जिला पत्रकार स्थाई समितियों के गठन के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता से ही देश और समाज का कल्याण किया जा सकता है। बैठक में लखनऊ मंडल के जिला अध्यक्षों ने संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए आगामी योजनाओं पर विचार विमर्श किया। बैठक का संचालन करते हुए लखनऊ मंडल के अध्यक्ष व एसोसिएशन के कर्नाटक प्रभारी, अतुल कपूर ने कहा कि संस्थापक स्व0 बाबू बालेश्वर लाल जी ने 8 अगस्त 1982 को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की नींव रखी थी , हमारा संगठन पत्रकारिता को एक पवित्र धागे से से बाधने का कार्य लगातार करने में हमेशा प्रयासरत रहा है , जिला महामंत्री आर एल पांडेय ने आये हुए सभी अभ्यागतों, पत्रकारों एवं प्रशिक्षार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# यूपी 112 मुख्यालय में आयोजित हुई व्यापारी संगोष्ठी, एडीजी मीरा रावत ने व्यापारियों से किया संवाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शनिवार को एक पहल के तहत शहीद पथ स्थित यूपी-112 मुख्यालय ऑडिटोरियम में व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन लखनऊ व्यापार मण्डल के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें एडीजी मीरा रावत ने डायल 112 के बारे में विस्तृत जानकारी दी और व्यापारियों से सम्वाद किया। व्यापारियों ने डायल 112 से सम्बन्धित सवाल लिखाये जिनके जवाब डीआईजी शादाब राशिद खान, एस. पी.सिंह, एस.पी. विजय ढुल(आईपीएस) एडिश्नल एसपी दिनेश पुरी ने दिये। व्यापारियों की तरफ से मुख्य रूप से लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, स्वेता गोयल, राजीव अरोड़ा, डा. गिरीश युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता व अन्य व्यापारियों ने प्रश्न उठाये जिनका जवाब अधिकारियों के द्वारा दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# संत फ्रांसिस 57वें वार्षिकोत्सव में स्पोर्ट व पीटी डिस्प्ले का भव्य आयोजन

❒ नंन्हे – मुंन्हे बच्चो ने अपनी प्रतिभा से सबका मन मोह लिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां,लखनऊ। निगोहां कस्बे में स्थित संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज वार्षिकोत्सव मनाया गया इस अवसर पर पीटी एवं स्पोर्ट डिस्प्ले का आयोजन हुआ जिसमे कई कॉलेज के छात्र -छात्राओ ने हिस्सा लिया। जिसमें नर्सरी केजी के नंन्हे -मुंन्हे बच्चो से लेकर इण्टर तक के छात्र- छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से सबका मन मोह लिया साथ ही साथ वर्ष 2023-24 के हाईस्कूल और इण्टर के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। शनिवार को हुए इस कार्यक्रम में संत फ्रांसिस इण्टर कॉलेज के साथ निगोहां के सत्य नारायण तिवारी इण्टर कॉलेज, रघुनाथ खेड़ा का एस.बी.एन. इण्टर कॉलेज, मोहनलालगंज का संत पीटर्स इण्टर कॉलेज व संत जूड इण्टर कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने पीटी डिस्प्ले और स्पोर्ट अन्तर्विद्यालयी रिले रेस भी हुई।

वहीं रेस में छात्र और छात्रों में संत फ्रांसिस अव्वल रही जिन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्रबंधक फादर क्लिफोर्ड लोबो तथा प्रधानाचार्य फादर विजय क्रास्ता ने विद्यालय ध्वजारोहण कर के किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समस्त अभिभावक के साथ पूर्व छात्र अध्यापक समाजसेवी उपस्थित रहे।

# नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्कूल मे बाल मेला व कला विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के डिप्टीगंज (निलमथा) स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्कूल मे बाल मेला व कला विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन हुआ। जिसमे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आशुतोष वर्मा के मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

प्रदर्शनी मे बच्चो द्वारा अलग अलग विषयों जैसे कंप्यूटर मॉडल, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग मॉडल,, हमारा अवध मॉडल, नेवी मॉडल, डिफ्फरेंट् टाएप्स ऑफ लैंड मॉडल, जैसे अनेक मॉडल प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने इन बच्चों आदित्य कुमार, निर्भय कुमार शाह, चाहत भास्फ़ोर्, प्रिंस, अंश रावत, रानी अर्चिता कुमारी की कल्पनाशीलता, सृजन शीलता की जमकर प्रशंसा करते हुए विद्यालय मे कार्यरत सभी शिक्षक शिक्षिकायों को सफलतम कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उमा शंकर चौधरी पटेल, विद्यालय के संस्थापक प्रयाग नारायण चौधरी ने आये हुए अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्रवण कुमार चौधरी एवं प्रधानाचार्य मीरा चौधरी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्रजेश सिंह, राम जी चौधरी, गौतम वर्मा, बलदेव वर्मा, ज्ञान सिंह सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित जन विद्यालय मे अध्ययन करने वाले तमाम बच्चे उपस्थित रहे।

# आप शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने शैलेंद्र सिंह राठौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार के क्रम में प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह की स्वीकृति के बाद शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी। जिसमें शैलेंद्र सिंह राठौर प्रदेश महासचिव, वैभव जायसवाल प्रदेश कोषाध्यक्ष, शैलेंद्र कुमार पांडेय प्रदेश उपाध्यक्ष, अमिताभ जायसवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार शर्मा प्रदेश सचिव, दिनेश सिंह, वंदना भारद्वाज, डॉ प्रवीण कुमार, प्रेमचंद प्रदेश सचिव और मनीष कुमार पुरोहित,आशीष भाटिया, विनोद पाल, आबिद अली फिरदौसी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया । प्रदेश महासचिव शैलेंद्र सिंह राठौर पूर्व में पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट लखनऊ के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। शैलेंद्र सिंह राठौर ने लखनऊ के चर्चित कॉलेज कॉल्विन ताल्लुकेदार इंटर कॉलेज की यूपी बोर्ड शाखा बंद होने पर 22 शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवा बर्खास्तगी के विरुद्ध बड़ा आंदोलन खड़ा किया और सर्वोच्चय न्यायालय में लड़ाई लड़कर विद्यालय को पुनः स्थापित कर शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवा बहाली और उन्हें राजकोष से वेतन दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने अपने संघर्ष के दौरान कई बार सेवा बर्खास्तगी और निलंबन का सामना किया।

## आप ने घोषित की अयोध्या प्रांत कार्यकारिणी

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार के क्रम में प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह की स्वीकृति के बाद अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने शनिवार को प्रांत कार्यकारिणी घोषित कर दी। जिसमें अतुल सिंह को महासचिव, नूर सिद्दीकी को प्रांत उपाध्यक्ष, संजीव निगम को प्रांत उपाध्यक्ष, दीपक पटेल को प्रांत उपाध्यक्ष, तुषार श्रीवास्तव को प्रांत उपाध्यक्ष, शदाब रायीन को प्रांत उपाध्यक्ष, नोमान अहमद को प्रांत उपाध्यक्ष, राजेंद्र राजश्री को प्रांत उपाध्यक्ष, रामप्रासाद प्रेमिल को कोषाध्यक्ष, भारत राज योगी को प्रांत सचिव, बेटालाल दिवाकर को प्रांत सचिव, मनोज मिश्रा को प्रांत सचिव, ?प्रदीप वर्मा को प्रांत सदस्य और आदर्श श्रीवास्तव को प्रांत सदस्य मनोनीत किया गया। प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

## आंबेडकर प्रतिमा की अलग कर दी गई गर्दन

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज में सुल्तानपुर मार्ग के किनारे खड़ी अंबेडकर प्रतिमा की गर्दन धड़ से अलग कर दिए जाने की बात कही जा रही है।मामला पुलिस के संज्ञान में आते ही प्रशिक्षु ए सी पी ऋषभ यादव ने मौके पर पहुंचकर उसी समय मूर्ति की गर्दन पूर्ववत बनवा दिया।उसी समय घटना-स्थल के आसपास रहने वाले लोगों रामनरेश , अखिलेश गौतम, राजेश कुमार,व प्रभात यादव की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें अज्ञात लोगों द्वारा अंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की बात कही गई है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पुलिस की ओर से अंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वालों की तलाश करके , कार्यवाही किए जाने की बात कही गई।

# दुबग्गा में चोरों ने दिया पुलिस को बड़ी चुनौती नगदी समेत कीमती जेवरों पर हाथ साफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा । कोतवाली क्षेत्र शनिवार रात को दुबग्गा के हसन खेड़ा मल्हा गांव में चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित नवनीत कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे, तभी चोरों ने उनके घर में घुसकर सोने-चांदी के कई बहुमूल्य जेवरात, झुमके और करीब 52,000 रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने यह भी बताया कि चोरी का कुल नुकसान लगभग तीन लाख रुपये के आसपास हुआ है।

वारदात के बाद, पीड़ित नवनीत कुमार ने बताया कि चोरों की गतिविधियों का सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हो गया है। जिसमें कुछ संदिग्ध लोग चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इस फुटेज के बावजूद पुलिस अभी तक किसी संदिग्ध को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष और भय का माहौल बन गया है। दुबग्गा पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठ रहे हैं। चोर रात के अंधेरे में पूरी आसानी से फरार हो गए। जबकि पुलिस की गश्त की स्थिति को लेकर स्थानीय लोग चिंतित हैं।

## एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिया पीजी कॉलेज के विधिक सहायता केंद्र(लीगल एड क्लिनिक) द्वारा सेंट मैरी इंटर कॉलेज में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लीगल एड क्लिनिक के उप निदेशक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने किया।

## महापौर सहित अधिकारी, कर्मचारी पत्रकारों ने देखी फ़िल्म

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को गोमती नगर सिनेपॉलिस माल में सुबह 11 बजे महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल व तमाम पार्षद तथा नगर निगम के तमाम अधिकारी व कर्मचारी और पत्रकार फीचर फिल्म ल्द साबरमती रिपोर्टल्न देखने पहुंचे। महापौर द्वारा आयोजित किए गए इस फिल्म प्रदर्शन का सभी तरह का खर्चा स्वयं वहन किया गया था। फिल्म के प्रदर्शन में हॉल की सभी सीटे भरी रही। हॉल में उपस्थित समस्त पार्षद, अधिकारी, कर्मचारियों व पत्रकारो द्वारा फिल्म को पूरे दिलचस्पी के साथ के देखा गया।

## बिजली विभाग की कड़ी कार्यवाही में 17 बिजली चोरी पकड़ी गयीं

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजली विभाग लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल के आदेश पर लगातार बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से अधिशाषी अभियंताओं द्वारा अपने अपने क्षेत्र मे मॉर्निंग रेड अभियान चलाये जा रहे हैं। शनिवार को भी राजाजीपुरम डिविजन, ऐशबाग डिविजन, अपट्रान डिविजन, चौक डिविजन व ठाकुरगंज डिवीजन में बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य चेकिंग अभियान चलाया गया। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया की राजाजीपुरम ओल्ड उपकेंद्र के फीडर आरडीएसओ के क्षेत्र कर्बला में चेकिंग अभियान के दौरान बिजली चोरी में एक उपभोक्ता के खिलाफ एफआईआर व ऐशबाग़ उपकेंद्र के फीडर विक्टोरिया 2 के क्षेत्र भदेंवां में चेकिंग अभियान के दौरान बिजली चोरी में दो उपभोक्ता के खिलाफ एफआईआर तथा अपट्रान के न्यू नूरबाड़ी उपकेंद्र के फीडर वज़ीरबाग, नजफ़, खारियारी, काली जी के क्षेत्र नेवाती टोला, झरियांन तालाब, सआदतगंज में चेकिंग अभियान के दौरान बिजली चोरी में 6 उपभोक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है, साथ ही चौक डिवीज़न के महताब बाग़ उपकेंद्र के फीडर नेपीयार रोड के क्षेत्र नेपीयार रोड में चेकिंग अभियान के दौरान बिजली चोरी में तीन उपभोक्ता के खिलाफ एफआईआर तथा ठाकुरगंज डिविजन के गऊघाट उपकेंद्र के फीडर नेपीयर पार्ट 1 के क्षेत्र जीएलएमरोड, मलाई टोला में चले चेकिंग अभियान में बिजली चोरी में पांच उपभोक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गयी है। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया की उपभोक्ताओं को बिना बाधा निरंतर बिजली सप्लाई करने के उद्देश्य समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाए जाते हैं जोकि आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा।

## छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा पर दी गई जानकारी

**नगराम , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम के करोरा स्थित अभिनव विद्यालय में केन्द्र पुरोनिधानित योजना के अंतर्गत शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया , जिसके अंतर्गत संचालित व्यावसायिक शिक्षा ''सिक्योरिटी'' के तहत जानकारी दी गई जिसके व्याख्याता सूर्यकांत बाजपेई रहे उन्होंने विद्यालय के कक्षा 9 के पंजीकृत छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा पर विस्तार से बताया , चर्चा के दौरान किस प्रकार से रोजगार मिलने का अवसर होगा , कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिनव विद्यालय करोरा के प्रधानाचार्य बृजेश सिंह 'परिहार'' ने किया । इस मौके पर जिला समन्वयक मोहम्मद इमरान खान व व्यवसायिक प्रशिक्षक राहुल यादव समेत समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## अभिनव विद्यालय करोरा में छात्र-छात्राओं से शारीरिक शिक्षा पर हुई चर्चा

**नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को करोरा स्थित अभिनव विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें छात्रों को शारीरिक शिक्षा पर विशेष व्याख्यान कक्षा 9 के छात्राओं को स्किल ट्री कंसर्टिंग के द्वारा शिक्षक अपेक्षा नेतृत्व में शारीरिक शिक्षा की जानकारी दी गई , स्किल ट्री कंसर्टिंग लिमिटेड राज्य समन्वयक कासान अहमद के निर्देशानुसार शिक्षक अपेक्षा के सभी छात्र-छात्राओं को शारीरिक शिक्षा के बारे में सूर्यकांत वाजपेई के द्वारा समस्त शारीरिक शिक्षा की जानकारी प्रदान की गई , इस जानकारी के अनुसार इसमें रोजगार प्राप्त करने के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं । कार्यक्रम में प्रधानाचार्य बृजेश सिंह''परिहार''की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान शारीरिक प्रशिक्षक योगेश वर्मा समेत अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे ।

# उम्मीदों के गीतकार शैलेन्द्र किताब की प्री-बुकिंग शुरू

❒ राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित हुई है 'उम्मीदों के गीतकार शैलेन्द्र'

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। गीतकार-कवि शैलेन्द्र के गीतों पर केन्द्रित किताब 'उम्मीदों के गीतकार शैलेन्द्र' की प्री-बुकिंग शुरू हो गई है। किताब का आवरण साहित्य आजतक के कार्यक्रम में शनिवार को जारी किया गया। राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित इस किताब को विविध भारती मुम्बई के रेडियो उद्घोषक युनूस खान ने लिखा है। किताब की प्री-बुकिंग शुरू होने के मौके पर लेखक युनूस खान ने कहा कि वर्ष 2023-24 गीतकार शैलेन्द्र का जन्मशती वर्ष है। जाहिर है कि यह वो समय है जब हमें शैलेन्द्र के गीतों का विश्लेषण करना चाहिए और उन्हें उस मुकाम पर रखना चाहिए जिसके वो सही मायने में हकदार है। मैंने अपनी किताब में उनके गानों और फ़िल्मों में उनकी जगह का विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा, फ़िल्मी गानें हम सभी सुनते हैं लेकिन अक्सर हम उनकी गहराइयों से परिचित नहीं होते। हमें उनके बनने की कहानियाँ पता नहीं होतीं। 'उम्मीदों के गीतकार शैलेन्द्र' किताब में मैंने इस बात पर जोर दिया है कि शैलेन्द्र के लिखे गाने स्क्रिप्ट में और किरदारों के मद्देनज़र किस तरह से लिखे गए। मुझे उम्मीद है कि यह किताब पाठकों को बहुत पसन्द आएगी और उन्हें अपने पसंदीदा गीतकार को करीब देखने और समझने का मौका देगी।

# पूजा स्थल अधिनियम की रक्षा के लिए सभी सेकुलर दलों को आगे आना होगा : शाहनवाज़ आलम

❒ संभल जामा मस्जिद प्रकरण पर कांग्रेस मुख्यालय पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने कहा है कि कांग्रेस पूजा स्थल अधिनियम 1991 की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा इसे कमज़ोर करके देश भर में सांप्रदायिक तनाव पैदा करना चाहती है। सर्वोच्च न्यायपालिका की यह ज़िम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि निचली अदालतें इस क़ानून की अवमानना न करें। संभल कि जामा मस्जिद मामले में निचली अदालत का फैसला इस क़ानून की अवमानना है। उन्होंने सभी सेकुलर पार्टियों से इस क़ानून की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। ये बातें उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय पर अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा आयोजित 'पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना पर सुप्रीम कोर्ट की चुप्पी' विषय पर आयोजित गोष्ठी में कहीं। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ मसूद अहमद ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम 1991 को तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार ने संसद में पास किया था। इस क़ानून के कारण ही देश में बाबरी मस्जिद - राम जन्म भूमि जैसा कोई दूसरा विवाद नहीं हो पाया। अब भाजपा इस क़ानून को कमज़ोर करके देश में हिंसा का नया चक्र शुरू करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस पूजा स्थल अधिनियम को कमज़ोर नहीं होने देगी। जन व्यथा निवारण प्रकोष्ठ के प्रभारी संजय शर्मा ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम स्पष्ट तौर पर कहता है कि 15 अगस्त 1947 के दिन तक धार्मिक स्थलों का जो भी चरित्र था वो यथावत बना रहेगा। उसमें किसी बदलाव की मांग वाली कोई याचिका किसी कोर्ट में स्वीकार नहीं हो सकती। ऐसे में संभल जामा मस्जिद पर कोर्ट का फैसला क़ानून सम्मत नहीं है। बैठक में अरशद आज़मी, बाराबंकी ज़िला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नावेद नक़वी, अख्तर मलिक, शाहनवाज खान, चौधरी सलमान क़ादिर, शमशुल हसन उमरा, जुबैर खान, नसीम खान, अनीस रज़ा खान, मोहम्मद सलीम खान, मोहम्मद उमैर, काशिफ, मोहम्मद शावेज, शमशेर अली, डॉ इमरान शेख़ आदि मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव व उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा को मिले जनादेश पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा महाराष्ट्र के विधानसभा के चुनाव व उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में प्रचंड विजय प्राप्त करने पर देशभर में भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में सीतापुर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष द्वारा जीत का उत्साह मनाया गया इस अवसर पर मिश्रिख सांसद अशोक रावत,सदस्य विधान परिषद एवं सभापति वित्तीय प्रशासकीय विलंब समिति पवन सिंह चौहान, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा,विधायक सेवता ज्ञान तिवारी विधायक मिश्रिख राम किशन भार्गव, विधायक महमूदाबाद आशा मौर्य महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी ने पार्टी को महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश में मिले अपार जन समर्थन के लिए जहां जनता का आभार जताया वहीं पार्टी के नेतृत्व की कार्य कुशलता की सराहना भी की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का विजय रथ निरंतर जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा है इस रथ पर जहां हम सबके नेता व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री कृष्ण के रूप में भारतीय जनता पार्टी के अर्जुन रूपी अशंखय कार्यकर्ताओं को धर्म युद्ध के विजय का मार्ग बता रहे हैं और फलस्वरूप पार्टी धर्म युद्ध में विजय हासिल करती जा रही है। बात अगर उत्तर प्रदेश की की जाए तो हमारे शिव भक्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रताप से हम उन सीटों पर भी विजय हासिल करते जा रहे हैं जहां विपक्ष अपना पुश्तैनी हक जताता रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अब संपूर्ण भारत में सनातन धर्म ,गौ ,गांव गंगा के हित के लिए कार्य कर रही है और साथ ही 130 करोड़ देशवासियों के उन्नत के लिए विकास मार्ग तैयार कर रही है अब कोई नकारात्मक शक्ति भारतीय जनता पार्टी का मार्ग नहीं रोक सकती उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि जहां उपचुनाव में हमें जनता का अपार समर्थन मिला है इससे सिद्ध होता है कि हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के धार्मिक हाथों पर जनता जनार्दन का कितना विश्वास है और स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि 2027 में उत्तर प्रदेश एक ऐसा इतिहास रच कर भाजपा की सरकार बनाएगा। जिस पर समस्त देश मैं राजनीतिक विजय का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर आतिशबाजी की गई एवं उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं व समर्थकों को मिठाई खिलाकर भाजपा की विजय की बधाई दी गई। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी राकेशसिंह जिला उपाध्यक्ष (सह चुनाव प्रभारी) सुधाकर शुक्ला, संजय मिश्रा रोहित सिंह रमेश भार्गव दीपू उदित बाजपेई जया सिंह संदीप अवस्थी अमित दीछीत सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# पत्रकार प्रेस एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी ने दिव्यांग पत्रकार बिन्दू मौर्या को न्याय दिलाने के लिए लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पत्रकार प्रेस एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिव्यांग पत्रकार बिन्दू मौर्या की विगत 8 नवंबर 2024 को उनकी माता शान्ती देवी का अचानक स्वास्थ्य खराब हुआ उनका उपचार दिलाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद ले गए वहां मौके पर चिकित्सक स्टाफ उपलब्ध नही मिला । इंतजार के बाद एंबुलेंस से शांति देवी को जिला अस्पताल में ले कर पहुंचे अस्पताल में स्ट्रेचर के लिए काफी देर भटकना पड़ा इसी बीच में शांति देवी ने दम तोड़ दिया जिस पर परिवारजन रोने बिलखने लगे । आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने भीड़ देख दिव्यांग पत्रकार बिन्दू मौर्या व उनके परिवार की पिटाई शुरू कर दिया ।

मौजूद कोतवाल अनूप शुक्ल द्वारा इस तरह के कृत्य चौथे स्तंभ पर प्रहार है जो कि घोर निन्दनीय है घटना में शामिल उपरोक्त कोतवाल व पुलिस प्रशासन द्वारा की गई मारपीट के घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर कोतवाल व घटना में शामिल पुलिसकर्मियों को निलंबित करते हुए विधिक कार्यवाही कराया जाए ।

पत्रकार प्रेस एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने मा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ ,पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश ,आईजी रेंज लखनऊ को पत्र भेजकर जांच कराकर कोतवाल पर कार्यवाही करने की मांग की है। यदि कार्यवाही व जांच में निष्पक्षता नहीं किया गया तो एसोसिएशन प्रजातांत्रिक तरीके से उपरोक्त प्रकरण को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में धरना प्रदर्शन आदि का कार्य करने के लिए बाध्य होगा ।

# एन0 के0 के0 सी0 टिकरा की राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद के नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय टिकरा, बिसवां, सीतापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) का एक दिवसीय शिविर का बहेरवा, बिसवां, सीतापुर में आयोजित हुआ। जो महाविद्यालय के निदेशक श्री सन्तोष वर्मा, उपाध्यक्ष श्री राकेश वर्मा, ओ0 एस0 डी0 श्री राहुल वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पुष्पेन्द्र सिंह, अंकित वर्मा, ओम प्रकाश, महक शुक्ला, वकार अहमद अंसारी, सत्य प्रकाश, शशी कान्त गुप्ता, सुधीर वर्मा एवं क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बच्चों ने चयनित गाँव बहेरवा में एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत पूरे गाँव में डोर टू डोर शैक्षिक सर्वे व जनजागरण रैली निकाली। जिसे महाविद्यालय के निदेशक श्री सन्तोष वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एन.एस.एस. में स्वयंसेवकों को शिक्षा के माध्यम से समाज में अपने व्यक्तित्व विकास कैसे करें तथा व्यक्तित्व विकास के लिए एन0 एस0 एस0 की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए निदेशक श्री सन्तोष वर्मा कहा कि आज की युवा पीढ़ी में समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वाहन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों के लिए सहायक होगी ।

# इंडेंट जारी होने में देरी,क्रय केंद्रों से नहीं हो रहा गन्ना उठान

- तौल बंद होने से किसानों में आक्रोश
- उठान न होने पर सड़कों पर उड़ेलेंगे गन्ना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन सीतापुर । इन दिनों क्षेत्र के क्रय केंद्रों से गन्ने का उठान न होने के कारण एक तरफ जहां तौल कर्मचारी परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ क्षेत्रीय किसान गन्ने की तौल न होने से चीनी मिल प्रसाशन के खिलाफ काफी खफा हैं। यहां समय से गन्ने का उठान न होने के कारण केंद्र पर नियमित तौल नही हो रही है, जिसके चलते किसानों को भरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मीडिया से बातचीत में बताया कि नियमित तौल न होने के कारण किसानों का गन्ना खेतों में पड़ा है तथा समय पर तौल न होने से गेंहू की बुआई प्रभावित हो रही है। किसानों का यह भी आरोप है कि चीनी मिल के अधिकारी खासकर सीडीओ विनय अवस्थी अपनी मनमानी करने पर तुले हुए हैं, जिसके चलते उनकी कोई भी बात सुनी नहीं जा रही। दरअसल पूरा मामला चीनी मिल हरगांव समिति महमूदाबाद के गन्ना क्रय केंद्र सुमरावां(581) का है,जहां पिछले लगभग एक सप्ताह से गन्ना तौल व उसके उठान को लेकर हीला- हवाली देखने को मिल रही है। यहां गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों की गन्ना भरी ट्रॉली दर्जनों की संख्या में कई दिनों से खड़ी हुई हैं , जिनमें भरा गन्ना सूख रहा है। किसानों का कहना है कि चीनी मिल संबंधित अधिकारियों को कई बार सूचना देने के बावजूद भी मामला जैसे का तैसा बना हुआ है। किसानों- शियाराम पटेल,विनोद शुक्ला,रामेश्वर, रंगू, तेजपाल सिंह, संतोष शुक्ला, उमाशंकर शुक्ला, प्रेमसागर मिश्र आदि का आरोप है कि क्रय केंद्र से गन्ना उठान व इंडेंट जारी होने में अनियमितता को लेकर उन्होंने बारी-बारी से कई बार संबंधित अधिकारियों जैसे सीडीओ- विनय अवस्थी, एसीएम- नरेंद्र शर्मा, टीपू(ट्रांसपोर्टर गन्ना) समेत कई अन्य को भी सूचित किया परन्तु मामले को लेकर उन्होंने भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वही अधिकारियों द्वारा किसानों की बात न सुनी जाने के चलते उनमें आक्रोश है। किसानों की मिल अधिकारियों से मांग है कि गन्ना इंडेंट जारी करने में शीघ्रता करने के साथ ही क्रय केंद्रों पर जल्द से जल्द गन्ना उठान सुनिश्चित करवाया जाए, अन्यथा की स्थिति में किसान अपना गन्ना सड़कों पर उड़ेल कर आंदोलन का रास्ता चुनने के लिए बाध्य होंगे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत आयोजित विज्ञान क्विज व अन्य प्रतियोगिताओं में चयनित छात्रो को विज्ञान केंद्र लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर के निर्देश के क्रम में आज विकास खंड हरगांव के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को ब्लाक स्तर पर आयोजित विज्ञान क्विज व अन्य प्रतियोगिताओं में चयनित 100 छात्र /छात्राओं को आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण किए जाने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्या द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा भ्रमण के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश के साथ साथ यात्रा किट जिसमें जूट का बैग ,कैप, लंच पैकेट , पेन रजिस्टर, टीशर्ट प्रदान किया गया । बच्चों की जिज्ञासाओं के समुचित निराकरण हेतु उनके साथ विज्ञान / गणित के शिक्षक /शिक्षिकाओं की टीम को भी भेजा गया।एक्सपोजर विजिट में बच्चों ने विज्ञान के संबंध में अनेक गतिविधियों व प्रयोगों की जानकारी प्राप्त की। थ्री .डी फिल्म का लुफ्त उठाकर बच्चे बहुत ही रोमांचित नजर आए। इस दौरान जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा, रमाशंकर अवस्थी ,बलवीर सिंह,पंकज गिरी,सुजीत सचान , अवधेश कुमार जायसवाल,आनंद अवस्थी,मृदुल अग्निहोत्री , सुबोधमान , शैलेन्द्र राज, राजीव भार्गव,विभा मिश्रा, मोनी सिंह,रोशनी सिंह,आशा, प्रीती सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालत में छात्रा स्कूल के बाथरूम में पड़ी मिली बेहोश, अस्पताल में भर्ती

**हमीरपुर।** शनिवार को राठ नगर के एक विद्यालय में कक्षा छठवीं की छात्रा बाथरूम के पास बेहोशी हालत में मिलने से हड़कंप मच गया है। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी राठ ले गए। कोतवाली के रौरौ गांव निवासी पुष्पेन्द्र राजपूत ने बताया कि वह खेती किसानी करता है। उसकी पुत्री श्रद्धा (11) बचपन से ही अपने नाना नानी के यहां राठ नगर के पठानपुरा मोहल्ले में रह कर वहाँ स्थित एक विद्यालय में कक्षा छठवीं की छात्रा है। आज शनिवार को उसकी पुत्री विद्यालय गई थी। तभी उसकी नानी घर की चाबी देने उसके स्कूल गई तो श्रद्धा क्लास में न पाकर उसकी खोजबीन की। जिसे उन्होंने बाथरूम के पास बेहोशी हालत में पड़ा देख घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छात्रा के बयान दर्ज किए। छात्रा ने बताया कि वह बाथरूम के लिए जा रही थी। तभी वह बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद उसे कुछ पता नहीं चला है। राठ कोतवाली के अपराध निरीक्षक दिनेश पांडेय ने बताया कि दरोगा को मौके पर भेज छात्रा को इलाज के लिए सीएचसी राठ भेजा है।

## गुडविल सीरीज में चेयरमैन एकादश ने सीपी एकादश को हराया

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित गुडविल सीरीज के तहत आर्यनगर स्थित एक मैदान पर खेले गए मैच में केसीए चेयरमैन एकादश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीपी एकादश को 27 रनों से पराजित किया। केसीए चेयरमैन एकादश ने रात्रिकालीन मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बनाए। केसीए चेयरमैन की ओर से तेजस कनौडिया ने 58 रन, हसीन अहमद ने 43 रन, संजय कपूर ने 27 रन और राहुल सप्रू ने 20 रन बनाए। जबकि सीपी एकादश की ओर से गेंदबाजों ने एक-एक विकेट ही प्राप्त किए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए सीपी एकादश निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट पर केवल 150 रन ही बना सकी। सीपी एकादश की ओर से चैतन्य गहलौत ने 65 रन और अखिल कुमार (पुलिस आयुक्त) ने 60 रन नाबाद बनाए। केसीए एकादश की ओर से सौरभ गुप्ता ने 18 रन पर 2 विकेट लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीपी एकादश के चैतन्य गहलौत को बेस्ट बैटसमैन का खिताब दिया गया जबकि चेयरमैन एकादश के सौरभ गुप्ता को बेस्ट बॉलर चुना गया। इस मैच के लिए नए पुरस्कार का ऐलान फाइटर ऑफ द मैच के नाम से किया गया जिसको पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने अपने नाम किया।

## किसानों पर डंडे बरसाने वाला सिपाही लाइन हाजिर

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्रय-विक्रय केंद्र में खाद वितरण के दौरान किसानों को लाइन में खड़े होने को लेकर डंडे से मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सिपाही को शनिवार को लाइन हाजिर कर दिया गया। सुमेरपुर कस्बा स्थित क्रय-विक्रय केंद्र में खाद वितरण के दौरान किसानों द्वारा अव्यवस्था उत्पन्न की जा रही थी। जिसके चलते मौके पर तैनात सिपाही सौरभ कुमार ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए हल्का बल का प्रयोग किया। इस मामले को लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लिया। पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को संबंधित पुलिस कर्मी सौरभ कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया है।

# भाजपा की प्रचंड जीत, मोदी-योगी की लोकप्रियता का प्रमाण: प्रकाश पाल

एजेंसी



ढकानपुर। भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनावों में प्रचंड जीत हासिल की है। यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुशल नेतृत्व क्षमता, जनकल्याणकारी नीतियों और पार्टी के प्रति जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। यह बात शुक्रवार को मीडिया से भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। उन्होंने कहा कि सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव की समीक्षा करेंगे। उत्तर प्रदेश के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। भारतीय जनता पार्टी इस हार की गहन समीक्षा करेगी।हम हार के कारणों का विश्लेषण करेगे और इसे सुधारने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। हमारा उद्देश्य प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। श्री पाल ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के परिश्रम और संगठन की ताकत का परिणाम है। उन्होंने जनता को भी भाजपा पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। भविष्य में पार्टी की ओर से और अधिक मजबूती के साथ जनसेवा और विकास के कार्य किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता देश और प्रदेश की प्रगति के लिए समर्पित रहेगा। उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं सहयोगी दलों ने 9 में से 7 सीटें जीतकर यह बता दिया है कि आगे भी 2027 में विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन बहुमत से सरकार बनाएगी। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने दी है।

# विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्ध समिति एस0एम0सी0 का गठन 30 नवम्बर 2024 तक हो सुनिश्चित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के पत्र दिनांक 14 नवम्बर 2024 के निर्देशानुसार जनपद के गैर अनुदानित विद्यालयों को छोड़कर समस्त विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्ध समिति (एस0एम0सी0) का गठन दिनांक 30 नवम्बर 2024 तक सुनिश्चित किया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में समुदाय/अभिभावकों को जागरूक करने व विद्यालय प्रबन्ध समिति के गठन की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निम्नानुसार निर्देशों का अनुपालन करना है।

एस0एम0सी0 गठन से पूर्व विद्यालय स्तर पर रैलियों का आयोजन कर गठन की प्रक्रिया में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाये। विद्यालय स्तर पर एस0एम0सी0 गठन, कार्य व दायित्व आदि विषयों पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन सुनिश्चित किया जाये, तदोपरान्त प्रतियोगिता से प्राप्त अच्छे पोस्टरों को विद्यालय सेवित क्षेत्र में चस्पा करवाकर समुदाय व अभिभावकों को एस0एम0सी0 गठन के प्रति जागरूक व चेतित किया जाये।

इसके अतिरिक्त विकास खण्ड में कार्य कर रही स्वयं सेवी संस्थाओं से भी इस सम्बन्ध में सहयोग प्राप्त किया जाये। एस0एम0सी0 गठन के पूर्व उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील स्तर पर एक बैठक आयोजित की जाये। बैठक में मुख्य रूप से गठन की प्रक्रिया को पारदर्शी व प्रभावी बनाने पर चर्चा कर एस0एम0सी0 गठन की योजना का निर्धारण सुनिश्चित किया जाये।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई सम्पन्न

- निराश्रित गौवंशों के संरक्षण के लिये विशेष अभियान चलाते हुये उन्हें संरक्षित कराये जाने के दिये निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । मा0 सांसद सीतापुर राकेश राठौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक की सहअध्यक्षता मा0 सांसद धौरहरा आनंद भदौरिया एवं मा0 सांसद मिश्रिख अशोक रावत द्वारा की गयी। बैठक के दौरान विभागवार महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

निराश्रित गौवंशों के संरक्षण के लिये विशेष अभियान चलाते हुये उन्हें संरक्षित कराये जाने के निर्देश भी दिये गये। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यो को पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराये जाने के निर्देश मा0 सांसद सीतापुर ने दिये।

कौशल विकास मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये तथा प्रशिक्षित तथा सेवायोजित लाभार्थियों की सूची प्रस्तुत की जाये। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मा0 जनप्रतिनिधिगणों से प्रस्ताव प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का समय से निस्तारण करने के निर्देश देते हुये मा0 सांसद जी ने कहा कि पेंशन अन्तरण का कार्य समय से किया जाये। पेंशन योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाये जाने के दृष्टिगत विशेष शिविर आयोजन कराने तथा इसकी सूचना संबंधित जनप्रतिनिधिगणों को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी चिकित्सालयों में चिकित्सकों की उपस्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं की उपलब्धता शतप्रतिशत सुनिश्चित की जाये। जिला चिकित्सालय में आपातकालीन सेवाएं रात्रिकाल में भी पूर्णतया उपलब्ध रहें। बैठक के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु उनके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों को गोद लिया जायेगा। इसी प्रकार जनपद में स्थित विद्यालयों को भी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा गोद लेकर इनमें अवस्थापना सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सर्वे कराकर जर्जर विद्यालयों को चिन्हित करते हुये उनके ध्वस्तीकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

मा0 सांसद जी ने निर्देश दिये कि सड़कों से संबंधित जो भी कार्य हैं उनको मानक के अनुरूप एवं समयान्तर्गत पूर्ण किया जाये। जो भी पुल अधूरे हैं उनको भी ससमय पूर्ण किया जाये। प्रधानमंत्री आवास शहरी व ग्रामीण की समीक्षा करते हुये कहा कि पूर्ण पारदर्शिता के साथ पात्रों को ही आवास दिये जायें। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अभी तक किये गये कार्यों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि पाईप लाइन डालने के बाद खराब हुयी सड़कों का रिस्टोरेशन कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराया जाये।

अभी तक कराये गये रिस्टोरेशन कार्यों का विवरण उपलब्ध कराने तथा इसकी जांच कराये जाने के निर्देश भी दिये गये। जिन गांवों में जलापूर्ति की जा रही वहां सभी टोटियां ठीक प्रकार से लगायी जायें एवं इनकी नियमित जांच करायी जाये, जिससे पानी की अनावश्यक रूप से न बहे। धान एवं गन्ना क्रय केन्द्रों पर पूर्ण पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने, किसानों की सुविधा के दृष्टिगत समस्त आवश्यक प्रबंध किये जाने तथा क्रय केन्द्रों की नियमित जांच कराये जाने के निर्देश भी दिये गये। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खराब ट्रांसफार्मर समय से बदलवाये जायें तथा जिन स्थानों पर ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो रहे हैं, वहां विद्युत लोड का सर्वे कराया जाये। विद्युत के जर्जर तारों को बदलने का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराये जाने के निर्देश दिये। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों में बनाये गये सामुदायिक शौचालयों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर को दिये। मण्डी समितियों द्वारा बनायी गयी सड़कों को ठीक कराने के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान मा0 विधायक महमूदाबाद आशा मौर्य, मा0 विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, मा0 विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, मा0 विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, मा0 विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, मा0 विधायक लहरपुर अनिल वर्मा, एम0एल0सी0 पवन सिंह चौहान ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

# मझवां उपचुनाव : सुचिस्मिता मौर्या की जीत पर ब्राह्मणों का ऐतिहासिक संदर्भ

एजेंसी



मीरजापुर। मगध की धरती, जिसे आज मझवां क्षेत्र के नाम से जाना जाता है, ने एक बार फिर इतिहास और वर्तमान का संगम देखा है। मझवां विधानसभा उपचुनाव में सुचिस्मिता मौर्या की जीत ने न केवल राजनीतिक चर्चा को जन्म दिया, बल्कि ऐतिहासिक परंपराओं की भी याद दिलाई। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने इस मौके पर कहा कि मौर्य समाज और ब्राह्मणों का ऐतिहासिक संबंध प्राचीन काल से रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि मौर्य साम्राज्य के शासकों का राज्याभिषेक ब्राह्मणों द्वारा किया गया था, जो उस समय मगध (आज का बिहार) की महान परंपराओं का हिस्सा था। सुचिस्मिता मौर्या की जीत को इसी ऐतिहासिक संदर्भ में जोड़ते हुए, उन्होंने इसे मौर्य और ब्राह्मण समाज के बीच सद्भाव और सहयोग का प्रतीक बताया। इस चुनाव में सुचिस्मिता मौर्या की जीत को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों समीर दूबे, राजपति ओझा, प्रमोद कुमार दूसरे, डा. गणेश प्रसाद अवस्थी, विनय कुमार पांडेय आदि का कहना है कि उनकी जीत से विकास कार्यों को गति मिलेगी और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह जीत न केवल व्यक्तिगत राजनीति की, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता की भी जीत है। मझवां का यह चुनाव इतिहास, परंपरा और आधुनिक राजनीति के संगम का उदाहरण बन गया है।

# एसएमसी के अस्तित्व में आने के बाद प्राथमिक शिक्षा की दिशा व दशा को मिली है ऊंचाई : विधायक

- ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला
- एसएमसी (विद्यालय प्रबंध समिति) के सचिव, प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी व निकाय के सदस्य हुए प्रशिक्षित
- बीईओ डा. प्रभात चंद राय ने गोष्ठी के उद्देश्य पर डाला प्रकाश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर। दुदही के शिक्षक भवन परिसर में एसएमसी (विद्यालय प्रबंध समिति) के सचिव, प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी व निकाय के सदस्यों की ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इसमें एसएमसी सदस्यों, समुदाय, जनप्रतिनिधि व सरकार की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कर्त्तव्यों के प्रति प्रशिक्षित किया गया। शनिवार को संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते फाजिलनगर के विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि सरकार के सहयोग से जनप्रतिनिधियों ने कायाकल्प, स्मार्ट क्लास, शिक्षा के अनुकूल वातावरण तैयार कर प्राथमिक शिक्षा को ऊंचाई प्रदान की है।

साथ ही प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने अपनी प्रतिबद्धता से लोगों की पुरानी धारणा में सकारात्मक लाया है। एसएमसी के अस्तित्व में आने के बाद प्राथमिक शिक्षा की दशा और दिशा को ऊंचाई मिली है। विशिष्ट अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि लल्लन गोंड ने शिक्षा से 3 कोई धन नहीं है और इसका कोई मोल नहीं है।

आयोजक बीईओ डा. प्रभात चंद राय ने गोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके माध्यम से डीबीटी, निपुण भारत मिशन, आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर्स पर ग्राम प्रधानों स्थानीय प्राधिकारियों को विद्यालय के संतृप्तिकरण हेतु प्रेरित करना है। स्थानीय प्राधिकारी/ग्राम प्रधानों के माध्यम से अभिभावकों को एसएमसी, आउट आफ स्कूल बच्चों एवं बालिका शिक्षा आदि विषयों पर जागरुकता एवं प्रेरित करना महत्वपूर्ण होगा। एआरपी देवेंद्र पांडेय ने निपुण अभियान, एआरपी अनिल सिंह ने एसएमसी व एआरपी विनोद कुमार, बालकृष्ण ने अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षित किया। प्रधान जयप्रकाश यादव, मुन्ना प्रसाद, सुनील गुप्ता, अमर हिंदुस्तानी, हरिकेश तिवारी, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि मुमताज आलम, अतिथि जिपंस मुकेश गुप्ता, प्राशिसं के अध्यक्ष अरुणेंद्र कुमार राय आदि ने अपने अनुभव साझा किया। संचालन एआरपी रामेश्वर यादव ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों ने विभिन्न न्याय पंचायत के शिक्षकों द्वारा टीएलएम प्रदर्शनी अवलोकन किया।

धर्मपुर पर्वत के शिक्षक एजाज अहमद व नोडल बालकृष्ण द्वारा प्रस्तुत टीएलएम की सराहना की। इस दौरान प्राशिसं के उपाध्यक्ष अशोक यादव, मंत्री रामनिवास जायसवाल, जूशिसं के अध्यक्ष बांकेबिहारी लाल, मंत्री योगेंद्र शर्मा, विद्या सिंह, ओपी सिंह, मुनव्वर अली, अमित श्रीवास्तव, राजेश प्रसाद, व्यास मिश्र, विमलेश प्रताप सिंह, शिवशंकर तिवारी, रुबी गुप्ता, आरती गुप्ता, ममता गुप्ता, ज्ञानप्रकाश पांडेय, बसंत शर्मा, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण के लिए स्कूल की छात्राओं में साइकिल वितरित



- शिक्षा से होगा सुंदर समाज का निर्माणः शबनम खातून

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कुशीनगर। नपाप कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 20 शहीद भगत सिंह नगर (रामनगर सीकरी) स्थित किलकारी और एमएआई स्कूल परिसर में महिला सशक्तिकरण को लेकर जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया।

शुक्रवार की सायँ आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका शबनम खातून ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं के शिक्षित होने से देश व समाज के साथ ही शिक्षा, संस्कृति और सुंदर समाज का निर्माण होता है। इस मौके पर टूक लैम फट थिन बुद्धिस्ट ग्रुप वियतनाम के मिस ड्यु फूक ने कहा कि आम जरूरमंद का कल्याण करना ही मेरा संकल्प है। वह जब भी भारत आएंगी जरूरतमंदों की मदद करेंगी। उनके सहयोग से क्लास 5 व 6 की छः छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया। सभी का स्वागत प्रबन्धक जहिरुल हक सिद्दकी उर्फ पप्पू गुरु जी ने किया। संचालन सचिन सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक नीरज सिंह, अजित सिंह, श्रद्धा सिंह, गोंविन्द यादव, संध्या सिंह, कल्पना, बबिता शर्मा, पूनम प्रजापति, पूनम कुशवाहा सहित छात्र - छात्राएँ मौजद रहीं।

# चंद्रभानु के उदय प्रहार से जीता बीडीओ एकादश , श्रृंखला एक एक से बराबर

- पत्रकार संघ ने दिया 97 रनों का लक्ष्य , बीडीओ एकादश ने 4 विकेट खोकर बनाया , अनुज मिश्रा रहे मैन ऑफ द मैच
- दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री बैजनाथ रावत व अध्यक्ष नगर पंचायत आलोक तिवारी ने किया फीता काटकर किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





हैदरगढ़ बाराबंकी। विकास खंड एवं पत्रकार संघ के बीच खेले गए मैत्री मैच में विकास खंड ने पत्रकार संघ को 6 विकेट से हरा दिया इसके साथ ही दो मैचों की श्रृंखला एक एक से बराबर हो गई । आज पत्रकार संघ एवं विकास खंड के बीच हुई मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष श्री बैजनाथ रावत , अध्यक्ष नगर पंचायत आलोक तिवारी ने सयुक्त रूप से फीता काटकर किया । पत्रकार विकास तिवारी के आयोजन में संपन्न हुई क्रिकेट प्रतियोगिता में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे सहायक विकास अधिकारी कौशल कुमार ने बैजनाथ रावत , चेयरमैन आलोक तिवारी एवं प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया उसके बाद अतिथियों द्वारा खिलाड़ी की भूमिका में रहे पत्रकारों व पंचायत सचिवों से परिचय प्राप्त किया गया । क्रिकेट टूर्नामेंट में सचिव संवर्ग के कप्तान अजय यादव और पत्रकार संघ के कप्तान विकास तिवारी के मध्य टास हुआ टास जीतकर विकास तिवारी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया किंतु पहले ही ओवर में पत्रकार संघ को बड़ा झटका समद के रूप में लगा जो कि बिना खाता खोले वापस हो गए उसके बाद अंकित मिश्रा और शिवम अवस्थी के बीच 53 रनों की साझेदारी ने विकेट का दबाव कम किया किंतु अंकित के आउट होते ही विकेट पतन शुरू हुआ पूरी टीम 14◦4 ओवरों में मात्र 97 रन ही बना सकी उधर बैटिंग करने उतरी सचिव की टीम ने चंद्र भानु पाण्डेय उदय शुक्ला के महत्वपूर्ण साझेदारी ने 10 ओवरों में ही लक्ष्य को पार कर लिया । मैन ऑफ द मैच अनुज मिश्रा ने तीन विकेट लिए और 16 रन भी बनाए ।

विजेता टीम को चेयरमैन आलोक तिवारी ने सील्ड देकर सम्मानित किया इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता रवि शर्मा अखिलेश दूबे , दीपक राजपूत ,चंद्रेश कुमार , नवीन कुमार , विंदराज यादव , पंकज कुमार , उदय शुक्ला , शिव प्रताप मौर्य , आशु मौर्य , नृपेंद्र तिवारी , अनुज अवस्थी , आलोक कुमार सिंह राम जी , मुन्ना सिंह। शिवम अवस्थी द यूपी टीवी , शिवम अवस्थी ख़रसतिया , अंकित मिश्रा, शिवम तिवारी उत्तम आशीष अवस्थी प्रभाकर तिवारी , अमर सिंह राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता सौरभ मिश्रा,आदि मुख्य रूप से शामिल रहे । गौरतलब है कि इससे पूर्व पत्रकार संघ ने सचिव संवर्ग को एक मैच बड़े अंतर से हरा दिया था जिसके बाद पत्रकारों को मिली हार से श्रृंखला एक एक से बराबर हो गई ।

## दबंगों ने जलाई दुकान, नकदी समेत खाने-पीने की वस्तुएं जलीं

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सामने दबंगों ने एक गुमटी दुकान को जलाकर राख कर दिया। उसमें रखा नकदी समेत हजारों रुपये के सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सामने जासोपुर मोड पर राम सिंगार यादव के गुमटी में दुकान कर जनरल स्टोर से लेकर खाने-पीने के समान की दुकान संचालित कर रहे थे। शुक्रवार की रात करीब 12 बजे दुकान धु-धु कर जलने लगी। आसपास के लोगों की सूचना पर राम सिंगार वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पूर्वांचल विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी संतोष कुमार मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान पुलिस की सूचना पर फायर ब्रिगेड दमकल की गाड़ियां पहुंच गईं। लोगों ने जब तक उस पर पानी की बौछार करते तब तक गुमटी की दुकान जलकर राख हो गयी। दुकान मालिक राम सिंगार यादव के मुताबिक दुकान में 50 हजार नकदी और अन्य वस्तुएं जलकर राख हो गईं।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सहजौली चौराहे पर एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।बिक्टन मिश्रा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सोड़रा थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर घायल बाइक सवार रिश्तेदारी से अपने घर को लौट रहा था।अभी जैसे ही वह सहजौली चौराहे पर पहुंचा था कि अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी और घायल को उपचार के लिए एम्बुलेंस की सहायता से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

## बीईओ ने बंद कराया बिना मान्यता का विद्यालय



**पडरौना, कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पडरौना ब्लॉक के बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ब्लॉक में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों को बंद करने के लिए अभियान चला रहे हैं। इसी अभियान के तहत बीईओ ने बिना मान्यता के एक विद्यालय को बंद कराया। इससे अमान्य विद्यालयो में हड़कंप मच गया। बीईओ ने शनिवार कोजीडी एकेडमी बतरडेरा का औचक निरीक्षण किया । प्रबंधक से विद्यालय की मान्यता का कॉपी मांगने पर पता चला कि इस विद्यालय की मान्यता ही नहीं है जिस पर बीईओ ने तत्काल विद्यालय को बंद कराते हुए वहां नामांकित 210 बच्चों का नामांकन नजदीकी परिषद विद्यालय में करने के निर्देश दिए।बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि ब्लॉक में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों को बंद कराते हुए उनके खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## सामाजिक परिवर्तन के लिए पहले व्यक्ति परिवर्तन करने की जरूरतः गोविन्द नायक

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविन्द नायक ने शनिवार को राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान 'पंच परिवर्तन के वाहक युवा' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए पहले व्यक्ति परिवर्तन करने की जरूरत है। व्यक्ति परिवर्तन से ही हम राष्ट्र को विकसित करने के विचार को साकार कर सकते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन गोविन्द नायक ने कहा कि पंच परिवर्तन का पहला तत्व है सामाजिक समरसता। देश के सभी नागरिकों के लिए सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने की जरूरत है। आज हमारे देश में 1200 से भी ज्यादा बोली और भाषा अलग-अलग हिस्सों में बोली जाती है। अलग-अलग त्योहार मनाए जाते हैं। इतनी विविधता के बावजूद हमारे अंदर एकता का भाव है। उन्होंने कहा कि जो परंपराएं पुरानी हो चुकी हैं, जिनकी आज कोई जरूरत नहीं है।

# संगीत कमल संस्थान की कार्यशाला में गूंजीं ग्वालियर घराने की बंदिशें

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। राजधानी के युवा संगीत कलाकारों की प्रतिभा को निखारने में संलग्न संगीत कमल संस्थान द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीतापुर रोड स्थित सुषमा विहार कालोनी में स्थित संस्थान मुख्यालय परिसर में आयोजित इस संगीतमय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित संस्कार भारती,काशी प्रांत के अध्यक्ष दीपक शर्मा और पंडित जयंत खोत ने माता सरस्वती के पूजन उपरांत दीपज्योति प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आरंभ में संगीत कमल संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की शास्त्रीय प्रस्तुति दी गयी।इस दो दिवसीय संगीत कार्यशाला के पहले दिन ग्वालियर घराने के विद्वान कलाकार एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष पंडित जयंत खोत जी द्वारा राग भोपाली में तराना, अष्टपदी तथा राग यमन में टप ख्याल व द्रुत ख्याल का प्रशिक्षण प्रतिभागी छात्रों को दिया गया। संगीत कमल संस्थान के अध्यक्ष राहुल अवस्थी ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में सम्मिलित प्रतिभागियों को ग्वालियर घराने की बंदिशें ख्याल, टपख्याल, टप्पा एवं अष्टपदी गायन का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संगीत छात्रों को विशेष प्रशिक्षण देकर उनकी गायन और संगीत क्षमता को उच्च स्तर प्रदान करना बताया गया। कार्यक्रम में एसपी बबिता साहू, डॉ. बीजू भगवती, आशीष तिवारी,हर्षित मिश्रा एवं संस्थान की उपाध्यक्ष श्रीमती दीप्ति अवस्थी मौजूद रहीं। कार्यशाला में हारमोनियम पर श्रवण यादव, तबला पर डा हर्षित मिश्रा ने सफल संगत करके सभी अतिथियों को प्रभावित किया।कार्यशाला में संस्थान के विद्यार्थी अभिषेक त्रिपाठी, राहुल चौधरी, हर्षित मिश्रा, नेहा रावत व अक्षय अवस्थी ने भाग लिया।

# संवाद श्रृंखला-3 का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। प्रदेश के करोड़ों नागरिकों को यूपी 112 की विभिन्न सेवाओं के बारे में जागरूक करने के लिए 'एक पहल' अभियान के अंतर्गत 'संवाद श्रृंखला-3' का आयोजन शनिवार को हुआ। यूपी 112 मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों और विभिन्न व्यापार से जुड़े व्यापारियों एवं स्वयंसेवी संस्था, आरडब्ल्यूए, सुरक्षा एजेंसीज आदि के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजी 112 श्रीमती नीरा रावत ने नागरिकों से आह्वान किया कि अपने साथ साथ दूसरों की मदद के लिए आगे आएं और आपात सहायता के लिए यूपी 112 मिलाएं। सजग नागरिक, सुरक्षित प्रदेश कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोहिनी पाठक द्वारा 'एक पहल' के उद्देश्य को बताते हुए विभिन्न संगठनों व एसोसिएशन से आये हुए लगभग 400 पदाधिकारियों का स्वागत किया ᵯ 112 की सेवाओं से जागरूक करते हुए प्रदेश के विभिन्न संगठनों तक यह बात पहुंचाते हुए सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को 112 की सेवाओं से जागरूक करते हुए सजग शहरी बनाना है।

इस मौके पर व्यापारियों को बताया गया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कहीं भी कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे तो उसे अनदेखा न करें, इसकी जानकारी तत्काल यूपी 112 को दें। आप का एक छोटा सा प्रयास किसी बड़ी घटना को रोकने में सहायक होगा। यूपी 112 ऐसे जागरूक नागरिकों को समय समय पर सम्मानित भी करता है। समस्याएं अनेक, नंबर सिर्फ एक यूपी-112 पर कॉल कर के सिर्फ पुलिस सहायता ही नहीं बल्कि आग लगने, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा, ट्रेन में भी आपात स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकते है।

यूपी-112 का फायर, एम्बुलेंस, ट्ब्ट्क्ष् जीआरपी सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ एकीकरण के बाद नागरिकों के लिए मदद का दायरा और बढ़ गया है। इस अवसर पर व्यापारियों को लिंक योजना की भी जानकारी दी गई कि कैसे बड़े औद्योगिक संस्थान/कंपनियां लिंक योजना से जुड़कर आपात स्थिति मे सहायता प्राप्त कर सकते है। गोपनीय रहती है कॉलर की पहचान अपर पुलिस महानिदेशक यूपी 112 श्रीमती नीरा रावत ने बताया कि सहायता के लिए कॉल करने वाले नागरिक का नाम, पता, फोन नंबर सहित सभी जानकारी गुप्त रखी जाती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अपने साथ साथ दूसरों की मदद के लिए भी बेझिझक आगे आएं और यूपी 112 पर कॉल मिलाएं। गौरतलब है कि 'एक पहल' अभियान का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद में नागरिकों को यूपी 112 की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। संवाद श्रृंखला के इस कार्यक्रम में व्यापार मण्डल लखनऊ के अध्यक्ष श्री अमर नाथ मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री पवन मलोचा, व्यापार मण्डल के चेयरमैन श्री राजेन्द्र अग्रवाल एवं स्वयंसेवी संस्था, आरडब्ल्यूए, सुरक्षा एजेंसीज आदि के लगभग 400 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री शहाब रशीद खां, उपमहानिरीक्षक पुलिस दूरसंचार श्री सत्य प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि सोनकर, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय व अपर पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश पुरी उपस्थित रहें।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | FOODVAN-PFM |
| कार्य का विवरण | Creation, operation and maintenance of Food Van (Serving Customers 24X7) at Phaphamau railway station over Lucknow Division for a period of 5 years, as per site plan attached. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 20.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.12.24 at 10:00 Hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.12.24 at 10:30 Hrs |
| वेबसाईट विवरण जहा पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |
| विशेष नोट | In the above work license is responsible for arrangement of van (or similar) that to be converted into food van. Entire cost of procurement, conversion creation, operation and maintenance lie with the licensee to whom work is allotted. |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3616/24



**कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

पत्रांक संख्या-62/स्वा.अनु./न.पा.परि.सी./2024-2024 / दिनांक-23/नवम्बर,2024

**ई-निविदा शुद्धि-पत्र**

एतद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में परिषद निधि / रा0वि0आ0 कार्यालय पत्र संख्या 1114/npps/2024-25 date 21-11.2024 द्वारा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना के माध्यम से 01 कार्य अलाव हेतु सूखी जलौनी लकडी की आपूर्ति की निविदा आमंत्रित की गयी थी, जो दिनांक 23.11.2024 से दिनांक 29.11.2024 सायं 5.00 बजे तक प्राप्त कर दिनांक 30.11.2024 को प्रातः 11.00 बजे तकनीकी निविदा ऑन लाइन खोली जानी है, जोकि ऋटिवा ई-निविदा खोले जाने की दिनांक 29.11. 2024 अंकित हो गयी है, जिसे ई-निविदा खोले जाने की दिनांक 30.11.2024 मानी जायेगी।

अन्य शर्ते पूर्ववत रहेगी।

**अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1**
**नगर पालिका परिषद, सीतापुर।**


# मिशन ब्रेन अटैक का लखनऊ चैप्टर शुरू

- इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन ने स्ट्रोक मैनेजमेंट में स्वास्थ्य पेशेवरों को सशक्त बनाने की मुहिम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन (आईएसए) ने मिशन ब्रेन अटैक लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य स्ट्रोक की रोकथाम, तत्काल उपचार और पुनर्वास के मामलों में स्वास्थ्य पेशेवरों की जागरूकता, शिक्षा और प्रशिक्षण को पहले से बेहतर बनाना है। अभियान ईच वन टीच वन पूरे भारत में स्ट्रोक के मामलों में खतरनाक वृद्धि की तरफ इशारा करता है और साथ ही, देश भर में स्ट्रोक की देखभाल में सुधार के लिए विशेष प्रशिक्षण और संसाधनों की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है। स्ट्रोक देशभर में लोगों की मौत और विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है, जो सालाना लगभग 1.8 मिलियन लोगों को प्रभावित करता है। मृत्यु दर का दूसरा सबसे आम कारण और विकलांगता का तीसरा प्रमुख कारण होने के कारण, स्ट्रोक का देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। इसके बावजूद, स्ट्रोक के लक्षणों और समय पर इसका उपचार करने के बारे में जागरूकता का स्तर अभी बहुत कम है।

मिशन ब्रेन अटैक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को स्ट्रोक के लक्षणों को जल्दी पहचानने और रोगी के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी देखभाल प्रोटोकॉल लागू करने पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण देकर इस फासले को दूर करने का प्रयास करता है। स्ट्रोक के उपचार के लिए सबसे अच्छा समय 4 घंटे और 30 मिनट है। इस अवधि के दौरान समय पर चिकित्सा उपचार स्ट्रोक के प्रभाव को उलट सकता है। 'मिशन ब्रेन अटैक' पहल का उद्देश्य चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों को स्ट्रोक के लक्षणों को जल्दी पहचानने, प्रभावी उपचार प्रोटोकॉल लागू करने और स्ट्रोक का अनुभव करने वाले रोगियों के लिए व्यापक देखभाल प्रदान करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। कार्यक्रम में कार्यशालाएं, वेबिनार, वास्तविक समय की केस स्टडी और अत्याधुनिक ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच शामिल होगी।

इस तरह यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि भारत भर में स्वास्थ्य सेवा प्रदाता स्ट्रोक प्रबंधन में नवीनतम सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित हों। डॉ. निर्मल सूर्या, कंसल्टिंग न्यूरोफिजिशियन और आईएसए के अध्यक्ष ने कहा, ‡मिशन ब्रेन अटैक संबंधी पहल में कार्यशालाओं, वेबिनार, वास्तविक समय की केस स्टडी और ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच का एक व्यापक कार्यक्रम शामिल है। भारत में स्ट्रोक की बढ़ती घटनाओं के साथ, शीघ्र उपाय आवश्यक हैं। हमारा लक्ष्य ब्रेन स्ट्रोक के रोगियों के इलाज के लिए एक किफायती कैथेटर पेश करना है, जो ब्रेन स्ट्रोक से जुड़ी सर्जिकल लागत को काफी कम कर देगा। 'मिशन ब्रेन अटैक' के माध्यम से, हम स्वास्थ्य पेशेवरों को उन कौशलों से लैस कर रहे हैं जिनकी उन्हें ब्रेन अटैक होने पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने की आवश्यकता होती है। उनके द्वारा उठाए गए कदम रोगी की रिकवरी और उसके बचने की संभावनाओं को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

भारत की तरह लखनऊ में भी स्ट्रोक बहुत आम है। मेरे अस्पताल में, मैं हर दिन आपातकालीन स्थिति में 2-3 स्ट्रोक के मरीज़ों को देखता हूँ और ग्ध्क में लगभग 10 मरीज़ों को देखता हूँ, इसके अलावा, सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या ज़्यादा है। इससे पता चलता है कि भारत में स्ट्रोक का खतरा कितना ज़्यादा हैक्ष्, डॉ. ए.के. ठाकर ने कहा ।

स्ट्रोक के बारे में लोगों को शिक्षित और जागरूक करना स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए बहुत ज़रूरी है, ख़ास तौर पर भारत में, जहाँ स्ट्रोक का खतरा चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है। शोध बताते हैं कि स्ट्रोक से हर साल लाखों लोग प्रभावित होते हैं, जिनमें से लखनऊ में सबसे ज़्यादा मामले सामने आते हैं। वैश्विक थ्रोम्बोलिसिस दर लगभग 12-15% है, जबकि भारत में यह दर बहुत कम यानी लगभग 6-8% है। उत्तर प्रदेश में यह दर 0.5% है, जो जागरूकता की ज़रूरत पर ज़ोर देती है। मेदांता अस्पताल लखनऊ को स्ट्रोक की देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए अबू धाबी में वर्ल्ड स्ट्रोक कांग्रेस के दौरान वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गनाइज़ेशन और एंजेल्स इनिशिएटिव द्वारा डायमंड अवार्ड का दर्ज़ा दिया गया है। स्ट्रोक के लक्षणों की शुरुआती पहचान - यहां तक कि महत्वपूर्ण विंडो अवधि के भीतर भी - रिकवरी के परिणामों को काफी हद तक बेहतर बना सकती है। जन जागरूकता और समय पर रीवैस्कुलराइज़ेशन सहित प्रभावी उपचार से जीवन बचाया जा सकता है और स्ट्रोक के रोगियों की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है,'' डॉ. रितविज बिहारी ने कहा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | मॉडिफिकेशन ऑफ 30 लीटर ऑक्सिलरी टैंक माऊंटिंग ब्रैकेट फॉर आई०सी०एफ० ए०सी० कोचेस विथ एयर वेंट एंड ब्रेअथेर वाल्व, अलोंग विथ मॉडिफिकेशन ऑफ रेट्रो साइड फिलिंग अरेंजमेंट इन एल०एच०बी० कोचेस। | | |
| कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | | |
| अनुमानित लागत | ₹62,96,470.56 मात्र | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| बिड सिक्योरिटी | ₹1,25,900/- मात्र | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 04.12.2024 से 18.12.2024 समय 15:00 बजे तक | | |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/ HUF/ JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जाएगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | | | |

निविदा सूचना सं.: 2024-ए.एम.वी.-सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा-33
दिनांक: 22.11.2024 3612/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शराब के ठेके पर प्लास्टिक ग्लास की बिक्री पर रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिले में शराब की दुकानों पर सख्त अनुशासन लागू करने और अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने सभी शराब की दुकानों पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के ग्लासों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी है।यदि किसी दुकान पर इस नियम का उल्लंघन किया गया, तो संबंधित के खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा। सभी शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और रेट लिस्ट को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने यह भी सख्त हिदायत दी है कि दुकानों के बाहर या सड़कों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उपजिलाधिकारी और जिला आबकारी अधिकारी को इस संबंध में नियमित निरीक्षण और कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

अवैध शराब के खिलाफ सख्ती,

अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोकथाम के लिए आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीमों के गठन के निर्देश दिए गए हैं।विशेष ध्यान माझा क्षेत्र और छोटे बाजारों पर दिया जाएगा, जहां छापेमारी अभियान चलाकर संदिग्ध स्थानों की जांच की जाएगी। अक्टूबर माह में किए गए प्रवर्तन कार्य के तहत, 256.44 लीटर अवैध शराब और 18,900 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।विभिन्न थानों में 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। आबकारी विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर माह में मात्र 13 थानों में प्रवर्तन कार्य हुआ है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी थानों पर संयुक्त अभियान चलाकर अवैध शराब के खिलाफ व्यापक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### कानूनी कार्रवाई का प्रयास

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध शराब से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्यवाई करें, ताकि तस्करों और व्यापारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन का यह कदम जिले में अवैध शराब की समस्या को समाप्त करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# एकल अभियान सनातन समाज के लिए साबित हो रहा वरदानः लैंड पोर्ट निदेशक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज सभागार में शनिवार को एकल अभियान प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती वंदना एवं उपेक्षित दुर्गम एवं अशेवित क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने की प्रतिज्ञा के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में जनपद के सुदूर ग्रामीणांचल से आये आचार्य एवं प्रशिक्षकों को सम्बोधित करते हुए लैंड पोर्ट रुपईडीहा के निदेशक सुधीर शर्मा ने कहा कि एकल अभियान भारत के ग्रामीणांचल में रहने वाले सनातन समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है। अभियान से जुड़े सीमावर्ती स्वयंसेवक जनपद के दुर्गम एवं उपेक्षित क्षेत्रों में निःशुल्क प्रायः जन जन को शिक्षित करने का अभिनव प्रयास कर रहे है तथा उनमें राष्ट्रीय भावना की अलख जगा रहे है यह सराहनीय एवं अनुकरणीय है । विशिष्ट अतिथि संघ विचारक मिथिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि समाज मे विधर्मी एवं अराजक तत्व अपने नापाक हरकतों से समाज एवं देश को कमजोर करने में लगे हुए है जिन पर प्रभावी अंकुश के लिए एकल अभियान के माध्यम से समाज मे बहुमुखी कार्य खड़ा किया जा रहा है यह प्रसंशनीय है। अब आवश्यकता इस बात की है कि प्रगतिशील नागरिक स्वयं पहल कर एकल अभियान जो कि दैवीय कार्य कर रहा है से जुड़ कर समाज एवं देश के नव निर्माण में अपना प्रभावी भुमिका तय करे। संच प्रभारी शिक्षाविद बृज नरेश श्रीवास्तव ने कहा कि एकल अभियान के माध्यम से भारत नेपाल सीमावर्ती इलाकों में स्थित अशेवित क्षेत्रों में शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र प्रेम की अलख जगा रहा है लोगो को धर्म , समाज एवँ राष्ट्र द्रोही शक्तियों को बेनकाब एवं परास्त करने का कार्य कर रहा है। विद्यालय प्रबंधक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट अध्यक्ष महामना मालवीय मिशन ने एकल अभियान कार्यक्रम की सराहना करते हुए सीमावर्ती क्षेत्र में नशा मुक्त भय मुक्त बहुमुखी सनातन समाज बनाने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन अंचल प्रमुख राधेश्याम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संच प्रमुख अर्जुन प्रसाद अतिथि परिचय एवं अंग वस्त्रं संच प्रमुख राम रतन ने किया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंचल प्रक्षिक्षण प्रमुख संतोषी प्रसाद अंचल खेल प्रमुख कपिल देव संच प्रमुख राकेश, सुरेश कुमार, मोहन लाल, शिवराज, संच अध्यक्ष कल्लू सिंह, प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव, प्रवक्ता समाजसेवी डॉ पंकज श्रीवास्तव, शिक्षाविद सचिन श्रीवास्तव, शिक्षा शास्त्री राजीव श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश मिश्र, प्राचार्य शिव पूजन सिंह, समाजसेवी धीरेंद्र शर्मा समेत सैकड़ो आचार्य एवं आचार्या उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम समाज की भूमि को अवैध कब्जे दारों से कराया मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के निधिनगर ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ डीएम नेहा शर्मा ने सख्त कार्रवाई की।लंबे समय से रुके हुए आंगन बाड़ी केंद्र के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।पूरा मामला रुपईडीह की निधिनगर ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 081, रकबा 0.073 हेक्टेयर भूमि का है,जो कागजों में नवीन परती के रूप में दर्ज है।ग्राम प्रधान मालती देवी ने शिका यत दर्ज कराई थी कि झूरीकुइंया गांव के निवासी रवीन्द्र कुमार, पुत्तन,सुनील कुमार और विनोद कुमार सहित कुछ लोगों ने इस भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया।प्रशासन ने पहले भी दो बार इन कब्जेदारों को हटाया था लेकिन वे बार-बार कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे।यह भूमि आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए प्रस्तावित थी।निर्माण सामग्री पहले ही मौके पर पहुंच चुकी थी लेकिन दबंगों के अवैध कब्जे के कारण कार्य रुका हुआ था।जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम को कार्रवाई के लिए भेजा।टीम ने सख्ती से कब्जेदारों को हटाया और भूमि को ग्राम समाज के नियंत्रण में दिलाया।ग्राम प्रधान मालती देवी ने बताया कि डीएम की सख्त कार्रवाई से आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है और कार्य तुरंत शुरू हो चुका है।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस तरह की गतिविधियों को किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा।साथ ही, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की हर शिकायत पर त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

# राजापुर परसौरा गाँव में लाखों रुपए खर्च कर बना शवदाह गृह खंडहर में तब्दील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के मुजेहना ब्लाक के राजापुर परसौरा गांव में श्मशान घाट वर्ष 2017 में बनवाया गया था,परन्तु अब शवदाह गृह शोपीस बन कर रह गया है।इसका उचित लाभ शवदाह करने जाने वाले लोगों को नहीं मिल पा रहा है।मनोहर नदी के किनारे प्रदेश सरकार ने गांवों में श्मशान घाट बनवाया जिसमे में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था।लेकिन अब देखरेख के अभाव में अब वे खंडहर के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं।कहीं बिजली का कनेक्शन नहीं है। शमशान घाट तक जाने वाले रास्ते पर झाड़ियां उगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि करीब वर्ष 2017 में बने इस शव दाह गृह लखो रुपये की लागत से शवदाह गृह का निर्माण कराया गया था।जब निर्माण हो रहा था, तभी लोगों ने मानक के अनुसार काम किए जाने की मांग की थी,लेकिन शवदाह गृह गांव से काफी दूरी पर बना दिए गए और अनुसार नहीं बने।उसका नतीजा यह हुआ कि लोग शवदाह गृह में नहीं,बल्कि पुराने स्थान यानी मनवर नदी के घाट पर ही अंतिम संस्कार करते रहे।वही ग्रामीणों का कहना है कि शवदाह गृह बदहाल हो गया है।अंदर घास- फूस और सरपत के झाड़ फूस उग आए हैं।वहां पर तीन सेड़ हवा में उड़ गया है अभी तक बिजली भी नहीं पहुंच सकी है।प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से लोगों को श्मशान भूमि पर जाने में डर लगता है।शवदाह गृह भी किसी काम की नहीं साबित हो रहा है,जबकि इन शवदाह स्थलों के निर्माण पर सरकार ने लाखों रुपये खर्च किया है।वही ग्रामीणों ने कहा कि यदि देखरेख की जाय और ठीक से मरम्मत करा दी जाय तो लोगों को इसका लाभ मिलेगा।यहां शवदाह गृहों में शांति स्थल,पंप,इंटर लॉकिंग, बाउंड्री वॉल,दो कमरे,कार्यालय, अंत्येष्टि स्थल और शेड सहित अन्य कार्य कराया गया था लेकिन वह मानक के अनुसार नहीं हुआ था जो आज खंडार में तब्दील है।

## निर्धन बेटियों को लगेगी मेंहदी, उठेगी डोली, बजेगी शहनाई

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से गरीब परिवार की बेटियों की शुभ मुहूर्त पर डोली उठेगी। शहनाई के साथ सामूहिक शादी में शामिल होने वाली बेटियों को कार्यक्रम स्थल से विदा किया जायेगा। समाज कल्याण विभाग शादी करने वाले बेटियों के खाते में 35-35 हजार रुपये भेजेगा। विकास खण्डों व नगर निकायों से पात्र बेटियों के आवेदन लिये जायेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी, रमाशंकर ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु 1476 कन्याओं का विवाह कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गय है। श्री शंकर ने बताया कि माह नवम्बर के शुभ मुहूर्त तिथियों 27, 28, 29 व 30 को विवाह सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है। विकास खण्डवार/नगर निकायों को लक्ष्य का आवंटन किया जा चुका है। पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदन-पत्रों का सत्यापन सहायक विकास अधिकारी/पर्यवेक्षकों (स.क.) द्वारा कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र इच्छुक व्यक्ति सम्बन्धित पोर्टल सीएमएसवीवाई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आवेदन कर सकते हैं। योजना अन्तर्गत पात्रता की जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि विवाह के समय लड़की की आयु 18 वर्ष व लड़के की आयु 21 वर्ष पूरी होनी चाहिए। निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री व दिव्यांग और विधवा को अनुदान में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय वार्षिक रू. 02 लाख तक है योजना हेतु पात्र होंगे। वर्ष 2024-25 अन्तर्गत प्रथम चरण में 250 कन्याओं का की शादी कराये जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 35 हजार रुपये लड़की के बैंक खाते में, रुपये 10 हजार की वैवाहिक सामग्री एवं रुपये 06 हजार विवाह व्यवस्था में व्यय किये जाते हैं। आवेदन करते समय आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आवेदक का पहचान-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता, पासपोर्ट साइज फोटो, दोनों पक्षों के परिवार रजिस्टर की नकल एवं मोबाइल नम्बर की आवश्यकता होगी।

## महिला जनसुनवाई दिवस 27 नवम्बर को

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार माह नवम्बर के चतुर्थ बुधवार को आयोजित होने वाले ''महिला जनसुनवाई दिवस'' कार्यक्रम के अन्तर्गत 27 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला अपराधों की समीक्षा एवं जनसुनवाई की कार्यवाही की जायेगी। जनसुनवाई के पश्चात श्रीमती प्रजापति महिला बन्दी गृहों, बालिका/महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण करेंगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने दी है।

## जिले से कार्यमुक्त हुए डीपीआरओ

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला पंचायत राज अधिकारी बहराइच राघवेन्द्र कुमार द्विवेदी नवप्रोन्नत उप निदेशक (पं0) का स्थानान्तरण उप निदेशक (पं0), पंचायती राज निदेशालय, उत्तर प्रदेश शासन के पद हो जाने के फलस्वरूप जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा 23 नवम्बर 2024 को श्री द्विवेदी को कार्यमुक्त कर दिया गया है।

## पन्द्रह वर्ष बाद जानलेवा हमला मामले के तीन आरोपितों को हुई पांच वर्ष की सजा

**कानपुर।** महाराजपुर थाने में वर्ष 2008 में दर्ज हुए एक मुकदमे के तीन आरोपितों को पुलिस की प्रभावी पैरवी करने से दोष सिद्ध होने पर शुक्रवार को एडीजे—12 के न्यायालय ने 5 वर्ष का कारावास एवं 3500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया। यह जानकारी शनिवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार? सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महाराजपुर थाने में वर्ष 2008 में नवाबगंज थाना क्षेत्र के ज्योरा गांव निवासी ईशू पुत्र राम प्रसाद और मुकेश पुत्र रामेश्वर तथा बबलू के खिलाफ जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इसे टॉप पर रखा गया था। इस मुकदमे की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता इन्द्र लता शुक्ला और उपनिरीक्षक सूरज चौहान, मुख्य आरक्षी अवनीश कुमार, अमित सिंह भदौरिया, महिला सिपाही लक्ष्मी सिंह, रजनेश कुमार एवं कोर्ट मोहर्रिर धीरज पाल को निर्देशित किया गया कि इसकी पैरवी करना है। निर्देश के क्रम में प्रभावी पैरवी की गई और एडीजे—12 के न्यायालय ने उक्त तीनों आरोपितों के खिलाफ दोष सिद्ध होने के बाद शुक्रवार को 5 वर्ष का कारावास एवं 35 सौ रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात 27 नवम्बर को करेंगी जन सुनवाई

**मीरजापुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात आगामी 27 नवम्बर को जनपद मीरजापुर में महिलाओं से जुड़ी समस्याओं पर जन सुनवाई करेंगी। इस विशेष कार्यक्रम में दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह और एसिड अटैक जैसे गंभीर मामलों पर सुनवाई की जाएगी। जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधीक्षक या उनके प्रतिनिधि, महिला थानाध्यक्ष और अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा की जाएगी और समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। महिलाएं अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए इस जन सुनवाई में हिस्सा ले सकती हैं।

# बेशुमार संख्या में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक से जुड़ रहे लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा अंतर्गत ग्राम गिरदा पानी टंकी के पास चल रहा सत्संग। सत्संग की शुरुआत ङ्कजयगुरुदेव नारा लगाते चले हैं, दुःखी जन को बाबा जगाते चले हैं।ह्ल हृदयस्पीर्शी एवं भावुक बना देने वाली प्रार्थना से प्रसिद्ध आध्यात्मिक सन्त बाबा पंकज जी महाराज का दिव्य अलौकिक सत्संग होता है। वह भारत के सनातन आध्यात्मकवाद का ऐसा मार्मिक, रहस्यमयी, एवं अद्‌भुत सन्देश सुना रहे हैं, जो अभी तक किसी कथा, कीर्तन, भागव इत्यादि में नहीं सुना गया। भारत की आध्यात्मिक विद्या की ओर लोगों का झुकाव बहुत तेजी से हो रहा है। उनका सत्संग एक प्रकार की वैचारिक क्रान्ति की लहर पैदा कर रहा है। बेशुमार संख्या में लोग जयगुरुदेव धर्म प्रचारक से जुड़ रहे हैं। लाखों-लाख लोगों ने माँस, मछली, अण्डा, शराब, अन्य नशीले पदार्थो एवं अखाद्य वस्तुओं का सेवन न करने की प्रतिज्ञा कर चुके हैं। यह समाज सुधार का नवीन अभियान है। आज उनकी जन-जागरण यात्रा का 102 वॉ दिन था। यहाँ से 5 कि.मी. दूर स्थित तिग्रा गाँव में यात्रा पूर्व संध्या पर ही आ गई थी।

भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित जन समूह को सत्संग सुनाते हुए बाबा पंकज महाराज ने कहा कि सत्संग एक प्रकार की पढ़ाई है। जैसे स्कूलों में भौतिक विद्या पढ़ी जाती है, वैसे ही सन्त महात्माओं की आध्यात्मिक पाठशाला में भर्ती होकर आत्म ज्ञान सीखा जाता है। वह भारत की सनातन अध्यात्म विद्या का गोपनीय भेद है, जिसे मर्मभेदी महात्मा ही बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म पुस्तकें, किताबें महात्माओं ने बनाई, जो उनकी साधना के अनुभवों के दस्तावेज हैं। किताबें पढ़कर आज तक कोई महात्मा नहीं बन पाया।

उन्होंने सभी लोगों से शाकाहार अपनाने, बुद्धिनाशक नशों को त्यागने की अपील की। चरित्र को मानव धर्म की सबसे बड़ी पूँजी कहा। चरित्र उत्थान एवं अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनने की प्रार्थना की। 8 से 12 दिसम्बर तक मथुरा के भण्डारे में भाग लेने का निमन्त्रण दिया। इस अवसर पर रमाकान्त चौहान, सुशील वर्मा, अमन यादव, राम कुमार सिंह, अनुज यादव, नीरज यादव, रामलाल यादव, बुल्लू सिंह, सहयोगी संगत के घूरन प्रसाद, राम विलास यादव, नानक प्रसाद गुप्ता, सूरज प्रसाद मौर्य सहित अनेक सभ्रान्त एवं गणमान्य नागरिक प्रतिष्ठित महानुभाव उपस्थित रहे।

# अजंता क्रिकेट क्लब और पॉयनियर क्रिकेट क्लब नानपारा के बीच हुआ मैच



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में राम प्यारे शिव शंकर इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित हुआ नासिर मेहंदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट। शनिवार के दिन अजंता क्रिकेट क्लब और पॉयनियर क्रिकेट क्लब नानपारा के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पायनियर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया बल्लेबाजी करने उतरी पायनियर क्रिकेट क्लब ने 25 ओवरों में दस विकेट पर 125 रन बनाया जिसमें अनस ने सर्वाधिक 38 व अंकित पांडेय ने 32 रनों का योगदान दिया। अजंता क्रिकेट क्लब की ओर से सूरज ने चार और त्रिपुरेश ने दो विकेट लिया वहीं जवाब में उतरी अजंता क्रिकेट क्लब ने 18.1 ओवरों में 3 विकेट लक्ष्य हासिल कर लिया टीम की ओर से शाद ने सर्वाधिक 31 व ध्रुव ने 30 रनों का योगदान दिया। पायनियर क्रिकेट क्लब की ओर से अंकित, गौरव आर्या वर्सेस रेहान ने एक एक विकेट लिए । सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सूरज सिंह को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया । निर्णायक की भूमिका में अकील व कैराती रहे । इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान, सुधीर मिश्रा, आयुष चित्रांश, राहुल बाजपेई, देवेंद्र शुक्ला, मज़ाज़ अहमद और तमाम क्रिकेट समर्थक मौजूद रहे ।

# मतदाता सूची में नाम छूटा तो होगी कार्यवाही : आयुक्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । देवीपाटन मण्डल आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने शनिवार को चलाये गये विशेष मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत जनपद बलरामपुर और बहराइच के विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एम पी पी इण्टर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय विशेश्वरगंज,आदर्श विद्यालय इण्टर कालेज, बालक विद्यालय,कम्पोजिट विद्यालय श्रावस्ती, सुहेलवा, कंछर सहित स्थापित दर्जनों बूथों का जायजा लिया।मंडलायुक्त ने बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर)से विगत दिनों के प्राप्त आवेदन की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलओ को डोर टू डोर अभियान चलाकर उन सभी पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करना चाहिए,ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी बीएलओ को अपने पास पर्याप्त संख्या में आवेदन फार्म रखने चाहिए और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान, मंडलायुक्त ने बूथों कक्षों में जाकर वहां की न्यूनतम सुविधाओं का भी अवलोकन किया और छोटी-मोटी कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया।

# जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की शिकायतें मौके पर जाकर निस्तारण का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में धानेपुर थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारीनेहा शर्मा ने विभिन्न गांवों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान के निर्देश दिए।डीएम नेहा शर्मा ने निर्देश दिया कि समस्या का शीघ्र निस्तारण हो फरियादियों की शिकायतें जल्द से जल्द हल की जाएं।

समाधान इस प्रकार हो कि फरियादी को दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े।राजस्व और पुलिस विभाग की टीम को शिकायतकर्ता के साथ मौके पर जाकर जांच करने और वहीं समाधान करने को कहा गया। विशेष ध्यान उन शिकायतों पर,जिनमें भूमि विवाद या सरकारी जमीनों पर कब्जे का मामला है।थाना समाधान दिवस के अलावा अन्य दिनों में आने वाली शिकायतों को भी प्राथमिकता दी जाए।जमीन से जुड़े विवादों में मौके पर पहुंचकर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।सरकारी जमीनों और खलिहानों पर अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों की जांच का आदेश दिया।अवैध कब्जों को हटाकर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### थाने पर पहुंचने वाले फरियादियों को न हो परेशानी

डीएम ने कहा कि किसी भी फरियादी को किसी प्रकार की असुविधा न हो,यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया है और शेष शिकायतों का त्वरित निस्तारण होगा।डीएम नेहा शर्मा की यह पहल प्रशासन की जवाब देही और पारदर्शिता को दर्शाती है।जनता की शिकायतों को प्राथमिकता देकर उनके समाधान की प्रक्रिया को तेज करना प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।


उत्तर रेलवे

ई—निविदा सूचना

**निविदा सूचना सं. 2024—ए.एम.वी.—सी एंड डब्लू ईनिविदा—32 दिनाँक 21.11.2024**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई—निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एल.एच.बी. कोच बोगी कनेक्शन ओपनिंग, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ एयर प्रेशर पाइप्स इन एल.एच.बी. एन्ड हाइब्रिड कोचेस, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ फूटस्टेप ऑफ एल.एच.बी. एन्ड आई.सी.एफ. कोचेस, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ स्क्रू कपलिंग अलोंग विथ इट्स कंपोनेंट्स एन्ड सप्लाई एन्ड इंस्टालेशन ऑफ एल.एच.बी. टूल्स। |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 1,00,38,929.00 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 2,00,200/— मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 02.12.2024 से 16.12.2024 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता हैं। | |

3611/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही होगी : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी विधानसभा क्षेत्र के सरायखेमा के बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया

अमेठी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान उनतीस अक्टूबर से चलाया जा रहा है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत आज शनिवार को समस्त तहसीलों के सभी बूथों पर विशेष दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र अमेठी के प्राथमिक विद्यालय सरायखेमा के बूथ संख्या बावन से पचपन तक का स्थलीय निरीक्षण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी निशा अनंत ने बूथ पर मौजूद बीएलओ से अब तक भरे गये फार्म तथा डोर टू डोर सर्वे की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2025 को जो भी युवा अठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए, इसके साथ ही जो लोग मृतक हो गए हैं या बाहर रह रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाय। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथ खुले रहने चाहिये और मतदाता पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष एवं सुचारू ढंग से संपन्न कराया जाए, जिससे अठारह वर्ष या उससे ऊपर के कोई भी मतदाता का नाम सूची में छूटने ना पाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आशीष कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का पीलीभीत सीएमओ आलोक कुमार के द्वारा शनिवार को दो बजे निरीक्षण किया। इस दौरान महिला बोर्ड इमरजेंसी वार्ड डाक्टर कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी डाक्टर अपने कक्ष में मरीजों को देखते हुए मिले इस दौरान अस्पताल के कोनों में फैली गंदगी को नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अस्पताल में जल्द ही अल्ट्रासाउंड सेंटर शुरू होने की भी जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही अस्पताल में मरीजों के निशुल्क अल्ट्रासाउंड सेंटर का लाभ मिलेगा।

# असुरों के अत्याचार बढ़ने पर प्रभु अवतार लेकर भक्तों को संताप से मुक्त करते हैं : शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस पर राज्यमंत्री ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट की**

तिलोई अमेठी । प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि इस धरा धाम पर जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते है तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तो को उनके संताप से मुक्त करते है। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान की शगुन लीलाओं को भक्ति व विश्वास से सुनना चाहिये इसमे तर्क का कोई स्थान नही है।भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा के क्रम में कथा व्यास ने प्रभु के जन्म के अनेक कारणों को सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान की ये घोषणा है कि जो भी भक्त सब कुछ त्याग कर उनका भजन करते है प्रभु उनकी रक्षा उसी प्रकार करते है जैसे मां अपने बच्चे की रक्षा करती है।मनु एवं शतरूपा जी के प्रसंग को सुनाते हुये कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि मनु महाराज ने जीवन के अंतिम समय मे सब कुछ त्याग कर हरि भजन का मार्ग चुना हम सब का भी यही दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुये भगवान के भजन में मन लगायें।देवताओ की करुण पुकार को सुनकर भगवान ने सबको आश्वासन दिया कि मैं अब नर रूप में धरती पर अवतरित होने वाला हूं सभी देवता प्रभु की जय जय कार करने लगे।गोस्वामी जी ने अयोध्या की महिमा को गया है सम्पूर्ण अयोध्यावासी भगवान की आराधना कर रहे है और गोस्वामी जी ने भगवान के जन्म की तिथि घोषित कर दी पूरे अयोध्या में बधाइयां बजने लगी दशरथ जी मगन होकर प्रजाजनों को न्योछावर करने लगे और पूरा वातावरण राममय हो गया। श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ गौरीगंज के पूर्व विधायक तेजभान सिंह, राम चंद्र मिश्रा, जितेन्द्र विक्रम सिंह, कर्नल मनोज कुमार सिंह, सुशांत सिंह,भाजपा रायबरेली के जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, राकेश त्रिपाठी, डॉ अनिल कुमार सिंह ने पूजन किया।कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने अंगवस्त्र तो आयोजक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया। इस मौके पर कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, उत्कर्ष शरण सिंह,ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह,मनीष सिंह, धर्मेश मिश्रा,प्रदीप सिंह, भाष्कर सिंह, आशीष मिश्रा, रिंकू गुडडू सिंह, राजेश पाण्डेय,सुशील सिंह, आनंद सिंह, सुधीर सिंह, आदित्य पाण्डेय, पंकज तिवारी, धीरू सिंह,शिरीष गुप्ता सहित अन्य तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

# मृतक पति के देयकों के भुगतान के लिए बाबू ने मांगा घूस, मुख्यमंत्री से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर।जिला अस्पताल में चौकीदार के पद पर कार्यरत रहे कर्मचारी की मृत्यु के बाद पत्नी द्वारा देयकों के भुगतान लिए सीएमओ ऑफिस के बाबू ने दस हजार की रिश्वत की मांग की है, जिसकी शिकायत विधवा पीड़िता ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर की है। बता दे कि जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के डीहढग्गूपुर गांव निवासी नवल कुमार जिला अस्पताल में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। जिनकी मृत्यु 03 अगस्त 2024 को हो गई।पति की मृत्यु के बाद विधवा पत्नी श्रीमती ने सी एम एस कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर देयकों के भुगतान की मांग की।जिसे सीएमएस ने सीएमओ ऑफिस के लिए अग्रसारित कर दिया। भुगतान के लिए सीएमओ कार्यालय पहुंची विधवा का आरोप है कि सीएमओ ऑफिस के बाबू संजय रावत द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है।पीड़िता के अनुसार बाबू द्वारा 10 हजार रुपए की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि यदि पैसा नही दोगी तो न ही तुम्हारा क्लेम का भुगतान होगा और न ही तुम्हारे बेटे को नौकरी मिलेगी।पति की मृत्यु के बाद परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।पीड़िता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।

# गन्ना क्रय केंद्रों जिला गन्ना अधिकारी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। एलएचचीनी मिल पीलीभीत के क्रय केंद्र कनपारा एवं घुंघचिहाई का निरिक्षण खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किया गया है।क्रय केंद्र कनपारा के प्रभारी अरविन्द कुमार द्वारा बताया गया कि क्रय केंद्र पर अब तक 11431.74 कुं गन्ने की खरीद की जा चुकी है। कृषक राम सरन की गन्ने से भरी ट्राली का वजन गन्ना किसानो के सामने कराया गया तो वजन 52.25 कुं प्रदर्शित हुआ। इस पर 5.00 कुं के मानक बाँट रखने पर वजन 57.25 कुं प्रदर्शित हुआ। इस प्रकार इलेक्ट्रॉनिक वेब्रिज द्वारा सही वजन प्रदर्शित किया गया। क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानो को गन्ना तौल, यस यम यस पर्ची एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। सभी क्रय केंद्र पर तैनात तौल लिपिकों का 15 दिन के अंतराल पर ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्थानांतरण किया जा रहा है। जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी तौल लिपिक दैनिक खरीद रजिस्टर पर प्रतिदिन की गन्ना खरीद का लेखा रखेंगे।तौल लिपिक निरिक्षण कर्ता अधिकारी का पूर्ण सहयोग करेंगे।निरिक्षण कर्ता अधिकारी या निरिक्षण टीम को देखकर यदि कोई तौल लिपिक भाग जाता है।तो उसके बिरुद्ध कठोर कार्यवाही जी जाएगी। क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानो द्वारा बताया गया कि गन्ना पर्ची से सम्बंधित मैसेज उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आ रहे है।किसान भाइयो से अनुरोध किया गया कि गन्ना विकास विभाग से जुडी किसी भी समस्या के लिये टोलफ्री नंबर 18001213203 पर शिकायत दर्ज कराएं। किसान पर्ची का मैसेज प्राप्त होने के बाद ही गन्ने की कटाई करे। साफ व ताज़ा गन्ना चीनी मिल मे आपूर्ति करे।चीनी मिलो को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसान गन्ना समितियों के विधिक सदस्य होते है। इसलियें कोई समस्या होने पर गन्ना समिति कार्यालय पर संपर्क करे।निरिक्षण के दौरान कृषक सुरेन्द्र कुमार,रमेश सिंह,जसकरण,सुखविंदर महरबान,अशोक,प्रांशु व अन्य लोग उपस्थित रहे है।

## धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे सपा नेता फीता काटकर किया शुभारंभ



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपरा मुजफ्ता मे आयोजित पूजा कार्यक्रम में पहुंचे राजकुमार ''राजू''राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा फीता काटकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ और समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की है।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष संजय यादव,पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव ओम प्रकाश यादव,महिला सभा पूरनपुर विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। साथ हो सपा नेता ने सभी से सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है।

## इन्हौना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना पुलिस ने एक नव विवाहिता की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज प्रथा का अभियोग दर्ज किया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना कमरौली क्षेत्र के गांव बनभरिया निवासी नसीर अहमद ने अपनी सुपुत्री शना बानो की शादी मोईन पुत्र मोईद निवासी ग्राम करनगांव थाना इन्हौना के साथ बीती दस जून 2021 को की थी और शादी में अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था लेकिन युवती के पति मोईन पुत्र मोईद. सास तलीमुन निशा पत्नी मो मोईद व जेठानी सुरैया बानो पत्नी मो मोतीन संतुष्ट नही थे।उक्त ससुरालीजनों द्वारा शादी के बाद से ही लगातार अतिरिक्त दहेज हेतु दस लाख रुपया चार पहिया गाडी खरीदने हेतु उक्त बेजा दहेज की मांग करने रहे थे। युवती ने अपने माता पिता की गरीबी का हवाला दिया और उक्त बेजा दहेज की अतिरिक्त मांग को पूरा करने में असमर्थता जताई तो ससुरालीजन युवती को मारते पीटते तथा भूखा रखते तथा शारीरिक तथा मानसिक यातनाएं देते तथा अमानवीय कृत्य करते तथा किसी से भी मोबाइल से बात नही करने देते। युवती के साथ एक वर्षीय इकलौती पुत्री है। युवती की मानें तो ससुरालीजनों द्वारा बीती बारह नवम्बर को समस्त जेवर व कपड़े आदि जबरन छीनकर मारपीट कर उसे एवं उसकी पुत्री को ससुराल से भगा दिया। वह अपनी मासूम बेटी के साथ अपने मायके में किसी तरह गुजर बसर कर रही है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर पति सास और जेठानी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

## थाना गौरीगंज के समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जन समस्याएं

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत ने गौरीगंज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।जिलाधिकारी निशा अनंत ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाय तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाय। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, तहसीलदार नरेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## डीएम ने प्राथमिक विद्यालय सराय खेमा का किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को तहसील अमेठी अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सराय खेमा का स्थलीय निरीक्षण कर बच्चों से पढ़ाई की स्थिति सहित अन्य गतिविधियों का जायजा लिया एवं संबंधित शिक्षक गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निशा अनंत ने बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उपस्थित बच्चों से किताब पढ़वाया एवं उपस्थित शिक्षकों को बच्चों को कड़ी मेहनत से पढ़ाने को कहा तथा विद्यालय परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी आशीष सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने पर्यटन स्थलों का किया भ्रमण

पीलीभीत। कैनविज टाइम्स संवाददातादिव्यांग बच्चों का शैक्षिक भ्रमण दल को खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मौर्य ने झंडी दिखाकर रवाना किया।शनिवार को समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को एक्सपोजर विजिट के तहत गोमती उद्गम स्थल,वाइफरकेशन,शारदा डैम के इलाकों का भ्रमण कराया गया है।बीसलपुर, बिलसंडा,बरखेड़ा,अमरिया, ललौरी खेड़ा,पूरनपुर के विकासखंड के विभिन्न गांवों करीब डेढ़ सौ दिव्यांग बच्चों को बसों से सबसे पहले गोमती उद्गम स्थल ले जाया गया है।जहां स्कूली बच्चों को गोमती उद्गम स्थल के बारे में वहां मौजूद माधोटांडा के ग्रामीणों ने जानकारी दी है। गोमती उद्गम स्थल की झील में तैर रहे कछुओं को देखकर दिव्यांग बच्चों पर प्रफुल्लित नजर आए।उसके बाद वाइफरकेशन का भ्रमण कराया गया।वाइफरकेशन पर बच्चों ने अपने परिजनों के साथ सेल्फी ली और बीफुर्केशन गेस्ट हाउस को अंदर जाकर देखा।स्कूली दिव्यांग बच्चों को बताया गया वाइफरकेशन में बह रही बड़ी नहरों का पानी कहां से आता है।और कहां को जाता है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए तमाम कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है इसी के तहत दिव्यांग बच्चों को भ्रमण कराया गया।दिव्यांग बच्चों के साथ जिला समन्वयक राकेश पटेल, सचिन कुमार,पीटी आई राजीव कुमार सभी स्पेशल एजुकेटर,मां बच्चों के अभिभावक साथ रहे।गोमती उद्गम स्थल पर बच्चों ने सेल्फी लेकर खूब एंजॉय किया।भ्रमण के दौरान बच्चे एक दूसरे से परिचित भी हुए।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीईवीईटी 24 सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




फोटो न0-01

सुल्तानपुर। कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीईवीईटी 24 के दूसरे और अंतिम दिन (23 नवंबर 2024) देश-विदेश के शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, और छात्रों ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए और गहन चर्चा की। सम्मेलन ने नवाचार और शोध की दिशा में एक प्रेरणादायक मंच प्रदान किया। दूसरे दिन के मुख्य वक्ता, प्रो. पी.के. तिवारी (प्रख्यात प्रोफ़ेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना) ने अपने व्याख्यान में गेट इंसुलेटर एंड ड्रेन करेंट मॉडलिंग ऑफ मल्टी गेट मोसफ़ेट पर चर्चा की। उन्होंने विभिन्न नैनोवायर संरचनाओं के लिए गेट-इन्सुलेटर कैपेसिटेंस की गणना हेतु एक नया एकीकृत मॉडल प्रस्तुत किया। इस शोध में टर्मिनल चार्ज और कैपेसिटेंस मॉडल का विकास शामिल है, जो अर्धचालक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करेगा। सम्मेलन की सफलता में प्रो. एस.पी. गंगावार, प्रो. एस.एम. त्रिपाठी, प्रो. रुचिन अग्रवाल, और प्रो. एच.के. मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी उपस्थिति और सहयोग से सम्मेलन को न केवल सफल बनाया गया, बल्कि इसकी गुणवत्ता और प्रभाव को भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया गया। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ भाग लिया। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं को दूर किया, जिससे उन्हें नए विचारों और दृष्टिकोणों को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम का समापन इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हर्ष विक्रम द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और आयोजन समिति के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए इसे शैक्षणिक नवाचार और सहयोग का प्रतीक बताया।

# रोटरी क्लब ऑफ पीलीभीत मातृशक्ति क्लब की ओर से नवनिर्मित टंकी का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत की ओर से जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए।सार्वजनिक शीतल जल की टंकी का निर्माण ठेका चौकी निकट महिला थाना यश्रान्तरी मंदिर मार्ग, पीलीभीत पर किया गया है।कार्यक्रम में रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत की अध्यक्षा रोटेरियन चारू धवन एवं सेक्रेटरी रोटेरियन मुनीता अग्रवाल ने सर्वप्रथम पीलीभीत नगर की चेयरमैन डॉ0 आस्था अग्रवाल का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ0 आस्था अग्रवाल नगर पालिका परिषद चेयरमैन पीलीभीत के द्वारा शिलान्यास कर लोकार्पण कर उ?द्घाटन किया गया है।कार्यक्रम में रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत की अध्यक्षा रोटेरियन चारू धवन एवं सेक्रेटरी रोटेरियन मुनीता अग्रवाल की अहम भूमिका रहीं। नवनिर्मित शीतल जल की टंकी का निर्माण ठेका चौकी निकट महिला थाना, यश्रान्तरी मंदिर मार्ग, पीलीभीत के उद्घाटन समारोह में क्लब के सभी मेम्बर जिसमें रोटेरियन आदिती जयसवाल,रोटेरियन प्रिया जगोता,रोटेरियन कन्चन अग्रवाल,रोटेरियन नेहा गोयल,रोटेरियन कोमल अग्रवाल,रोटेरियन भावना अग्रवाल क्लब के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने-अपने समय का सम्पूर्ण योगदान दिया। रोटरी मातृशक्ति क्लब ऑफ पीलीभीत के द्वारा किए गए कार्यक्रम के समापन में क्लब की अध्यक्षा रोटेरियन चारू धवन ने जल के महत्व को बताते हुए मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ है।

# ईमानदारी के साथ हड़ताल में सहयोग करें अधिवक्ता साथी : अशोक भारती एडवोकेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। गाजियाबाद में हुई घटना को लेकर जनपद पीलीभीत में लगातार अधिवक्ता धरना प्रदर्शन और विरोध जता कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को सौंप रहे हैं। रहे हैं।लेकिन फिर भी कुछ अधिवक्ता हड़ताल को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। यह कार्य न करें यदि काम इकट्ठा हो गया है।तो उसको बाद में भी करा सकते हैं।पहले खुद को बचाने की व्यवस्था और सुरक्षा के लिए जो मांग कर रहे हैं। उसमें साथ दें।हड़ताल जब तक रहेगी जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती यदि कोई यह समझता है। कि हम ऐसे ही हड़ताल के दौरान चोरी चुपके काम करके तुड़वा लेंगे तो है। उस साथी की बहुत बड़ी भूल है। लगातार अधिवक्ताओं के साथ उत्पीड़न हो रहा हैं। आज उनकी बारी है।तो कल हम में से किसी की भी बारी होगी लखनऊ में अधिवक्ता साथी की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई हैं।तमिलनाडु में भी अधिवक्ता साथी को धारदार हथियार फरसे से चौराहे पर काट दिया गया हैं। यह घटनाएं बड़ी ही दुखद और निंदनीय हैं। सरकार एवं प्रशासन पूरी तरह सुरक्षा देने में नाकाम साबित हो रहा है। इसलिए मेरा सभी अधिवक्ता साथियों से यह अपील है। कि हड़ताल तोड़ने का प्रयास न करें पदाधिकारी ऐसी कार्रवाई करेंगे की चोरी चुपके काम करने एवं संगठन को विरुद्ध काम करने वाले याद रखेंगे पदाधिकारी कुछ दया कर रहे हैं। ऐसा मत सोचो पदाधिकारी कुछ करने की हिम्मत नहीं रखते हैं। उक्त विचार अधिवक्ता अशोक भारती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा किए हैं।

## जेसीबी ने बाइक में मारी टक्कर मां-बेटे की मौत, चालक फरार

सुलतानपुर । शनिवार दोपहर जेसीबी ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी दुर्घटना में मां-बेटे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौत के बाद जेसीबी समेत चालक मौके से फरार हो गया, घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। हादसा जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बौरा जगदीशपुर माधवपुर गांव के पास हुआ, मृतकों की शिनाख्त अंबेडकरनगर जिले के महरुआ थाना क्षेत्र के बलईपुर निवासी दीपक की पत्नी ऊषा देवी (40) व उनके पुत्र सौरभ (17) के रूप में हुई।

# दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में पीलीभीत चेयरमैन करेंगी यूपी के चेयरमैनों का करेगी प्रतिनिधित्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली के भारत मंडपम में 26 नवंबर को होगा अध्यक्ष व महापौरों का राष्ट्रीय सम्मेलन**

पीलीभीत।16वें वित्त आयोग द्वारा नई दिल्ली में भारत में शहरी स्थानीय सरकारों को मजबूत बनाने संबंधी विषय पर देशभर के पालिकाध्यक्षों और महापौरों के सम्मेलन में पीलीभीत की पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय सम्मेलन में ''राजकोषीय स्थिरता और दक्षता तथा शासन'' पारदर्शिता और जवाबदेही'' बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था इस राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की ओर से संबोधन भी करेगी।नगर विकास विभाग की विशेष सचिव अरुण प्रकाश द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार 26 नवंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेमिनार में प्रदेश की एक अकेली पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल सहारनपुर के मेयर डॉ अजय कुमार और एकमात्र नगर पंचायत कुलपहाड़ महोबा के अध्यक्ष वैभव अरजरिया को इस राष्ट्रीय सेमिनार में आमंत्रित किया गया है।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि सोलहवें वित्त आयोग भारत सरकार के संयुक्त सचिव राहुल जैन द्वारा उक्त सम्मेलन के संबंध में भेजे गए पत्र के अनुसार ''राजकोषीय स्थिरता और दक्षता'' विषय पर सभी नागरिकों के लिए जीवन की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सेवाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए नगर के पास उपलब्ध धन के विभिन्न स्रोत क्या है। शहर के विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्त आयोग और अन्य अनुदानों पर निर्भरता की सीमा क्या है। शहर में एफसी अनुदान किस तरह के खर्च परियोजनाएं शुरू की है। स्वयं के स्रोत से राजस्व संग्रह, ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए क्या पहल की गई है और शहरों की वित्तीय स्थिरता पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है। आदि बिंदु पर राष्ट्रीय सम्मेलन में चर्चा होगी।इसके अलावा पलायन और गांव की सीमाओं को शहर की सीमा में शामिल करने का क्या प्रस्ताव है।इसके कारण वित्तीय प्रबंधन और सेवा वितरण से जुड़ी चुनौतियां क्या है।परियोजनाओं के निर्णय और उनके क्रियान्वयन में नगर पालिका के निर्वाचित प्रतिनिधि क्या भूमिका निभाते हैं।परियोजना के चयन मंजूरी,स्वीकृति, क्रियान्वयन और निगरानी में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आदि बिंदुओं पर चर्चा होगी।इसके अतिरिक्त नगर पालिका और नगर निगम की वित्तीय मजबूती के क्षेत्र में सुधार के सुझाव भी मांगे जाएंगे,जिन्हें आवश्यकतानुसार वित्त आयोग लागू कर सके। शासन पारदर्शिता और जवाबदेही विषय में राज्य सरकारों को निधियां कार्यों और पदाधिकारी के हस्तांतरण की स्थिति क्या है। तेजी से हो रहे शहरी विकास को देखते हुए शहरों की योजना को अधिक कुशल कैसे बनाया जा सकता है। इस संबंध में भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन में चर्चा की जाएगी। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के चैयरमैनों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित होने पर सभासदों व पालिका कर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।

## सूचना

दिनांक 23 नवंबर 2024 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत केवीके पीलीभीत पर संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना में मानदेय (12,000 रुपए प्रति माह) के आधार पर एक farmer change agent (अनुसूचित जाति) मार्च 2025 तक पूर्ण अस्थाई रूप से रखा जाना है। इस नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता semi skilled iwth requisite qualication senior secondary intermediate C² experienc in farming की गई है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रार्थना पत्र सभी प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 28 नवंबर 2024 तक कार्यालय में जमा कर दें नियुक्ति की सूचना फोन के माध्यम से दी जाएगी

प्रभारी अधिकारी
केवीके पीलीभीत

# अडानी की मुश्किलें

एक बार फिर अडानी समूह की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि, समूह ने हिंडनबर्ग के तीखे हमलों का मुकाबला बखूबी किया था, लेकिन इस बार उसे जटिल विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार गौतम अडानी पर कारोबारी हितों के लिये रिश्वत देने के आरोप लगाये गए हैं। जिसके चलते समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई है। हालांकि, कारोबारी समूह ने रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों को निराधार कहकर खारिज किया है। लेकिन अब अडानी समूह के पास लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिये खुद को तैयार करने के अलावा कोई विकल्प नजर नहीं आता। पहले से ही विपक्ष के निशाने पर रहने वाले गौतम अडानी और केंद्र सरकार के मुखिया के चर्चित रिश्तों को लेकर इस विवाद ने विपक्ष को एक नया हथियार दे दिया है। बहुत संभव है संसद के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हो। वहीं बचाव में उतरी भाजपा ने विपक्षी दलों के शासित राज्यों में अधिकारियों की बड़ी रिश्वतखोरी के मामलों की याद दिलायी। जबकि यह मामला भारत में रिश्वत देने से जुड़ा है तो इसकी तह तक जाने के लिये सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच वक्त की जरूरत है। निस्संदेह ऐसी किसी जांच के लिये न केवल केंद्र और राज्यों के बीच बल्कि भारत व अमेरिकी अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि अडानी समूह द्वारा कथित रूप से स्टॉक बाजार में हेराफ़ेरी के कथित आरोपों की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी द्वारा जांच की जा रही है। लेकिन सेबी की विश्वसनीयता को लेकर भी तब सवाल उठने लगे थे, जब हिंडनबर्ग द्वारा खुलासा किया गया था कि सेबी अध्यक्ष व उनके पति की विदेशों में कर वंचना के लिये चलायी जा रही अडानी समूह की ऑफशोर कंपनियों में हिस्सेदारी है। ऐसे में इस मामले में सेबी द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की उम्मीद पर भी सवाल उठेंगे। इसके अलावा तमाम तरह के सवाल अमेरिकी अदालत द्वारा उठाये मुद्दों को लेकर सामने हैं। निस्संदेह, भारत सरकार को भी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अमेरिका में लगे आरोपों का अडानी समूह के अंतर्राष्ट्रीय निवेश पर कितना प्रभाव पड़ेगा। निश्चित रूप से अमेरिका में आपराधिक आरोप तय होना समूह के लिये एक बड़ा झटका है। लेकिन सवाल यह भी है कि भारत में दूसरे नंबर के अमीर व्यक्ति अडानी अमेरिका की नियामक कंपनियों व अदालत के निशाने पर क्यों हैं। निश्चित रूप से पिछले दशक में गौतम अडानी समूह ने अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों से लेकर पावर सेक्टर तक में तेजी से अपना कारोबार बढ़ाया है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को अडानी समूह ने इन आरोपों का खंडन किया कि अडानी ग्रीन एनर्जी ने सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से आंध्र प्रदेश में आठ गीगावॉट सोलर पावर सप्लाई करने के टेंडर हासिल करने के लिये अधिकारियों को मोटी रिश्वत दी थी। बहरहाल, इस प्रकरण से अडानी समूह की वैश्विक महत्वाकांक्षा को झटका लग सकता है। रेटिंग एजेंसी मूडीज के मुताबिक भी, अडानी समूह के चेयरमैन व सीनियर अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप तय होने के बाद समूह की कंपनियों की रेटिंग पर नकारात्मक प्रभाव होगा। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देते हुए गौतम अडानी ने अमेरिका के ऊर्जा व इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में दस अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी थी। जिसके अब खटाई में पड़ने की आशंका है। निश्चित रूप से भारत के रूस से गहरे होते रिश्तों व चीन से सुधरते संबंधों के बीच अमेरिका व कनाडा समेत पश्चिमी देशों में भारत को लेकर वक्र दृष्टि देखी जा रही है। अडानी प्रकरण को भी अमेरिका व भारत के बीच तल्खी के आलोक में देखा जा रहा है। अमेरिका ने इससे पहले आरोप लगाया था कि भारत सरकार के एक कर्मचारी ने न्यूयॉर्क में एक अमेरिकी नागरिक व सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची थी। बहरहाल, अब देखना होगा कि ट्रंप की ताजपोशी के बाद दोनों देशों के रिश्ते कैसे रहते हैं।

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता

**भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है। अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं।**

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा।

भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है। अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो। भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्‌भुत है कि ''आप तो अद्‌भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।'' आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बड़े नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है। आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब श्री मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्‌भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करते हुए भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरते हुए विश्व नेतृत्व की क्षमताओं को उजागर कर रहा है। मोदी की सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं, आत्मनिर्भर जीवनयापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं जिसे समूची दुनिया आश्चर्य से देख रही है। 'सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। मोदी के नेतृत्व में कई परिवर्तनकारी पहल की गई हैं, जिनका भारत पर स्थायी प्रभाव पड़ा है। उनके 'स्वच्छ भारत' अभियान ने पूरे देश में स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता बढ़ाई है, जबकि 'मेक इन इंडिया' पहल का लक्ष्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलना है। इसके अतिरिक्त, मोदी के 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम ने देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे में काफी सुधार किया है, जिससे प्रौद्योगिकी सभी के लिए अधिक सुलभ हो गई है। दस वर्ष का कुशल देश संचालन, विकास की नयी इबारत लिखना, विश्वमंचों पर भारत की साख को बढ़ाना आदि घटनाओं के साक्षी रहे लोगों का अनुभव है कि इस अवधि में जितना एवं जैसा भारत बना है, उसमें विश्व को नयी दिशा देने की क्षमता है। भारत की जनता उन्हें एक नए भारत के अभ्युदय के आधारस्तंभ के रूप में देख रही है। –ललित गर्ग

# उत्कृष्ट योद्धा विचारक और कवि गुरु तेग बहादुर

24 नवंबर गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

मुगलों द्वारा किये जाने वाले जबरन धर्मांतरण के खिलाफ खड़े होने वाले गुरु तेग बहादुर की पुण्य तिथि को प्रतिवर्ष 24 नवंबर को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। तेग बहादुर का जन्म 1 अप्रैल, 1621 को अमृतसर में माता नानकी और छठे सिख गुरु, गुरु हरगोबिंद के यहाँ हुआ था, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ सेना खड़ी की और योद्धा संतों की अवधारणा पेश की। तेग बहादुर को उनके तपस्वी स्वभाव के कारण त्यागमल कहा जाता था। गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे, जिन्हें अक्सर सिखों द्वारा 'मानवता के रक्षक' (श्रीष्ट-दी-चादर) के रूप में पूजा जाता था। उन्हें एक महान शिक्षक के रूप में जाना जाता है, गुरु तेग बहादुर उत्कृष्ट योद्धा, विचारक और कवि भी थे, जिन्होंने आध्यात्मिक बातों के अलावा ईश्वर, मन, शरीर और शारीरिक जुड़ाव के स्वरूप का विस्तृत वर्णन किया। जब वह केवल 13 वर्ष के थे तब उन्होंने एक मुगल सरदार के खिलाफ लड़ाई में विजय प्राप्त कर खुद को प्रतिष्ठित किया। उनकी रचना को एक सौ सोलह काव्य भजनों के रूप में पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में शामिल किया गया है। गुरु तेग बहादुर एक उत्साही यात्री भी थे, और उन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचार केंद्र स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे ही एक मिशन के दौरान उन्होंने पंजाब में चक-ननकी शहर की स्थापना की, जो बाद में पंजाब के आनंदपुर साहिब का हिस्सा बन गया। वर्ष 1675 में मुगल सम्राट औरंगज़ेब के आदेश पर गुरु तेग बहादुर की हत्या दिल्ली में कर दी गई थी। हर साल गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर, सिख पूजा स्थल बचित्तर नाटक नामक रचना के गायन की ध्वनि से गूंज उठते हैं, जो उनके जीवन का वर्णन करता है और जिसे उनके पुत्र गुरु गोबिंद सिंह ने रिकॉर्ड किया था। गुरु तेग बहादुर के सम्मान में कई सिख मंदिर बनाए गए हैं। चांदी चौक में गुरुद्वारा सीस गंज साहिब का निर्माण उनकी फंासी की जगह पर किया गया था। उनके एक शिष्य, तेग बहादुर ने गुरु के शरीर के अंतिम संस्कार के लिए जगह बनाने के लिए अपना घर जला दिया और उसी स्थान पर दिल्ली में एक और गुरुद्वारा, गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब बनाया गया। पंजाब में गुरुद्वारा सीसगंज साहिब उस जगह पर बनाया गया था, जहाँ औरंगजेब के आदेशों की अवहेलना करते हुए गुरु का सिर दिल्ली से लाया गया था और उनका अंतिम संस्कार किया गया था। गुरु की फंासी के बाद खालसा पहचान को मजबूत किया गया, जिसकी शुरुआत उनके बेटे ने की, जो उस समय सिर्फ नौ साल का था। गुरु तेग बहादुर के सम्मान में अनेक अस्पताल, स्कूल, विश्वविद्यालय और प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण और नामकरण किया गया है। गुरु तेग बहादुर ने ग्रंथ साहिब के पवित्र पाठ में भजनों और दोहों के रूप में योगदान दिया, जिसमें अंत में श्लोक भी शामिल हैं। उनकी सात सौ से अधिक रचनाएँ सिख धर्म में 'बानी' का हिस्सा हैं। उनके लेखन में ईश्वर से लेकर मानव शरीर, मृत्यु से लेकर मुक्ति तक के विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। अपने जीवनकाल के दौरान, उन्होंने भारत के कई हिस्सों की यात्रा की और मनाली में गोबिंद साहली के कहने पर कई सिख मंदिरों का निर्माण किया। वे जिन स्थानों पर गए, वे बाद में सिख मंदिरों के स्थल बन गए जो आज भी पूजनीय हैं। उन्होंने असम, बिहार, बंगाल, ढाका और कश्मीर के कुछ हिस्सों की भी यात्रा की थी। उन्होंने हिमालय की तलहटी में एक शहर भी बसाया जिसका नाम उन्होंने आनंद्पुर साहिब रखा। गुरु तेग बहादुर ने सिखों और गैर-सिखों दोनों के धार्मिक उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनका जीवन और शिक्षाएं आज भी सिख समुदाय के लिए धार्मिक सद्‌भाव के उनके आदर्शों को जारी रखने की प्रेरणा हैं। गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर, उनके पुत्र गुरु गोबिंद सिंह द्वारा रचित पद्य, जिन्हें बछित्तर नाटक कहा जाता है, सिख पूजा स्थल पर सुनाए जाते हैं।

## सेहत मंत्र

# हेल्दी रहने के लिए दूध में मिलाकर पियें हल्दी या दालचीनी, स्किन होगी ग्लोइंग

दूध को संपूर्ण आहार कहा जाता है इसमें विटामिन डी और कैल्शियम होता है जो हमारे शरीर को एनर्जी देता है और मांसपेशियों को ताकत देता है। इसमें मौजूद विटामिन डी हमारी हड्डियों को मजबूत रखता है। दूध में हल्दी या फिर दालचीनी मिलाकर पिया जाये तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते है। हल्दी में कई तरह के औषधीय गुण होते है। दूध में हल्दी मिलाकर पीने से इम्युनिटी बढ़ाने में मदद होती है। यह ब्लड शुगर को भी नियंत्रित रखता है और अनिद्रा की बीमारी को भी दूर करता है। ग्लोइंग स्किन के लिए भी हल्दी फायदेमंद है। अगर हम दूध के साथ ही दालचीनी भी मिलाते है तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते है। आप चाहे तो दूध और दालचीनी एक साथ मिलाकर पी सकते है या फिर हल्दी या दालचीनी अलग -अलग भी दूध में मिलाकर पी सकते है। कभी भी ठन्डे दूध में हल्दी ना मिलाये। गरम दूध में हल्दी मिलायें। दूध में हल्दी मिलाने के बाद उसे बहुत देर तक उबालना नहीं चाहिए नहीं तो हल्दी के औषधीय गुण समाप्त हो सकते है। ध्यान रहे हल्दी की मात्रा बहुत ज्यादा नहीं होनी चाहिए एक गिलास दूध में एक चौथाई चम्मच हल्दी मिलाये। अगर आप जुकाम से बचने के लिए हल्दी वाला दूध पी रहे है तो उसमे एक चुटकी काली मिर्च पाउडर भी मिला सकते है। इसी तरह आप गरम दूध में एक चुटकी दालचीनी पाउडर मिलाकर पी सकते है। अगर आप एसिडिटी, कंास्टिपेशन और गैस या फिर खराब डाइजेशन की समस्या से परेशान है तो आपको हल्दी वाला दूध पीने से बचना चाहिए इसके साथ ही अगर आप एनिमिक है आपमें खून की कमी है तो भी आपको हल्दी वाला दूध नहीं पीना चाहिए और इसी तरह दालचीनी का भी सेवन कम मात्रा में ही करें। अगर आपको एसिडिटी की प्रॉब्लम है तो दालचीनी का कम ही सेवन करें नहीं तो आपको सीने में दर्द की परेशानी हो सकती है। हल्दी वाला दूध सर्दियों में सभी को बहुत भाता है।

## धर्म मंत्र

# उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हैं बजरंगबली हनुमान

इस संसार में सबसे बड़े भक्त है भगवान हनुमानजी, वे ऐसे भक्त हैं जो अपने भक्तों को ईश्वर से मिलाते हैं। उनको हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली, जागृत एवं सजीव देवता माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। हनुमानजी के पराक्रम की असंख्य गाथाएँ प्रचलित हैं। इन्होंने जिस तरह से राम के साथ सुग्रीव की मैत्री कराई और फिर वानरों की मदद से असुरों का मर्दन किया, वह अत्यन्त प्रसिद्ध है। उनको बजरंगबली, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। उन्हें मारुतिनंदन इसलिये कहा जाता है वे हवा के बेटे हैं। मारुत का अर्थ हवा है। नन्दन का अर्थ बेटा है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं। उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे।

## पर्यटन



# दुनिया की सबसे ख़तरनाक और डरावनी सीढ़ियां जिन पर चढ़ाई करना है बहुत रोमांचक

सीढ़ियों से हम सबका आना-जाना तो रोज़ ही होता है लेकिन हम कभी सीढ़ियों की बनावट पर गौर भी नहीं करते। हमारे देश में ज़्यादातर हिन्दू तीर्थस्थल ऐसी जगहों पर स्थित है जहां लोगों को अपनी मुरादें पूरी करने के लिए भी सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है। लोग भगवान के प्रति अपनी आस्था दिखानें के लिए भी सीढ़ियों की यात्रा पूरी करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अगर ये अज़ीबो गरीब हो तो, या डरावनी हो तो क्या होगा। अंगकोरवाट मंदिर का नाम तो हम सबने ही सुना है लेकिन क्या आपने यहाँ की सीढ़ियों के बारें में सुना है। दोस्तों ये सीढ़ियां 70 प्रतिशत झुकी हुयी है। इन सीढ़ियों पर चढ़ने या उतरने के लिए आपको रस्सियों का सहारा लेना पड़ता है। कहते है कि यह सीढ़ियां लोगो को यह बताती है की स्वर्ग की सीढ़ियों पर चढ़ना भी इतना ही मुश्किल है। यह भगवान विष्णु का सबसे बड़ा मंदिर है और कम्बोडिया में स्थित है। मलेशिया के गोम्बैक जिले में स्थित हैं बाटू की गुफाएं। ये गुफाएं चूना पत्थर की एक पहाड़ी पर स्थित हैं। इन गुफाओं के अलावा यहां मंदिरों की शृंखलायें मौजूद हैं। इस पहाड़ी से होकर बाटू नदी बहती है। इसी कारण इसे बाटु की गुफायें कहते है। इन गुफाओं में भगवान मुरुगन की विशाल मूर्ति स्थित है, जिसके दर्शन के लिए गुफा के अंदर 50 सीढ़ियां चढ़कर जाना पड़ता है। स्टैचू ऑफ़ लिबर्टी न्यूयॉर्क हार्बर में स्थित है। यहां तांबे की एक विशाल मूर्ति है जिसकी ऊंचाई 305 फुट है। 22 मंज़िला इस मूर्ति के टॉप तक पहुंचने के लिये 354 घुमावदार सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। नॉर्वे फ्लोरली दुनिया की सबसे ऊंची सीढ़ियां है। यहां कुल 4,444 सीढ़ियां है जिनकी ऊंचाई 2,427 फ़ीट है। ये सीढ़ियां पत्थर की नहीं बल्कि लकड़ी से बनी हुयी है। इन सीढ़ियों को स्वर्ग की सीढ़ियां कहा जाता है। अब तक कोई भी इन सीढ़ियों की गिनती नहीं कर पाया है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समस्या बैठक संपन्न

❐ सभी चिकित्सालय,सीएचसी व पीएचसी में साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित होः डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिन अस्पतालों तथा अन्य स्थलों में अवैध रूप से डिलीवरी कराई जा रही है उनको चिन्हित करते हुए संबधित के विरूद्ध चिकित्सकीय धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत लंबित भुगतानों को तत्काल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण से छूटे बच्चों का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण के महत्व के संबंध में आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत आशाओं के लम्बित भुगतानों तत्काल कराने एवं नियमित रूप से भुगतान कराने के साथ ही उनके द्वारा अतिरिक्त कार्यों हेतु देय अतिरिक्त भत्ते को ससमय दिये जाने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के प्रथम/द्वतीय प्रसव के पूर्व और प्रसव उपरांत दिए जाने वाले लाभों के संबंध में आम जनमानस को जागरूक करने हेतु योजना के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। जिससे कि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होनें अति कुपोषित तथा कुपोषित बच्चों को चिन्हित करते हुए एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्सालय में पेशेंट को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही सभी चिकित्सालयों , सीएचसी पीएचसी में साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।इसके लिए उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि साफ सफाई सुनिश्चित करने हेतु नोडल अधिकारी नामित किए जाएं, जिससे इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालयों में अग्निशमन से संबंधित उपकरणों को भी समय-समय पर चेक कराया जाए और उनकी एक्सपायरी डेट को भी जरूर चेक किया जाए। उन्होंने आभा आईडी अधिक से अधिक बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसकी एमओआईसी अपने स्तर से नियमित समीक्षा करते रहे। जिला स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी,आईपीडी, अल्ट्रासाउण्ड,एक्स-रे, पैथोलोजी,जननी सुरक्षा योजना/भुगतान,एफआरयू, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), परिवार नियोजन, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के संचालन, एम्बुलेंस 108, नेशनल एम्बुलेंस सेवा 102, पीपीपी परियोजना, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड निर्माण, नियमित टीकाकरण, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, पीसीपीएनडीटी, मौसमी बीमारियां,संचारी रोग नियंत्रण अभियान, राष्ट्रीय कृमि मुक्त कार्यक्रम के साथ सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमो, योजनाओं तथा गतिविधियों की समीक्षा कर मुख्य चिकित्साधिकारी को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.अवधेश कुमार यादव, समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त एमओआईसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस झण्डा दिवस पर पुलिस कर्मियों को लगाया झण्डा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर समस्त पुलिस कर्मियों को झण्डा दिवस का प्रतीक चिन्ह लगाया। बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस पूरे भारतवर्ष का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे पुलिस कर्मियों के शौर्य प्रदर्शन एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता, अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 23 नवम्बर 1952 को भारत सरकार द्वारा सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश पुलिस व पीएसी को पुलिस कलर व झण्डा प्रदान किया गया था।

शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। जिस उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रतिवर्ष 23 नवम्बर को ‟पुलिस झण्डा दिवस” के रूप में मनाया जाता है।

इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस झण्डा दिवस का प्रतीक चिन्ह लगाकर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को पढ़कर सुनाया एवं पुलिस कर्मियों को शौर्य, कर्त्तव्य परायणता तथा उत्कृष्ट कर्त्तव्यनिष्ठा बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में, समस्त क्षेत्राधिकारीगणों द्वारा अपने कार्यालयों में तथा समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/ चौकी में पुलिस झण्डा दिवस मनाया गया।

# पूर्व सांसद कई बार के विधायक रहे स्व.रामसेवक यादव की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियो ने प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। स्व.राम सेवक यादव विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे और हकीकत में वे सच्चे समाजवादी थे, डा.लोहिया के विश्वसनीय साथी रामसेवक यादव जैसे समाजवादी नेताओं के संघर्ष से ही देश में समाजवाद की जड़ें मजबूत हुयी हैं वे छात्र जीवन से ही छात्र इकाई से जुड़े रहे और आन्दोलन में कई बार जेल गए।लखनऊ विश्वविद्यालय में विधि स्नातक की पढ़ाई के दौरान उन्हें आचार्य नरेन्द्र देव का सानिध्य मिला उन्ही की कृपा से वे कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी से जुड़े और डा.लोहिया के मार्ग पर चल पड़े।

स्व.राम सेवक यादव जी सच्चे समाज सुधारक थे जिधर कहीं भी अन्याय हो रहा हो वो अन्याय के विरूद्ध खड़े हो जाते थे अन्याय कितना भी ताकतवर क्यों न रहा हो उसके खिलॉफ संघर्ष करके उसे दण्ड दिलाना ही उनका जीवन का लक्ष्य था इसी के चलते उनके संघर्षों ने जनपद में समाजवाद का वटवृक्ष खड़ा कर दिया और जननायक राम सेवक यादव जी शोषितों की आवाज और जनता का विश्वास बन गये आज उनकी पुण्य तिथि के अवसर पर हम उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करके अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं। उक्त बातें बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र के सांसद तनुज पुनिया ने शुक्रवार को धनोखर चौराहा स्थित प्रसिद्ध समाजवादी नेता कई बार के विधायक व लोकसभा के पूर्व सदस्य स्व.राम सेवक यादव की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करने के पश्चात उनके प्रशंसकों के बीच कही।

समाजवादी नेता स्व.राम सेवक यादव की पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में सांसद तनुज पुनिया के साथ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला, इरफान कुरैशी, दिनेश वैश्य, शनि यादव, शैलेन्द्र यादव,राजेन्द्र सोनी, हरिशंकर सोनी,बृजेश यादव, दीपक रावत,आनन्द यादव, श्रेयांस सेठ,सुशान्त वर्मा, दानिश सिद्दीकी, सहित दर्जनों की संख्या में इण्डिया गठबन्धन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 18 कुंतल गांजे के साथ चार अन्तर्राज्यीय शातिर तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। ए0एन0टी0एफ0 थाना बाराबंकी द्वारा मादक पदार्थों तस्करी के 04 अन्तर्राज्यीय सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, जिनके कब्जे से 18 कुन्तल, 30 किलो 150 ग्राम (1830.150 किलोग्राम) अवैध गांजा जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 9 करोड़ 15 लाख रुपये है। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0 लखनऊ व अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध) उ0प्र0 लखनऊ के मार्ग दर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक एण्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) एण्टी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स मुख्यालय लखनऊ के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक डॉ0 बीनू सिंह एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट लखनऊ के नेतृत्व में एएनटीएफ थाना बाराबंकी की टीम द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 04 अन्तर्राज्यीय सक्रिय तस्कर है जिनमें पुंडलिक पुत्र लक्ष्मन केन्द्रे उम्र करीब 35 वर्ष निवासी एच नं0 11 ब्लाक 14 सेक्टर, नेहा ब्यूटी पार्लर, शिवानन्द नगर थाना भनपुरी जनपद रायपुर (छत्तीसगढ़), संतोष यादव पुत्र स्व0 रामअवध यादव उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम नौबारार देवारा जदीद किता 1 थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़ (उ0प्र0), रामसागर यादव पुत्र स्व0 रामआधार यादव उम्र करीब 53 वर्ष निवासी ग्राम हेंगापुर थाना सिधारी जनपद आजमगढ़ (उ0प्र0), मंगेश यादव पुत्र रामअचल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम गजेन्द्र पट्टी भदौरा थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ (उ0प्र0) को 23 नवम्बर को बीमा चौराहा, हनुमान मंदिर के सामने थाना जाजमऊ कमिश्नरेट कानपुर नगर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से 18 कुन्तल, 30 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत (लगभग 9 करोड़ 15 लाख रुपये) व 16180/- रूपये नगद व एक अदद डम्फर बरामद कर विधिक कार्यवाही की गयी । इस सम्बन्ध में थाना जाजमऊ, कमिश्नरेट कानपुर नगर में मु0अ0सं0 223/2024 धारा 8/20/29/60(3) एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985 का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

अभियुक्तो द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर चारो ने एक स्वर में बताया गया कि हम सभी लोग उड़ीसा से कम दाम में अवैध गांजा खरीदकर लाते है।

जिसमें हम चारो लोग अपना पैसा लगाते हैं, तथा लाये गये अवैध गांजे को मँहगें दामों उत्तर प्रदेश में विभिन्न जनपदों में अवैध गांजा व्यापार करने वाले लोगों को बेच देते हैं। आज हम सभी लोग एक पार्टी को माल देने हेतु यहाँ पर आये थे, हम सभी उसी का इन्तजार कर रहे थे कि आप लोगो ने आकर पकड़ लिया ।

# मंत्री ने दी अफसरों को हिदायत,थोक विक्रेताओं के स्तर पर किसी भी दशा में उर्वरक भण्डारण न होने पाये

❐ उर्वरकों की कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही करें अधिकारी:कृषि मंत्री

❐ कृषि मंत्री ने बहुउ?द्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति दनियालपुर एवं मुबारकपुर के साथ-साथ बीएम सेल्स,फुटकर उर्वरक बिक्री केन्द्र असेनी मोड़ गदिया तथा इफको केन्द्र नवीन मण्डी का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी द्वारा शुक्रवार जनपद में बहुउ?द्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति दनियालपुर एवं मुबारकपुर के साथ-साथ बीएम सेल्स, फुटकर उर्वरक बिक्री केन्द्र असेनी मोड़ गदिया तथा इफको केन्द्र नवीन मण्डी का औचक निरीक्षण कर उर्वरक की उपलब्धता, वितरण की जांच की गयी, साथ ही कृषकों से बिक्री मूल्य की जानकारी की गयी। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति दनियालपुर में 300 बोरी डीएपी उपलब्ध पायी गयी, सचिव द्वारा बताया गया कि कम्पनी से अभी एक्नॉलेजमेन्ट प्राप्त नहीं हुआ है।मंत्री द्वारा तत्काल सम्बन्धित कम्पनी से एक्नॉलेजमेन्ट कराकर कृषकों में वितरण प्रारम्भ कराया गया।

बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति मुबारकपुर पर मंत्री द्वारा धान क्रय केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि 35 कृषकों से 1647 कं0 धान खरीद किया जा चुका है।

सचिव द्वारा बताया गया कि 300 बोरी डीएपी प्राप्त हुई है, जिसका वितरण कृषकों में किया जा रहा है। मेसर्स बीएम सेल्स, फुटकर उर्वरक बिक्री केन्द्र असेनी मोड गदिया के बिक्री केन्द्र पर निरीक्षण के दौरान विक्रेता द्वारा डीएपी का वितरण कृषकों में किया जा रहा था. उपस्थित कृषकों कृषको से विक्रय मूल्य की जानकारी की गयी, कृषकों द्वारा निर्धारित मूल्य से उर्वरक प्राप्त होने के सम्बन्ध में बताया गया।

विक्रेता द्वारा बताया गया कि उनके प्रतिष्ठान में कोरोमण्डल डीएपी 50 बोरी प्राप्त हुई है,जिसका वितरण किया जा रहा है।मंत्री द्वारा उपलब्ध स्टाक का पीओएस मशीन के अनुसार मिलान कराया गया, जो ठीक पाया गया। इफको केन्द्र नवीन मण्डी पर निरीक्षण के दौरान यूरिया एवं एनपीके 20:20:0:13 उपलब्ध पायी गयी। क्षेत्र प्रबन्धक इफको से डीएपी की उपलब्धता के बारे में पूछा गया, जिस पर उनके द्वारा बताया गया कि आज रैक प्राप्त हुई है तथा रैक से उनके केन्द्र हेतु डीएपी निकल चुकी है जो कि रास्ते में है।

मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि डीएमी प्राप्त होने पर कृषकों में उसका तत्काल वितरण सुनिश्चित करें। मंत्री द्वारा निरीक्षण/जांच के दौरान यह निर्देश दिया गया कि जनपद में जो भी उर्वरक प्राप्त हो, उसे तत्काल उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर आपूर्ति रैक से ही कराकर तत्काल सम्बन्धित कम्पनी से एक्नॉलेजमेन्ट कराकर कृषकों में उनकी जोत/कृषित भूमि के आधार पर फसल संस्तुति की मात्रा के अनुसार उर्वरक पीओएस मशीन से निर्धारित दर पर कृषकों को उपलब्ध कराया जाए तथा थोक विक्रेताओं के स्तर पर किसी भी दशा में उर्वरक भण्डारण न होने पाये तथा उर्वरकों की कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकद?मा पंजीकृत कराया जाए, जिसके लिए कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# विपक्षियों के पास कोई दिशा और सोच नही:सुरेश राही

❐ उपचुनाव के नतीजों के बाद बोले प्रभारी मंत्री/कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शहर के सतरिख नाका पर स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क और उनकी प्रतिमा का अनावरण आज कारागार राज्यमंत्री एवं बाराबंकी के प्रभारी मंत्री सुरेश ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर हम लोगों को यह प्रेरणा देते हैं कि कोई भी शख्स नीचे से शुरुआत तक करके सफलता के शिखर तक पहुंच सकता है। वहीं महाराष्ट्र, झारखंड चुनाव और यूपी उपचुनाव के नजीतों पर मंत्री सुरेश राही ने कहा कि विपक्षियों के पास कोई दिशा या सोच नहीं है। केंद्र और प्रदेश की सरकार के कामकाज को देश व प्रदेश की जनता खूब पसंद कर रही है। महाराष्ट्र, झारखंड चुनाव और यूपी उपचुनाव के नजीतों पर को लेकर प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि चाहे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समेत समूचे विपक्षियों के पास कोई दिशा या सोच नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश की सरकार के कामकाज को देश व प्रदेश की जनता खूब पसंद कर रही है।

देश व प्रदेश की जनता का पूरा विश्वास भारतीय जनता पार्टी और सरकार पर है। उन्होंने कहा कि चुनाव नतीजों में जिन सीटों पर भाजपा जीत नहीं सकी है, उसे लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। सुरेश राही ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में लगी उनकी प्रतिमा इस बात का प्रतीक है कि कोई भी व्यक्ति संघर्ष और शिक्षा के सहारे गरीबी से भी निकलकर आसमान तक पहुंच सकता है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर हम लोगों को यह प्रेरणा देते हैं कि कोई भी शख्स नीचे से शुरुआत तक करके सफलता के शिखर तक पहुंच सकता है। वहीं निवर्तमान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि जनता की मांग पर साल 2023-24 में मेरी स्थानीय सांसद क्षेत्र विकास निधि से डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क का उच्चीकृत निर्माण कार्य कराया गया है। पार्क में जन सहयोग से बाबा साहब की अद्वित्तीय प्रतिमा स्थापित की गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का हो निस्तारण:अनिल कुमार शुक्ल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। पंकज कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में शनिवार राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अनिल कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में व श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत 14.12.2024 के आयोजनार्थ प्रशासन एवं पुलिस विभाग के नोडल अधिकारियों के साथ द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुधा सिंह सीजेएम,रुचि तिवारी एसीजेएम प्रथम एवं प्रशासन के ओर नामित प्रतिनिधि नोडल अधिकारी कड़ेदीन शर्मा एसडीएम व पुलिस विभाग की ओर से सुमित त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी सदर उपस्थित आये। अनिल कुमार शुक्ल नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों से आगामी लोक अदालत हेतु चिन्हित वादों एवं पुलिस द्वारा सम्मन तामिला के विषय में जानकारी ली गई। पुलिस विभाग की ओर सुमित त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा विवरण प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि सम्मन सेल को विभिन्न न्यायालयों एवं प्री-लिटिगेशन बैंको की जो नोटिसे प्राप्त करायी जा रही है, उन नोटिसों का तामिला कराया जा रहा है,जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के पूर्व शत प्रतिशत तामिला हो सके। बैठक में शामिल प्रशासन की ओर से नामित नोडल अधिकारी कड़ेदीन शर्मा एसडीएम प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रशासन स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु विभिन्न विभागों को पत्र प्रेषित कर वादों का चिन्हाकंन व उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है। विभिन्न तहसीलों द्वारा भी राजस्व वाद चिन्हित किये जा रहे है।विगत राष्ट्रीय लोक अदालतों की भांति इस राष्ट्रीय लोक अदालत में भी राजस्व न्यायालयों के वादों व प्री-लिटिगेशन वादों के अधिकाधिक निस्तारण का प्रयास रहेगा।

# पुलिस द्वारा जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन, मौके पर कुल 106 प्रार्थना पत्र निस्तारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शनिवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना मसौली में जनता की समस्याएं सुनी गई व उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।थाना सतरिख में जनसुनवाई के दौरान कुल 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर ही 03 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। शेष प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामले के निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया।समस्त थानों में प्राप्त कुल 198 प्रार्थना पत्रों में से कुल 106 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया जिसमें मौके पर 57 प्रार्थना पत्रों का व 49 का सम्बन्धित घटनास्थल पर जाकर निस्तारण कराया गया।

## जेबीएस महाविद्यालय फ्रेशर डे 2024 कार्यक्रम आयोजित

**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के मालिनपुर स्थित जेबीएस महाविद्यालय में शनिवार को शैक्षिक सत्र 2024- 25 छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटा शंकर मिश्र,आर एस एस विभाग संघ चालक गंगा बक्श सिंह, महाविद्यालय की प्रबंधिका पूनम सिंह द्वारा मां सरस्वती,भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्जवलित कर किया गया ।विभिन्न छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये ।महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया ।इस मौके पर संस्थान के प्रबन्ध निदेशक आकाश सिंह प्रशासक रामकिशोर वर्मा , दुल्हदेपुर कॉलेज के विभागाध्यक्ष बालगोविंद वर्मा ,वेद प्रकाश,दीपक वर्मा,दुष्यंत शुक्ला सिंहनादी,दुर्गा प्रसाद पांडेय,कमलेश वर्मा,राजेश वर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

# कोचिंग से घर लौट रही छात्राओं से छेड़छाड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नगर क्षेत्र में शुक्रवार रात पिता के साथ कोचिंग से घर लौट रही छात्राओं को रास्ते में रोककर बाइकसवार तीन युवकों ने अभद्रता कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। पिता ने विरोध किया तो उनकी पिटाई की। पिता व दोनों छात्राएं चीख पुकार मचाकर युवकों से भिड़ गए।इस बीच राहगीर एकत्र होने लगे तो तीनों युवक बाइक छोड़ कर भाग निकले।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक अपने कब्जे में कर ली। पिता की तहरीर पर अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। फतेहपुर से सटे गांव की दो बालिकाएं नगर के एक इंटर कालेज में हाईस्कूल व इंटर में पढ़ती हैं।

बोर्ड परीक्षा को लेकर कॉलेज में शाम को एक्स्ट्रा क्लास लेकर तैयारी करायी जा रही है। शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे एक छात्रा के पिता अपनी बाइक से दोनों को कॉलेज से लेकर घर लौट रहे थे।

रास्ते में रेलवे क्रासिंग के पार बाबा कुटी रोड पर भट्ठे के पास पहले से मौजूद बाइकसवार तीन युवकों ने इन्हें रोक लिया। तहरीर में भुक्तभोगी पिता ने बताया कि रुकते ही युवकों ने उनकी पिटाई कर छात्राओं से अभद्रता व छेड़छाड़ के प्रयास शुरू कर दिए।

विरोध करने पर गालियां देकर उसे बहुत पीटा।

इस बीच लोग एकत्र होने लगे तो पिता ने युवकों को पकड़ने की कोशिश की। खुद को फंसता देख तीनों अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले।

पिता ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस बाइक को कोतवाली ले आयी।

पिता ने बताया कि एक आरोपी की पहचान ग्राम रामनेवाजपुरवा निवासी युवक के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी हरिश्चंद्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

## भारत की दूसरी पारी में शानदार शुरूआत, 218 रन की बढ़त

एजेंसी




पर्थ। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की संयम से भरी अर्धशतकीय पारियों और पहले विकेट के लिये 172 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को दूसरी पारी में बेहतरीन शुरूआत करते हुए कुल 218 रन की बढत बना ली। इससे पहले कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 11वीं बार पारी में पांच विकेट लेने का कमाल करके आस्ट्रेलिया को 104 रन पर समेट दिया। पहली पारी में 150 रन बनाने वाली भारतीय टीम को 46 रन की बढत मिली थी। जायसवाल ने पहली पारी की गलती से सबक लेते हुए धैर्यपूर्वक खेला तो राहुल ने अपने तकनीकी कौशल का फिर प्रदर्शन किया। दोनों ने विशुद्ध टेस्ट क्रिकेट अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अच्छी गेंदों का सम्मान किया तो ढीली गेंदों को नसीहत दी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर जायसवाल 193 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 90 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि पहली पारी में तीसरे अंपायर के विवादास्पद फैसले का शिकार हुए राहुल ने 153 गेंद में 62 रन बना लिये हैं जिसमें चार चौके शामिल हैं। दूसरी पारी में पिच पर जमी घास सूख गई थी और दरारें भी दिखने लगी जिससे गेंदबाजों को उतनी मदद नहीं मिल रही और बल्लेबाजों के लिये स्ट्रोक्स खेलना आसान हो गया है। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने सात गेंदबाजों को आजमाया लेकिन राहुल और जायसवाल की एकाग्रता नहीं तोड़ सके। जायसवाल ने चाय के बाद अपना अर्धशतक 123 गेंदों में पूरा किया जो 15 टेस्ट में उनका सबसे धीमा अर्धशतक है। यह बताता है कि बतौर बल्लेबाज वह बेखौफ ही नहीं बल्कि हालात के अनुरूप भी खेलने में माहिर हैं। इस पिच पर 300 से अधिक का कोई भी लक्ष्य आसान नहीं होगा और पिच में दरारें बढने पर वॉशिंगटन सुंदर प्रभावी साबित हो सकते हैं। पहली पारी में विवादास्पद तरीके से आउट हुए राहुल ने जिस तरह से कमिंस को आन ड्राइव पर बेहतरीन शॉट खेला और जायसवाल ने जबर्दस्त परिपक्वता से मिचेल स्टार्क जैसे खतरनाक गेंदबाज को कवर्स पर चौका लगाया, उससे भारतीय बल्लेबाजों के तेवर जाहिर हो गए थे। पारी की शुरूआत में रक्षात्मक खेलते हुए जायसवाल ने आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को खूब परेशान किया। स्टार्क से तनिक भी भयभीत हुए बिना उन्होंने मिडविकेट के ऊपर से चौका लगाया। इससे पहले बुमराह ने एक पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा 11वीं बार किया जबकि टेस्ट में पदार्पण कर रहे हर्षित राणा ने शानदार पहला स्पैल डाला जिसकी मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रन पर आउट कर दिया। आस्ट्रेलिया के लिये आखिरी जोड़ी मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने भारत को आखिरी विकेट के लिये काफी इंतजार कराया। आस्ट्रेलिया के नौ विकेट 79 रन पर गिर गए थे जिसके बाद स्टार्क ( 113 गेंद में 26 रन ) और हेजलवुड (31 गेंद में नाबाद सात रन ) ने 18 ओवर तक चली 25 रन की साझेदारी की। इसकी वजह से भारतीय टीम 46 रन की ही बढत ले सकी। भारत के लिये शुरूआत अच्छी रही जब बुमराह ने दूसरे ही ओवर में एलेक्स कारी को विकेट के पीछे ऋषभ पंत के हाथों लपकवाया। बुमराह ने 18 ओवर में 30 रन देकर पांच विकेट लिये। दूसरे दिन गेंदबाजी की शुरूआत हर्षित ने की जिन्होंने 15 . 2 ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिये। हर्षित ने कई शॉर्ट गेंदें फेंकी और एक पर नाथन लियोन ने गली में केएल राहुल को कैच दे दिया।

## टेस्ट गेंदबाजी औसत के मामले में दूसरे सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने बुमराह

एजेंसी



पर्थ। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के पहले मैच में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई है। अपनी तेज़ गति के साथ, बुमराह ने पर्थ की पिच पर अपने तीखे स्पेल से आग लगा दी, जिससे पहली पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ी इकाई हिल गई। बुमराह ने गेंद को अपनी इच्छा के अनुसार चलाकर पारी की गति निर्धारित की और भारत को एक अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। अपने लुभावने स्पेल के साथ, बुमराह ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में सतह पर सबसे अच्छे गेंदबाजों में अपना नाम दर्ज कराया। कम से कम 150 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में, बुमराह दूसरे सबसे बेहतर गेंदबाजी औसत वाले गेंदबाज हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, 178 टेस्ट विकेटों के साथ, बुमराह का औसत 20.16 है, उनसे आगे इंग्लैंड के दिग्गज दाएं हाथ के तेज गेंदबाज सिडनी बार्न्स हैं, जिनका 16.43 का गेंदबाजी औसत है। अपने शानदार करियर के दौरान, बार्न्स ने सिर्फ 27 मैचों में 189 विकेट चटकाए। 30 वर्षीय भारतीय तेज गेंदबाज ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्टार एलन डेविडसन के 20.53 के शानदार टेस्ट गेंदबाजी औसत को पीछे छोड़ दिया। अपने करियर के दौरान, डेविडसन ने बैगी ग्रीन्स के लिए 27 मैचों में 186 विकेट चटकाए। पहली पारी में बुमराह का जादू 18 ओवर में 5/30 के आंकड़े के साथ समाप्त हुआ, उनकी शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई पारी 104 रन पर ढेर हो गई। बुमराह ने शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन अपना 11वां टेस्ट फाइव-विकेट हॉल हासिल किया। सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में बुमराह का यह सातवां फाइवर था। अपने हालिया कारनामों के साथ, बुमराह सेना देशों में भारतीय गेंदबाज द्वारा लिए गए सर्वाधिक विकेटों के मामले में महान कपिल देव की बराबरी पर पहुंच गए।

## लगातार तीन टी20 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने तिलक वर्मा

एजेंसी



राजकोट। भारत के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने हैदराबाद के लिए मेघालय के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में अपने विस्फोटक शतक के बाद एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। वह पुरुष या महिला क्रिकेट में लगातार तीन टी 20 शतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 2007 में शुरू हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी दर्ज किया। मैच के दौरान तिलक ने सिर्फ 67 गेंदों में 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। उनके रन 225.37 के स्ट्राइक रेट से आए। 22 वर्षीय तिलक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर से बाहर लगातार दो शतक, सेंचुरियन में 107* और जोहान्सबर्ग में नाबाद 120* रन बनाकर टूर्नामेंट में प्रवेश किया। वह द्विपक्षीय श्रृंखला में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' बने, उन्होंने चार मैचों में 140.00 की औसत और लगभग 199 के स्ट्राइक रेट से 280 रन बनाए। वह टी20 क्रिकेट में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बने। महिला क्रिकेट में, महाराष्ट्र की ओर से खेल रही किरण नवगिरे ने 2022 में सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में नागालैंड की ओर से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 162 रन बनाए थे। तिलक ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाज डिप्पू संगमा की 18 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने एसएमएटी में पिछला सर्वोच्च स्कोर बनाया था, उन्होंने 2019 में सिक्किम के खिलाफ मुंबई के लिए 71 गेंदों में सात चौकों और 15 छक्कों की मदद से 147 रन बनाए थे। तिलक उन पांच खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें मुंबई इंडियंस (एमआई) ने रविवार से सोमवार तक होने वाले 2025 सीजन के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी से पहले रिटेन किया है। 2022 में अपने डेब्यू सीज़न से लेकर अब तक फ्रेंचाइज़ के लिए 38 मैचों में उन्होंने 39.86 की औसत से 1,156 रन बनाए हैं, जिसमें छह अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84* है। उन्होंने 146.32 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

## गेरार्डो मार्टिनो ने इंटर मियामी के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी



नई दिल्ली। इंटर मियामी के मुख्य कोच गेरार्डो 'टाटा' मार्टिनो ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए आधिकारिक तौर पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

62 वर्षीय अर्जेंटीना के कोच ने अपने अनुबंध में एक साल शेष रहने के बावजूद अपने फैसले की घोषणा की, उन्होंने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) की टीम के साथ एक साल से भी कम समय में सफलता की विरासत छोड़ी है। मार्टिनो ने एक भावपूर्ण बयान में कहा, ऐसे खास क्लब में काम करना और ऐसी खास टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। मैंने इंटर मियामी में अपने प्रवास का आनंद लिया और यहाँ बनी यादों और बनाए गए रिश्तों को अपने जीवन के बाकी हिस्सों में संजो कर रखूँगा। मैं यहाँ बिताए अपने समय के लिए केवल आभार के साथ विदा लेता हूँ और इसे संभव बनाने वाले सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूँ। मार्टिनो जून 2023 में इंटर मियामी में शामिल हुए, उस समय जब क्लब एमएलएस स्टैंडिंग के निचले पायदान पर था। उनके मार्गदर्शन में, इंटर मियामी ने 2023 लीग कप और 2024 सपोर्टर्स शील्ड जीती। मार्टिनो की सफलता की कुंजी लियोनेल मेसी का आगमन था, जो अर्जेंटीना और बार्सिलोना के कोच के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके हमवतन और पूर्व खिलाड़ी थे। साथ मिलकर, उन्होंने टीम के प्रदर्शन को बढ़ाया, रिकॉर्ड बनाए और इंटर मियामी को अगले साल के फीफा क्लब विश्व कप में जगह दिलाई। हालांकि, अपने नियमित-सीज़न के प्रभुत्व के बावजूद, इंटर मियामी का 2024 का अभियान खराब नोट पर समाप्त हुआ, क्योंकि वे अटलांटा यूनाइटेड द्वारा पोस्ट-सीज़न प्लेऑफ़ के पहले दौर में बाहर हो गए। इंटर मियामी के प्रबंध मालिक जॉर्ज मास ने पुष्टि की कि मार्टिनो के उत्तराधिकारी की तलाश अपने अंतिम चरण में है, जिसकी घोषणा अगले कुछ दिनों में'' होने की उम्मीद है। अफवाहों में बार्सिलोना और लिवरपूल के पूर्व मिडफील्डर जेवियर माशेरानो भी शामिल हैं, जिनका मेसी और साथी इंटर मियामी स्टार लुइस सुआरेज़ के साथ घनिष्ठ संबंध है। मास ने यह भी पुष्टि की कि मेसी, जो 2025 तक अनुबंध पर हैं, ने नए कोच की खोज के दौरान इनपुट प्रदान किए थे, लेकिन नई नियुक्ति पर वीटो का कोई अधिकार नहीं था। मास ने विश्वास व्यक्त किया कि मेसी तब भी क्लब के साथ रहेंगे जब वे 2026 में अपने नए स्टेडियम में चले जाएँगे। मास ने कहा, हम प्रक्रिया के अंत के बहुत करीब हैं। हमने मंगलवार तक तीन अंतिम उम्मीदवारों को चुना। हमने परसों ही तय कर लिया था कि हमें कौन चाहिए और हम अगले कुछ दिनों में इसकी घोषणा करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बुंडेसलीगा : हैरी केन की हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने स्टबोर्न ऑग्सबर्ग को 3-0 से हराया

**बर्लिन।** हैरी केन की हैट्रिक की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार रात बुंडेसलीगा के 11वें दौर के पहले मैच में स्टबोर्न ऑग्सबर्ग पर 3-0 से जीत दर्ज की। बायर्न ने मैच में आक्रामकर शुरुआत की और 13वें मिनट में वह गोल के काफी करीब पहुंच गया था, लेकिन लियोन गोरेत्जका का एक बेहतरीन शॉट गोल पोस्ट के बगल से निकल गया, जबकि पांच मिनट बाद जोशुआ किमिच ने नजदीक से प्रयास किया, लेकिन उन्हें भी सफलता नहीं मिली। ऑग्सबर्ग का डिफेंस काफी अच्छा रहा और उन्होंने बायर्न के कई मौकों को असफल किया। गोलकीपर नेडिल्को लाब्रोविक ने 27वें मिनट में हैरी केन और जमाल मुसियाला के लगातार प्रयासों को विफल किया। मध्यांतर तक दोनों ही टीमें गोल करने में असफल रहीं। मैच के 63वें मिनट में मैड्स पेडरसन को हैंडबॉल के लिए दंडित किया गया और केन ने पेनल्टी को गोल में बदलकर बायर्न को 1-0 से आगे कर दिया। मेहमान टीम ने एक बार फिर बायर्न को अपनी बढ़त बढ़ाने में मदद की, जब केवन श्लोटरबेक को खेल के अंतिम क्षणों में केन को क्षेत्र में गिराने के बाद लाल कार्ड दिखाकर मैदान के बाहर भेज दिया गया। केन ने फिर से अपना संयम बनाए रखा और बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। बायर्न ने इसके बाद अपने संख्यात्मक लाभ का पूरा फायदा उठाया और अपनी बढ़त को तीन गुना कर दिया, जब केन ने गोरेत्ज़का के सटीक क्रॉस को नियंत्रित किया और गोल कर मैच में अपनी हैट्रिक पूरी की। इस परिणाम से बायर्न की बढ़त तालिका में शीर्ष पर आठ अंकों तक बढ़ गई, जबकि ऑग्सबर्ग 13वें स्थान पर बना हुआ है। मैच के बाद बायर्न के कोच विंसेंट कोम्पानी ने कहा, ''मैं बहुत खुश हूं। हमारे पास बहुत सारे मौके थे। अंत में, यह हैरी केन की खासियत थी। वह पहले हाफ में कई बार गोल करने के करीब पहुंच गया था। 15 मिनट में तीन गोल निश्चित रूप से शानदार है।

### भारत के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए हीली को आराम, ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी ताहलिया मैकग्राथ

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शनिवार को भारत के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर दी है। चोट के कारण कप्तान एलिसा हीली को आराम दिया गया है, उनकी अनुपस्थिति में ताहलिया मैकग्राथ टीम की कप्तानी करेंगी। हीली घुटने की चोट से उबर रही हैं, जो उन्हें महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मैच के दौरान लगी थी और उम्मीद है कि अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए वह फिट हो जाएंगी। अब तक साल का दूसरा भाग उनके लिए निराशाजनक रहा है, पैर की चोट के कारण वह आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के दूसरे भाग में नहीं खेल पाईं, क्योंकि उनकी टीम सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के परफॉरमेंस हेड (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा, ''एलिसा हीली के भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर होने का फैसला एशेज को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, न्यूजीलैंड सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता अगले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा, ''ताहलिया मैकग्राथ ने विश्व कप के दौरान कठिन परिस्थितियों में कप्तान के रूप में प्रभावित किया और उन्हें ऐश गार्डनर से भी पूरा सहयोग मिलेगा, जो मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह एक मजबूत लीडर के रूप में उभरी हैं। अगले महीने से शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत से खेलेगी, क्योंकि वे अगले साल एशेज की तैयारी कर रहे हैं। यह सात महीने से अधिक समय में उनकी पहली सीरीज होगी, जबकि पिछली सीरीज अप्रैल में बांग्लादेश के खिलाफ क्लीन स्वीप के साथ समाप्त हुई थी। इस बीच, 21 वर्षीय जॉर्जिया वोल को मौजूदा डब्ल्यूबीबीएल में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद पहली बार टीम में शामिल किया गया। वह मौजूदा डब्ल्यूबीबीएल और महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में शीर्ष तीन रन बनाने वाली खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने दोनों टूर्नामेंट में चार अर्धशतक लगाए हैं। फ्लेगलर ने कहा, ''जॉर्जिया वोल ने गर्मियों में शानदार शुरुआत की है और पिछले कई वर्षों में अपनी क्षमता दिखाई है। वह शीर्ष क्रम में फोबे लिचफील्ड के साथ एक रोमांचक साझेदारी बनाएगी, जो उसके लिए एक मजबूत भारत की टीम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का स्वाद चखने का एक शानदार अवसर होगा। भारत वनडे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमः ताहलिया मैकग्राथ (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहम, जॉर्जिया वोल।

## भारत को जिम्मेदार पूंजीवादी देश के रूप में ब्रांड करने की जरूरतः सीतारमण

एजेंसी



बेंगलुरु। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूएस एफडीए की तरह वैश्विक मानकों वाला भारत एफडीए बनाए जाने की वकालत करते हुए आज कहा कि पूंजीवाद की अपनी सीमाएं हैं और भारत को एक 'जिम्मेदार पूंजीवादी' देश के रूप में ब्रांड करना चाहिए। सीतारमण ने यहां 8वें इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव में कहा '' हमें समझना चाहिए कि पूंजीवाद की अपनी सीमाएं हैं और हमें भारत को एक 'जिम्मेदार पूंजीवादी' देश के रूप में ब्रांड करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने सर्कुलर इकोनॉमी और री-यूज के सिद्धांत का पालन नहीं किया, क्योंकि हम एक गरीब राष्ट्र थे। हमने इसे अपनी जिम्मेदारी के रूप में सोचा कि हम अपनी जरूरत के अनुसार इसका इस्तेमाल करें न कि अपने लालच के अनुसार। वित्त मंत्री ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की ताकत प्राचीन काल से ही बरकरार है। एक शीर्ष वैज्ञानिक, इरविन श्रोडिंगर ने कहा है कि 'मेरे अधिकांश विचार और सिद्धांत वेदांत से काफी प्रभावित थे। बाहर के लोग भारत के उस ब्रांड को पहचानने के लिए तैयार हैं, जिसने विज्ञान में अपना दबदबा बनाया। हमें इसे जारी रखने की जरूरत है और 'ब्रांड भारत' को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता के लिए बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक भलाई धर्म द्वारा निर्देशित होनी चाहिए! यह धर्म के सिद्धांतों के भीतर अर्थ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि भारत के शीर्ष 100 पर्यटन केंद्रों में, हमारे पास एक स्व-शिक्षण कार्यक्रम हो जो उस स्थल की वास्तुकला, उस स्थल के पर्यटन के मूल्य को समझने और संस्कृत, पाली या किसी अन्य भाषा के लिए डिजिटल रूप से चलाया जाता हो जो उस स्थल से जुड़ी हो। हमें उन लोगों के लिए शिक्षण सामग्री देनी चाहिए जो भारतीय वास्तुकला को समझना चाहते हैं ताकि पर्यटन के लिए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण प्रदान किया जा सके।

## अमेरिकी एसईसी ने रिश्वत मामले में गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर को किया तलब

एजेंसी



न्यूयॉर्क। अदाणी समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर को अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने उन पर लगे आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए तलब किया है। अदाणी और उनके भतीजे पर अनुकूल सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (2,200 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने में शामिल होने का आरोप है। अदाणी के अहमदाबाद स्थित शांतिवन फार्म हाउस और उनके भतीजे सागर के इसी शहर में बोदकदेव आवास पर समन भेजकर 21 दिनों के भीतर एसईसी को जवाब देने के लिए कहा गया है। न्यूयॉर्क पूर्वी जिला अदालत के माध्यम से 21 नवंबर को भेजे गए नोटिस में कहा गया है, ''इस समन की तामील के 21 दिनों के भीतर (जिस दिन आपको यह समन मिला, उसे छोड़कर)... आपको वादी (एसईसी) को संलग्न शिकायत का जवाब देना होगा या संघीय सिविल प्रक्रिया के नियम 12 के तहत एक प्रस्ताव तामील करना होगा। इसमें कहा गया है, ''यदि आप जवाब देने में विफल रहते हैं, तो शिकायत में मांगी गई राहत के लिए आपके खिलाफ निर्णय लिया जाएगा। आपको अपना जवाब या प्रस्ताव भी अदालत में दाखिल करना होगा।'' गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य प्रतिवादी, जो समूह की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में निदेशक हैं, पर बुधवार को न्यूयॉर्क की एक अदालत में मुकदमा शुरू हुआ। इसके मुताबिक इन लोगों ने अनुकूल सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध पाने के लिए लगभग 2020 और 2024 के बीच भारतीय सरकारी अधिकारियों को लगभग 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने पर सहमति जताई थी।

## अदाणी की किसी कंपनी पर कोई कानूनी मामला नहीं अमेरिका में मुकदमे पर समूह सीएफओ ने कहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। अदाणी समूह की 11 सूचीबद्ध कंपनियों में किसी पर भी किसी तरह के गलत काम का आरोप नहीं लगाया गया है। अदाणी समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर रोबी सिंह ने समूह के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अदाणी के अमेरिका में रिश्वत देने के मामले में शामिल होने के आरोपों पर यह बात कही। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि समूह वकील की मंजूरी मिलने के बाद अमेरिकी अभियोग पर एक विस्तृत टिप्पणी करेगा। सिंह ने कहा, ङ्कऐसी बहुत सी खबरें हैं, जिनमें असंबंधित वस्तुओं को उठाकर सुर्खियां बनाने की कोशिश की गई है। मेरा विनम्र अनुरोध है कि हम कानूनी प्रक्रिया में प्रस्तुत मामले की विस्तृत समीक्षा करने के बाद समय पर जवाब देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अदालत ने अभियोग पर फैसला नहीं सुनाया है, और जैसा कि अमेरिकी न्याय विभाग के वकीलों ने बताया है कि ये आरोप हैं और अभियुक्तों के निर्दोष होने का अनुमान है। उन्होंने आगे कहा कि समूह को संस्थापक और चेयरमैन गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिकी अभियोग के बारे में स्पष्ट रूप से दो दिन पहले पता चला। सीएफओ ने कहा, ङ्कहमें पता था कि कुछ चल रहा है (और फरवरी 2024 में हमने जोखिम कारकों में 144ए पेशकश परिपत्र का खुलासा किया।)ङ्क उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि कंपनी ने फरवरी 2024 में क्या खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह के पास 11 सार्वजनिक कंपनियों का पोर्टफोलियो है और उनमें से कोई भी अभियोग के अधीन नहीं है। यानी ये कंपनियां हाल में न्यूयॉर्क की एक अदालत में वकील द्वारा दायर की गई किसी भी कानूनी कार्यवाही में प्रतिवादी नहीं हैं।

## आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता समिति की बैठक नई दिल्ली में संपन्न

एजेंसी



नई दिल्ली। आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता (एआईटीआईजीए) संयुक्त समिति की छठी बैठक राजधानी नई दिल्ली में संपन्न हो गई। बैठक में नेताओं ने 2025 तक वार्ता पूरी करने के लिए शीघ्र समीक्षा प्रक्रिया का आग्रह किया। ये बैठक नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में आयोजित की गई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की 21 से 22 नवंबर तक चली दो दिवसीय बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और मलेशिया के निवेश, व्यापार तथा उद्योग मंत्रालय की उप-महासचिव (व्यापार) मस्तूरा अहमद मुस्तफा ने की। बैठक में भारत और सभी 10 आसियान सदस्य देशों ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम के प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्रालय के मुताबिक एआईटीआईजीए समीक्षा वार्ता के इस दौर से पहले दो उच्च स्तरीय बैठकें हुई थीं, जिसमें सितंबर 2024 में 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक और अक्टूबर 2024 में 21वीं आसियान-भारत शिखर बैठक शामिल हैं। ये दोनों बैठक वियनतियाने लाओस में हुई थी। उल्लेखनीय है कि आसियान एक समूह के तौर पर भारत के प्रमुख व्यापार भागीदारों में से एक है, जिसकी भारत के वैश्विक व्यापार में करीब 11 फीसदी हिस्सेदारी है। वित?त वर्ष 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 121 अरब डॉलर था, जो अप्रैल-अक्टूबर 2024 के दौरान 5.2 फीसदी की वृद्धि के साथ 73 अरब अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया। एआईटीआईजीए की समीक्षा आसियान क्षेत्र के साथ व्यापार को स्थायी तरीके से बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे होगी।

# महाराष्ट्र में भाजपा की जीत में है संघ की बड़ी भूमिका

एजेंसी



नागपुर। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों में से 200 से अधिक सीटों पर महायुति ने निर्णायक बढ़त बना ली है। महज 5 महीने पहले जब भाजपा 70 सीटें जीतने की स्थिति में थी, तब संघ ने कमान संभाली और साथ में लाडली बहना योजना का लाभ भी मिला। उस आधार पर अकेले भाजपा को सवा सौ सीटें मिलती दिख रही हैं। इसमें राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के साथ-साथ संघ का नियोजन, सहयोग और जमीनी कार्य की बड़ी भूमिका मानी जा रही है। लोकसभा चुनाव में 'अब की बार चार सौ पार' का ऐलान करने वाली भाजपा को सिर्फ 240 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। ऐसा कहा जाता है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को संघ की मदद नहीं मिली थी। हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के दूसरे दिन से ही संघ ने मदद, मार्गदर्शन और सख्ती से कार्यान्वयन की योजना को अंमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया। नतीजतन भाजपा की चुनावी जीत और सत्ता की राह आसान हो गई। लोकसभा में हार के बाद देवेंद्र फडणवीस ने 5 जून को मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस्तीफ़े का ऐलान किया था। छह जून को नागपुर में फडणवीस के आवास पर फडणवीस और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अतुल लिमये के बीच एक बैठक हुई। इसके बाद फडणवीस ने दिल्ली का दौरा तो किया लेकिन उनके इस्तीफ़े का विषय पीछे छूट गया था। इस बैठक के बाद 23 जुलाई को संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मुंबई के लोअर परेल, प्रभादेवी मे स्थित यशवन्त भवन कार्यालय में सह सरकार्यवाह अरुण कुमार और अतुल लिमये की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले और फडणवीस के साथ चर्चा की। इसके बाद 3 अगस्त को फडणवीस नागपुर के रेशिमबाग स्थित संघ कार्यालय गए और अरुण कुमार एवं अतुल लिमये से बातचीत की। इसके अलावा 9 अगस्त को फडणवीस नागपुर के बीआरए मुंडले स्कूल सभागार में आयोजित संघ की बैठक में शामिल हुए। फिर 10 अक्टूबर को नागपुर के रेशिम बाग में संघ कार्यालय के पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बैठक हुई। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक संघ के सुझाव पर ही महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में लाडली बहना योजना लागू की। बड़े स्तर की बैठकों के अलावा पूरे राज्य में स्थानीय स्तर पर संघ के स्वयंसेवक भाजपा की जीत के लिए कमर कसते दिखई दिए। दशहरा, कोजागिरी पूर्णिमा और दीपावली समारोहों के दौरान संघ की कई छोटी और बड़ी बैठकें आयोजित हुईं। स्वयंसेवकों को जिम्मेदारियां बांटकर भाजपा समर्थक मतदाताओं को चिहि्नत कर उन्हें मतदान केंद्रों तक पहुंचाने का जिम्मा स्वयंसेवकों ने उठाया। वही चुनाव के दिन स्वयंसेवकों को बुजुर्ग मतदाताओं को अपने वाहनों में चुनाव बूथों तक ले जाते देखा गया। लोकसभा चुनाव के बाद जून में भाजपा को विधानसभा चुनाव में सिर्फ 60 से 70 सीटें मिलने का अनुमान था लेकिन संघ की मदद से भाजपा की जीत की राह आसान हो गई।

# विस उपचुनाव : गुजरात की वाव सीट से भाजपा के स्वरूपजी ठाकोर जीते

**अंतिम चार राउंड की मतगणना में वाव सीट पर हुए उलटफ़ेर ने बाजी पलटी**

एजेंसी

पालनपुर । गुजरात की वाव विधानसभा सीट पर भाजपा ने बाजी मार ली है। कांग्रेस के उम्मीदवार गुलाबसिंह राजपूत पहले राउंड से 20वें राउण्ड तक आगे रहने के बाद अंतिम 4 राउण्ड में पिछड़ गए और उन्हें भाजपा से हार का मुंह देखना पड़ा। इस तरह भाजपा उम्मीदवार ने वाव सीट कंग्रेस के हाथों से छीन कर 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में अपनी सीटों की संख्या 162 कर ली है।

उत्तर गुजरात में भाजपा ने कंग्रेस से एक सीट झटक कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। 13 नवंबर को हुए उपचुनाव में यहां 70.54 फीसदी मतदान हुआ था। भाजपा के लिए मुश्किल पैदा करने वाले बागी उम्मीदवार मावजीभाई पटेल भी यहां कुछ खास नहीं कर पाए और वे 27 हजार 195 मतों पर सिमट गए। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार स्वरूपजी ठाकोर को 92,176 और कंग्रेस उम्मीदवार गुलाबसिंह राजपूत को 89,734 मत मिले। इन तीन उम्मीदवारों के अलावा अन्य 7 उम्मीदवार भी यहां चुनाव मैदान में उतरे थे। इनमें निर्दलीय उम्मीदवार हरिजन विक्रमभाई नागजीभाई को 2038, भारतीय जन परिषद के उम्मीदवार चेतनकुमार ओझा को 1561, निर्दलीय उम्मीदवार लक्ष्मीबेन ठाकोर को 858, निर्दलीय उम्मीदवार मनोज परमार को 842, जयेन्द्र राठौड़ को 652, मधु निरुपाबेन नटवरलाल को 476 और मंजूबेन राठौड़ को 472 मत मिले हैं। वहीं 3360 लोगों ने नोटा का बटन दबाया।

वाव विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में शनिवार सुबह पालनपुर के जगाणा स्थित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना शुरू हुई। सुबह 8 बजे सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद ईवीएम के राउण्ड की शुरुआत की गई। चुनाव में यहां भाजपा, कंग्रेस के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार की वजह से त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा था। वाव विधानसभा सीट के लिए वाव, सुइगामऔर भाभर तहसील के 179 गांवों के कुल 321 बूथ बनाए गए थे, जिस पर 13 नवंबर को कुल 70.54 फीसदी मतदान हुआ था। करीब 3 लाख 10 हजार और 681 मतदाताओं में से 2 लाख 19 हजार 266 मतदाताओं ने मतदान किया था। इसमें 1 लाख 20 हजार पुरुष मतदाता और 98 हजार 647 महिला मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। पालनपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज में बने मतगणना स्थल पर कुल 321 बूथ की 24 राउण्ड में गिनती की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतगणना के लिए कुल 159 से अधिक कर्मचारी और अधिकारी की तैनाती किए गए थे। इनमें 59 काउंटिंग स्टाफ शामिल हैं। मतगणना केन्द्र को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया। वहीं सुरक्षा के लिए 400 पुलिस जवान, सीएपीएफ, एसआरपी जवान तैनात रहे। यह सीट वर्ष 2022 में हुए राज्य विधानसभा के चुनाव में कंग्रेस के पास थी। कंग्रेस की गेनीबेन ठाकोर ने भाजपा को विधानसभा चुनाव में हराया था। बाद में वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में कंग्रेस ने गेनीबेन ठाकोर को बनासकांठा लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था, जिसमें वह जीतने में सफल रही। राज्य में कंग्रेस को मिली बनासकांठा इकलौती लोकसभा सीट है। सांसद बनने के बाद गेनीबेन ठाकोर ने वाव विधानसभा सीट की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद इस खाली सीट पर उपचुनाव हुआ और भाजपा यह सीट जीतने में सफल रही।

# पेज एक का शेष

## महाराष्ट्र...

लाडली बहनों लाडले किसानों और हर वर्ग के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। श्री शिंदे ने इसे महायुति सरकार के ढाई साल के काम का सफल बताया।

शिवसेना उद्धव बालासाहब ठाकरे के प्रवक्ता संजय राउत ने चुनाव परिणाम में कुछ गडबड़ जरूर है। विधानसभा में स्पष्ट बहुमत के लिये 145 सीटों की जरूरत होगी।

उपमुख्यमंत्री और भाजपा के नेता ने चुनाव में महायुति की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुये कहा हम महाराष्ट्र के हर नागरिक के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

राकंपा नेता अजीत पवार ने कहा कि लाडकी बहीण योजना ने बाजी पलट दी है। मैंने अपनी याद में ऐसी जीत नहीं देखी।

महाराष्ट्र में अक्टूबर 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और संयुक्त शिवसेना मिलकर चुनाव लड़े थे और उन्हें क्रमशः 105 और 56 सीटों पर जीत मिली थी जबकि रांकापा को 54 और कंग्रेस को 44 सीट प्राप्त हुयी थी लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने कंग्रेस रांकापा का दामन पकड़ लिया था।

इसी साल अप्रैल-मई में हुये चुनाव में महाराष्ट्र में 48 लोक सभा सीटों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 17 सीटों पर और कंग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया समूह को 30 सीटों पर जीत हासिल हुयी थी। एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी।

राज्य में विधानसभा चुनाव के साथ नांदेड़ लोक सभा सीट का उपचुनाव भी कराया गया है। इस सीट पर भाजपा के उम्मीदवार डॉ संतुकराव मारोतराव हम्बारडे कंग्रेस पार्टी के रवीन्द्र बसन्तराव चव्हाण से 43.800 मतों से आगे चल रहे थे।

महाराष्ट्र में भाजपा को करीब 26.72 प्रतिशत शिवसेना 12.38 कंग्रेस को 12.24 प्रतिशतए राकंपा शरद पवार को 11.30 प्रतिशत राकंपा अजीत पवार को 9.08 प्रतिशत शिवसेना यूबीटी 10.04 प्रतिशत मत मिले हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को 1.56 प्रतिशत मिला है।

झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा की चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया समूह को कुल 56 सीटों पर जीत हुई है या फिर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। जबकि भाजपा के नेतृत्व में राजग केवल 24 सीटों पर सिमटता दिखाई दे रहा है। झामुमो के नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि हम लोकतंत्र के चुनाव में पास हो गये हैं।

झामुमो ने 29 सीटों पर विजय हासिल की है और पांच सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। जबकि भाजपा ने 18 सीटों पर विजय हासिल की और तीन सीटों पर आगे चल रही है। कंग्रेस पार्टी ने तीसरे स्थान पर रहते हुए 15 सीटों पर जीत हासिल की है और एक पर उसका उम्मीदवार आगे चल रहा है। राष्ट्रीय जनता दल ने चार सीटों पर जीत हासिल की है। भाकपा माले ने दो सीटों पर विजय हासिल की है। आजसू लोजपा झालोकमो ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की है और जनता दल यूनाइटेड एक सीट पर आगे चल रही है।

उत्तर-पूर्वी झारखंड में भाजपा को और मध्य तथा दक्षिण इलाकों में कंग्रेस और झामुमो को बड़ी जीत मिली है। राज्य में भाजपा को 33.20 प्रतिशत झामुमो को 23.46 प्रतिशत कंग्रेस को 15.50 प्रतिशत मत हासिल हुए।

उप्र विधानसभा ...

में समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की थी। इस सीट पर भी विधायक के सांसद चुने जाने के कारण यहां उपचुनाव हुआ। इस सीट पर भी काफी समय से सपा का कब्जा था लेकिन 2024 में हुए उपचुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सीट भाजपा के खाते में गई। योगी के आह्वान पर जनता ने यहां से सपा को चारों खाने चित कर दिया। यहां के भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर ने सपा के मो. रिजवान को काफी बड़े अंतर से पराजित किया।

मझवा फूलपुर गाजियाबाद खैर के साथ ही मीरापुर में भी राजग ने परचम लहराया। मझवा में विनोद बिंद फूलपुर से प्रवीण पटेल गाजियाबाद से अतुल गर्ग खैर से अनूप प्रधान वाल्मीकि व मीरापुर से चंदन चौहान के सांसद चुने जाने के उपरांत यहां उपचुनाव कराए गए। इन सीटों को बरकरार रखते हुए भाजपा ने अन्य सीटों पर जीत हासिल की।

मैनपुरी के करहल में भी सपा की जीत का अंतर काफी कम हुआ। वर्ष 2022 आमचुनाव में सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव ने यहां 67504 वोटों से जीत हासिल की थीए जो 2024 उपचुनाव में घटकर महज 14725 वोट पहुंच गई। तेज प्रताप यादव को यहां से 104304 वोट मिले। भाजपा के अनुजेश यादव ने 89579 वोट प्राप्त किया। वहीं सीसामऊ में 2022 में सपा के इरफान सोलंकी ने 12266 वोटों से जीत हासिल की। उपचुनाव में सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने 69714 वोट पाकर 8564 वोट से जीत दर्ज की। यहां से भाजपा के सुरेश अवस्थी को 61150 वोट मिले।

## 'बंटेंगे तो...

उपचुनाव में इस नारे ने किस तरह से मतदाताओं को लामबंद किया और झारखंड में इसके फ़ेल होने के क्या कारण रहे। ताजा चुनावी परिणामों से साफ है कि भाजपा का धार्मिक एकजुटता, मोदी योगी की आक्रामक छवि और इन दोनों नेताओं की लोगों से जातियों में न बंटने की अपील काम आई। चुनावी विश्लेषकों का कहना है कि सहयोगियों के विरोध के बावजूद भाजपा इन दोनों नारों को सकारात्मक रूप से लोगों तक ले गई। इन परिणामों ने यह दिखाया कि वोटरों ने बंटेंगे तो कटेंगे नारे पर अपनी मुहर लगाई। लोकसभा चुनावों के उलट इन चुनावों में भाजपा से छिटका ओबीसी और दलित वर्ग भी उसके साथ आया है। यूपी में दलितों ने सपा को उस तरह से वोट नहीं किया जैसे उसने लोकसभा के चुनावों में वोट किया था। कंग्रेस की इन चुनावों से दूरी भी सपा के लिए नुकसानदेह और भाजपा के लिए फायदेमंद रहीं।

चुनावी विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा इस नारे के बहाने मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने में सफल रही। हालिया लोकसभा चुनावों से इतर ये विधानसभा चुनाव और उपचुनाव धार्मिक रंग में रंगे रहे। मतदाताओं के बीच धार्मिक एकजुटता देखने को मिली। योगी आदित्यनाथ ने तकरीबन सभी चुनावी रैलियों में चाहें वह उत्तर प्रदेश में हो या महाराष्ट्र या झारखंड में विपक्षी दलों के पुराने कार्यकाल की याद दिलाकर धार्मिक एकजुटता की अपील की। जिसे बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक हैं तो सेफ हैं कहकर अपना समर्थन दिया।

बंटेंगे तो कटेंगे विचारधारा के स्तर पर भाजपा की कोई नई लाइन नहीं है। भाजपा सदैव ही हिंदुओं के एकजुट रहने की बात कहती आई है लेकिन इन चुनावों में इस नारे ने एक अलग तरह का असर किया। चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि लोगों ने जाति के ऊपर धर्म को चुना।

उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजों ने बड़ा बदलाव हुए, जिसमें भाजपा की सीटों की संख्या 2019 में 62 से घटकर 33 हो गई। कंग्रेस सहित सपा गठबंधन ने अनुसूचित जातियों, यादवों सहित अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मुसलमानों से समर्थन हासिल किया, जबकि एनडीए ने उच्च जातियों और कुछ ओबीसी के अपने सामाजिक आधार को बरकरार रखा। सपा की वापसी का एक प्रमुख कारण अनुसूचित जातियों, यादवों और मुसलमानों का इंडिया के पीछे एकजुट होना था। इस बार सीएम योगी आदित्यनाथ ने और नरेंद्र मोदी ने सभी जातियों के लोगों को एक साथ आने को प्रमुखता से उठाया। महाराष्ट्र में यह नारा गहराई से असर करता दिखा। सीएम ने अपनी हर रैली में लोगों से जाति के आधार पर वोट न करने की अपील की। सीएम की इस अपील की लाइन पर भाजपा के दूसरे नेताओं ने भी अपना प्रचार किया।

माना यह भी जा रहा है कि जिस तरीके से भाजपा ने 'बंटोगे तो कटोगे' जैसा नारा झारखंड में दिया था उसका उल्टा असर हुआ है। मुस्लिम मतदाता पूरी तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा और कंग्रेस के साथ खड़े हो गए, जबकि हिंदू मतदाताओं में विभाजन हुआ और इसका भाजपा को नुकसान हुआ जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा को इसका लाभ होगा।

झारखंड में जनता ने स्थानीय नेतृत्व पर भरोसा जताया। यहां एक तरफ हेमंत सोरेन झारखंड के आदिवासी लोगों को साधने की कोशिश में जुटे रहे वहीं भाजपा हिमंत विस्व सरमा और शिवराज सिंह चौहान जैसे कद्दावर लेकिन बाहरी नेताओं के भरोसे जमीन पर उतरी। स्थानीयता की नीति पर भाजपा के रुख से लोगों में नाराजगी रही। पूर्व में रघुवर दास सरकार के दौरान जिस तरह से स्थानीयता की नीति में बदलाव किया गया था, उससे वहां के आम वोटरों खासकर आदिवासी समाज ने सही नहीं माना था। यही कारण था कि पहले 2019 के विधानसभा चुनावों में और अब 2024 के विधानसभा चुनावों में भी वोटरों ने झामुमो और हेमंत सोरेन पर विश्वास जताया।

## महाराष्ट्र...

पिछले 50 साल में मिली सबसे बड़ी जीत है। साथ ही महाराष्ट्र की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा को आशीर्वाद दिया है। इससे पहले पांच राज्य भी तीन बार लगातार भाजपा को विधानसभा चुनाव में जीत दे चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन चुनाव ने बताया है कि झूठे वादे और खतरनाक एजेंडा नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि किसी राज्य के मतदाता केवल अपने राज्य ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों के मतदाताओं को देखकर भी वोट करते हैं। कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल और पंजाब में जनता के साथ हुए विश्वासधात को देखते हुए महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के जनादेश ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पूरा देश एक संविधान से चलेगा और कोई भी ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कंग्रेस पार्टी और विशेष कर पार्टी नेतृत्व यानी गांधी परिवार पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि एक परिवार की सत्ता भूख ने पूरी पार्टी को खा लिया है। पुराने कंग्रेसी नेता कहते हैं कि अब यह वह कंग्रेस पार्टी नहीं रही। इसके विचार और आदतें बदल गई हैं। पार्टी में आंतरिक असंतोष बढ़ रहा है। दूसरी और कंग्रेस में अर्बन नक्सलियों का वर्चस्व बढ़ रहा है और इन अर्बन नक्सलियों का कंट्रोल विदेश से हो रहा है। उन्होंने इसके प्रति जनता को आगाह किया।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कंग्रेस ने संविधान में किए गए सामाजिक न्याय को हमेशा तार तार किया है। पार्टी ने तुष्टिकरण के लिए कई कानून बनाए हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड इसका एक प्रमुख उदाहरण है। संविधान में वक्फ बोर्ड का कोई स्थान नहीं है। तुष्टीकरण के लिए वक्फ बोर्ड जैसी संस्था स्थापित की गई है ताकि एक परिवार का वोट बैंक बढ़ सके। सच्ची पंथनिरपेक्षता को कंग्रेस ने मृत्युदंड देने की कोशिश की है। कंग्रेस पार्टी को परजीवी की संज्ञा देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब वह उन पार्टियों को खाने लगी है, जिन्होंने उन्हें गठबंधन में स्थान दिया है। अगर उत्तर प्रदेश में कंग्रेस को गठबंधन में सीट मिलती तो विपक्षी दल को इतनी सीट भी नहीं मिलती।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी और गठबंधन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का देख चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है। उनके गठबंधन का उद्देश्य भारत को विकसित बनाने का है।

प्रधानमंत्री ने झारखंड की जनता को भी नमन किया और कहा कि झारखंड के तेज विकास के लिए पार्टी अब और ज्यादा मेहनत से काम करेगी। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपना प्रयास करेगा।

प्रधानमंत्री...

ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी शुक्रिया कहा। हेमंत सोरेन ने कहा कि भरपूर जनादेश देने के लिए झारखंड की जनता के प्रति आभार। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें इस जीत पर बधाई दी है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुक्रिया।

## झारखंड मे...

पर जीत हुई है जबकि जदयू को एक सीट पर बढ़त है। हेमंत सरकार के लिए मास्टस्ट्रोक बना मईयां सम्मान योजना दरअसल, झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले ही हेमंत सोरेन सरकार ने मास्टरस्ट्रोक मईयां सम्मान योजना के रूप में सामने लाया था। इसका फायदा झारखंड की 50 लाख महिलाओं को डायरेक्ट मिला। इस योजना का खास बात यह कि इसके तहत 1000 रुपये मिलने थे लेकिन जैसे ही चुनाव का समय नजदीक आया, हेमंत सोरेन ने इस योजना की राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दी। इसके साथ यह कयास लगाये जाने लगे कि महिलाओं का वोट हेमंत सोरेन की ओर झुक सकता है और वह सच साबित हुआ।

झारखंडवासियों ने हेमंत-कल्पना पर जताया विश्वास

झारखंड विधानसभा के इस चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के आक्रामक व शानदान प्रदर्शन के पीछे कई रणनीतिक और परिस्थितिजन्य कारण हैं। यहां के मतदाताओं ने इन दोनों पर खूब विश्वास जताया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना सोरेने की आक्रामक रणनीति के साथ ही इंडी गठबंधन ने न केवल स्थानीय मुद्दों पर फोकस किया, बल्कि क्षेत्रीय दलों की एकता और भाजपा की रणनीतिक कमजोरियां ने भी उसके अच्छे प्रदर्शन में योगदान दिया। इस प्रदर्शन ने झारखंड में इंडी गठबंधन को नई ताकत दी है। हेमंत सोरेन की कुशल राजनीति तथा उनकी लोकप्रिय व जनकल्याणकारी योजनाएं झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना तथा बिजली बिल माफी ने झारखंड में पुनः जीत दिलाने में कारगर साबित हुई है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा और कंग्रेस की एकजुटता

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) राज्य के मतदाताओं पर पहले के बजाय ज्यादा मजबूत पकड़ है। यहां के मतदाता विशेष रूप ये आ?दिवासी व ग्रामीण समाज उन्हें अपना नेता मानता है। जेएमएम की अपने राज्य में वही पकड़ है, जो अन्य क्षेत्रीय पार्टियों की अपने-अपने राज्यों में है। जेएमएम और कंग्रेस के अलावा इंडी गठबंधन में शामिल अन्य पार्टियां भी अपने वोटर को एकजुट करने में कामयाब रहीं। इस गठबंधन के राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर बने सामंजस्य ने मतदाताओं को बाहर जाने से रोका। यही इंडी गठबंधन की जीत की वजह भी बनी।

आदिवासियों के मुद्दों पर हेमंत की रही पैनी नजर झारखंड में लगभग एक तिहाई सीटों पर आदिवासी और ग्रामीण मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हेमंत व कल्पना सोरेन ने लगातार आदिवासियों और ग्रामीणों की समस्याओं पर बात की और उनके मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। उनकी लड़ाई लड़ते हुए नजर आयीं। हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन ने वनाधिकार, जमीन की सुरक्षा और आदिवासी अधिकारों जैसे मुद्दों पर लगातार उनको भरोसा दिलाया। आदिवासी समुदाय ने भी खुलकर उनका समर्थन किया।

बीजेपी ने भी इन मुद्दों पर आदिवासी मतदाताओं को लुभाने की पूरी कोशिश की लेकिन लोगों ने हेमंत सोरेन को ज्यादा भरोसेमंद माना। इसमें आदिवासियों के लिए सरना कोड लागू किए जाने का वादा भी शामिल था। यह इस बार की चुनावी बहस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ था। इस मामले में जेएमएम ने आदिवासी मतदाताओं को समझाने में सफल रहे। सरना धर्म कोड का मतलब है कि आदिवासी अपने लिए एक अलग धर्म के तौर पर पहचान चाहते हैं।

जेल से लौटने के बाद हेमंत सोरेन का बढ़ा कद

ईडी की कार्रवाई के बाद जब हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा तो उनके प्रति विशेष रूप आदिवासी समाज की एक अलग भावनात्मक जुड़ाव हुआ। जेल जाने से उनका कद छोटो नहीं हुआ, बल्कि पहले के बजाय और कई गुना बढ़ा। झारखंड के मतदाताओं में उनके खिलाफ इस कार्रवाई को केंद्र की बदले की कार्रवाई के तौर पर देखा गया।

जेल से निकलने के बाद उनकी लोकप्रियता और मजबूत हुई और वह एक मजबूज नेता के रूप में पूरे चुनावी कैम्पेन में नजर आए। इससे इंडी गठबंधन को बहुत ज्यादा फायदा पहुंचाया। परिवार में हुई बगावत का भी लाभ हेमंत सोरेन को मिला। यह बात भाजपा के खिलाफ गई कि उसने किसी भी तरह सत्ता पाने के लिए मुख्यमंत्री को जेल भेजा और परिवार में तोड़फोड़ की। भाई चंपाई सोरेन और सीता सोरेन ने जब पार्टी बदल ली तो सारी सहानुभूति हेमंत को मिली। भाजपा मुख्यमंत्री हेमंत की घेराबंदी करने में असफल रही। हेमंत सोरेन ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम चलाए। इन सरकारी योजनाओं ने मतदाताओं को प्रभावित किया।

## महाराष्ट्र ...

सीट पर चुनाव लड़ रही थीं। उस समय अजीत पवार ने सुप्रिया सुले के सामने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को मैदान में उतारा था। उस समय यह सीट ननद-भौजाई की लड़ाई की वजह से चर्चा में थी, लेकिन सुप्रिया सुले चुनाव जीत गईं थीं। इसलिए विधानसभा चुनाव में शरद पवार ने अजीत पवार के भाई श्रीनिवास पवार के बेटे युगेंद्र पवार को अजीत पवार के खिलाफ उतारा। बारामती विधानसभा सीट चाचा-भतीजे के बीच हो रही लड़ाई को लेकर चर्चा में थी। आखिरकार अजीत पवार ने यहां जीत हासिल की है। अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने कहा कि अजीत पवार ने बारामती में लगातार 38 वर्षों से विकास काम किया है। इसी वजह से बारामती की जनता ने अजीत पवार को आशीर्वाद के रूप में मतदान किया है।

## वायनाड ....

विश्वास के लिए आभार से अभिभूत हूं। मैं सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ आप वास्तव में महसूस करें कि यह जीत आपकी जीत है और जिस व्यक्ति को आपने अपना प्रतिनिधि चुना है, वह आपकी आशाओं और सपनों को समझता है और आपके लिए आपके अपने की तरह लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज बनने की प्रतीक्षा कर रही हूं ! इस सम्मान के लिए धन्यवाद और उससे भी अधिक आपके द्वारा दिए गए विशाल प्रेम के लिए दिल से मेरे यूडीएफ के सहयोगियों, केरल के विभिन्न नेताओं, कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और मेरे कार्यालय के सहयोगियों का धन्यवाद, जिन्होंने इस अभियान में अविश्वसनीय मेहनत की। खासकर उन कार्यकर्ताओं का जिन्होंने दिन-रात 12 घंटे की यात्रा की, बिना किसी विश्राम या भोजन के, उन सबका बहुत आभार। प्रियंका ने उन्हें सच्चा सिपाही करार देते हुए कहा कि वे सभी उन आदर्शों के लिए लड़ रहे थे, जिन पर वे सब विश्वास करते हैं।

प्रियंका ने अपने परिवार के लोगों का भी आभार जताया। उन्होंने कहा, ''मेरी माँ, रॉबर्ट और मेरे दो रत्न- रेहान और मिराया के प्रेम और साहस के लिए कोई भी आभार कभी पर्याप्त नहीं है। मेरे भाई राहुल, तुम सब में सबसे बहादुर हो... मुझे रास्ता दिखाने और हमेशा मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद ।

## साहित्य...

कहा कि ऐसा देखा गया है कि जो लेखक जनता के सुख.दुख से जुड़े रहते हैं उनका काम पाठकों को पसंद आता है जबकि समाज उन लेखकों को अस्वीकार कर देता है जो समाज के अनुभवों को कच्चा माल मानते हैं। ऐसे लेखकों का काम एक छोटे साहित्यिक प्रतिष्ठान तक ही सीमित रहता है। उन्होंने कहा कि जहाँ बौद्धिक आडंबर और पूर्वाग्रह हैए वहाँ साहित्य नहीं है। जनता के दुख.दर्द को साझा करना साहित्य की पहली शर्त है। दूसरे शब्दों में साहित्य को मानवता के प्रवाह से जुड़ना चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि साहित्य मानवता को सशक्त बनाता है और समाज को बेहतर बनाता है। साहित्य मानवता के शाश्वत मूल्यों को बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढालता है। साहित्य समाज को नवजीवन देता है। कई संतों और कवियों ने महात्मा गांधी के विचारों को प्रभावित किया। साहित्य के ऐसे प्रभाव का सम्मान किया जाना चाहिए।

## सहकारिता...

भूमिका पर भी जोर दिया और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनसीडीसीऔर सहकारिता मंत्रालय इन प्रयासों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने चीनी मिलों की वित्तीय क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्यापक पंचवर्षीय योजना तैयार करने का भी सुझाव दिया, जिसका लक्ष्य उनकी फंडिंग को बढ़ाकर 25 हजार करोड़ करना है। इस पहल से चीनी उद्योग के विकास और स्थिरता को बढ़ाने, बेहतर वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने और क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास को समर्थन मिलेगा। उन्होंने ओडिशा, आंध्र प्रदेश और केरल जैसे तटीय राज्यों में गहरे समुद्र में ट्रॉलर की संभावना तलाशने को भी कहा।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में एनसीडीसी के साथ सहकारी इंटर्न योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य राज्य और जिला सहकारी बैंकों को केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ तालमेल बिठाने और पैक्स को मजबूत बनाने में मदद करना है। सहकारी इंटर्न योजना प्रतिभागियों को अमूल्य व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मदद करेगी और उन्हें सहकारिता के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने और ग्रामीण समुदायों के विकास का समर्थन करने के लिए तैयार करेगी। उन्होंने देशभर में सहकारिता क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए एक सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना करने का आह्वान किया और सहकारिता के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया, जिससे सहकार से समृद्धि के विज़न को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# केदारनाथ में विकास, राष्ट्रवाद और सनातन की जीत, महाराष्ट्र में नए युग की शुरुआत : धामी

■ मुख्यमंत्री धामी ने केदारनाथ की जनता का जताया आभार, प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाबा केदार को प्रणाम करते हुए केदारनाथ विधानसभा की जनता को भाजपा उम्मीदवार आशा नौटियाल को विजयी बनाने के लिए आभार जताया है। साथ ही महाराष्ट्र में भाजपा-एनडीए गठबंधन को बहुमत मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जीत एक नए युग की शुरुआत है। मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को मीडिया से कहा कि केदारनाथ विधानसभा की जीत जनता की जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ धाम का नवनिर्माण किया, वहां के लिए योजनाएं बनाई, वहां जो विकास का क्रम शुरू हुआ यह उसकी जीत है। भाजपा की जीत विकास, राष्ट्रवाद और सनातन की जीत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस ने पूरी तरह से क्षेत्रवाद, जातिवाद फैलाने का काम किया। तमाम प्रकार से झूठ की राजनीति को जनता ने नकार दिया। जनता ने विकास और सुशासन को चुना है। केदारनाथ समेत पूरे उत्तराखंड के विकास का जो संकल्प लिया है, भाजपा सरकार उसे पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि अयोध्या, बद्रीनाथ...। उनके मुंह पर जनता ने करारा तमाचा मारा है। उनको अपने वोटों से जवाब दिया है। देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार को प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जो कहते थे कि सरकार के खिलाफ चुनाव है। ये सेमीफाइनल है तो नि?श्चित रूप से जनता ने उन्हें जवाब दे दिया है। सेमीफाइनल में भी तुम हारे हो और आने वाले फाइनल में भी हारोगे, निकाय चुनाव में भी हारोगे, पंचायतों में भी हारोगे। सारे चुनावों में तुम्हें जनता कहीं तवज्जो नहीं देगी।

# नगर निकाय चुनाव : रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की तैनाती के आदेश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले में नगर निकाय चुनाव को सफलता पूर्वक संपन्न करवाये जाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी ने रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए है। जिले में चार नगर पालिका परिषद और छह नगर पंचायत चुनाव होने है। नगर पालिका परिषद ज्योतिर्मठ में उप जिलाधिकारी चन्द्र शेखर वशिष्ठ को रिटर्निंग ऑफिसर और खंड विकास अधिकारी हरीश चन्द्र सुयाल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद गोपेश्वर में उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय को रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक निदेशक डेयरी अभिनव नौटियाल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग के लिए उप जिलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय को रिटर्निंग ऑफिसर और खंड विकास अधिकारी विजय प्रसाद पुरोहित को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है तथा नगर पालिका परिषद गौचर के लिए तहसीलदार सुधा डोभाल को रिटर्निंग ऑफिसर और लोनिवि के सहायक अभियंता अनूप सिंह को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। वहीं नगर पंचायत पीपलकोटी के लिए सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद नेगी को रिटर्निंग ऑफिसर और कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राजेश खेतवाल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत नंदप्रयाग के लिए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता सूरजभान सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर और खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार उप्रेती को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत पोखरी के लिए उप जिलाधिकारी अबरार अहमद को रिटर्निंग ऑफिसर और पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य दिनेश कन्जोलिया को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत थराली के लिए उप जिलाधिकारी कमलेश मेहता को रिटर्निंग ऑफिसर और तहसीलदार दिगम्बर सिंह को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत गैरसैंण के लिए लोनिवि के अधिशासी अभियंता जगदीश प्रसाद को रिटर्निंग ऑफिसर और सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता कुलदीप सिंह रावत को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है और नगर पंचायत नंदानगर (घाट) के लिए पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता प्रमोद गंगाडी को रिटर्निंग ऑफिसर और तहसीलदार गिरीश चन्द्र तिवाड़ी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने निकाय चुनाव के लिए तैनात सभी रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को निकाय वार्डो में मतदान केंद्र, स्थलों में उपलब्ध सुविधाओं का स्थलीय सत्यापन और निरीक्षण करने, नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त करने, उनकी जांच तथा नाम निर्देशन पत्रों की वापसी एवं निर्वाचन प्रतीक चिह्न आवंटन की कार्यवाही संबंधित निकायों के तहसील मुख्यालय के अनुसार करने के आदेश जारी किए है।

## संक्षिप्त समाचार

### फोटो युक्त पहचान पत्र पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक

**गोपेश्वर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी चमोली विवेक प्रकाश ने शनिवार को फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली का एक जनवरी 2025 की तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि एक जनवरी, 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर पुनरीक्षण की अवधि में 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक प्राप्त प्रारूप छह, सात और आठ का सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ओर से 24 दिसम्बर तक नियमानुसार निस्तारण किया जा रहा है। निर्वाचक नामावली का छह जनवरी 2025 को अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावली को शत-प्रतिशत शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए प्रत्येक दल की ओर से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए बीएलए नियुक्त करना आवश्यक है उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से जनपद के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर शीघ्र बीएलए नियुक्त करके सूची जिला निर्वाचन कार्यालय चमोली को उपलब्ध कराने को कहा है। इस दौरान भाजपा के अमित कुमार, कांग्रेस के आनंद सिंह पंवार, आप के अनूप रावत सहित सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र सती मौजूद रहे।

### यूपी के दो गौमांस तस्कर गिरफ्तार, 50 किलो गौमांस बरामद

**हरिद्वार।** हरिद्वार की गौवंश संरक्षण स्क्वाड टीम तथा भगवानपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक सेंट्रो कार से गौ मांस बरामद कर दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। भगवानपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की सिकरौदा तिराहे पर खड़ी एक सेंट्रो कर से गौ मांस की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने तत्काल मौके पर जाकर कार में रखे 50 किलो गौ मांस के साथ कार मे मौजूद दो लोगों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के प्रो विपिन पाठक ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों में से एक ने अपना नाम फजलू रहमान उर्फ भूरा पुत्र इरफान निवासी मौ0 पीठवाला कैलाशपुर थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम अफजाल पुत्र जमील निवासी कैलासपुर थाना-गागलहेडी जिला- सहारनपुर (उ0प्र0) बताया। आरोपितों के अनुसार यह गौमांस उन्होंने सिकरौदा के निवासी अजीम से लिया था। भगवानपुर थाना पुलिस ने दोनों आरोपितों को गौवंश संरक्षण अधिनियम के आरोप में अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया तथा तस्करी में प्रयुक्त की जा रही सेंट्रो कर को जब्त कर लिया।

### दो नशा तस्कर गिरफ्तार, इनमें एक उत्तर प्रदेश का

**हरिद्वार।** नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान में पुलिस ने लक्सर तथा रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 6.63 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। रानीपुर कोतवाल कमल मोहन भंडारी ने बताया कि शनिवार को जमालपुर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान नशा तस्कर मोनू कुमार पुत्र रमन कुमार निवासी अलावलपुर माजरा जिला मुजफ्फरनगर(यू.पी.) को 2.63 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा गया। उधर लक्सर कोतवाली के दरोगा के के रतूड़ी ने बताया कि चेकिंग अभियान के तहत लक्सर क्षेत्र के खड़ंजा कुतुबपुर निवासी शहजाद पुत्र रशीद को चार ग्राम स्मैक के साथ पुलिस ने हिरासत में लिया है। दोनों आरोपितों को नारकोटिक्स अधिनियम के तहत आरोपित कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### हत्या के प्रयास के मामले में वांछित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के खजूरी खास थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपित खजूरी खास निवासी अरमान उर्फ शोएब उर्फ बोगा (25) को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अगस्त 2024 से छिप रहा था। जांच में पता चला है कि आरोपित पहले से डकैती, झपटमारी, चोरी आदि के 09 मामलों में शामिल रहा है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजय सेन के अनुसार क्राइम ब्रांच वांछित आरोपितों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चला रही है। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि 12 अगस्त को खजूरी खास इलाके में हत्या के प्रयास के मामले में शामिल अरमान उर्फ? शोएब पानीपत आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाकर आरोपित को दबोचा। जांच में पता चला कि 12 अगस्त को आरोपित अरमान ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने चचेरे भाई की हत्या का बदला लेने के लिए नईम उर्फ कल्लू की बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। उसके साथियों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था लेकिन उक्त मामले का मास्टरमाइंड अरमान तब से फरार था।

### ठक-ठक गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अंबेडकर नगर थाना पुलिस ने ठक-ठक गिरोह के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मदनगीर निवासी तृप्ति उर्फ सोनू (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से चार लाख रुपये बरामद किए है। पूछताछ के दौरान आरोपित ने खुलासा किया कि उसने अपने सहयोगी के साथ मिलकर थाना आदर्श नगर जयपुर राजस्थान से बैग में रखे 10 लाख रुपये चुराए थे। इस संबंध में थाना आदर्श नगर जयपुर में केस दर्ज किया गया था। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार दक्षिण जिले के क्षेत्र में हुई चोरी के एक मामले की पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को आरोपित के बारे में पता चला। पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की। इस बीच पुलिस को पता चला कि आरोपित जयपुर में छुपा हुआ है। पुलिस ने एक टीम को जयपुर भेजा। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित को दबोचा। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चार लाख रुपये बरामद किए। जांच में पता चला कि आरोपित ठक-ठक गिरोह का सक्रिय सदस्य है। फिलहाल पुलिस आरोपित के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

### स्ट्रीट वेंडर्स ने तीसरे दिन भी जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

**हरिद्वार।** अतिक्रमण के नाम पर उत्पीड़न के विरोध में फुटपाथ के कारोबारी रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों ने तीसरे दिन भी शिव मूर्ति से सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, अपर रोड इत्यादि क्षेत्रों में वर्ष 2018 के सर्वे के अनुसार पंजीकृत लघु व्यापारियों को नगर निगम प्रशासन द्वारा विक्रय प्रमाण पत्र लाइसेंस व परिचय पत्र मुहैया करवाए हुए हैं। फिर भी अतिक्रमण के नाम पर रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

# विस उपचुनाव : पंजाब में आआपा ने जीती तीन सीटें, कांग्रेस के खाते में आई एक

■ विधानसभा में आआपा विधायकों की संख्या हुई 95, कांग्रेस विधायकों की संख्या घट कर पहुंची 16

कैनविज टाइम्स संवाददाता






चंडीगढ़। पंजाब में चार विधानसभा हलकों में हुए उपचुनाव के बाद शनिवार को आए परिणाम में तीन सीटों पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की है। जबकि एक सीट पर विपक्षी दल कांग्रेस को जीत मिली है। हालांकि लोकसभा चुनाव से पहले तीन सीटों पर कांग्रेस और एक पर आम आदमी पार्टी थी। शिरोमणि अकाली दल ने यह उपचुनाव नहीं लड़ा था, जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को इसमें करारी हार का सामना करना पड़ा है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी परिणाम के अनुसार होशियारपुर जिले की चब्बेवाल विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के डॉ. इशांक कुमार ने कांग्रेस प्रत्याशी रणजीत कुमार को 28 हजार 690 वोटों से पराजित किया। यहां भाजपा प्रत्याशी सोहन सिंह को यहां केवल 8692 वोट मिले हैं। बरनाला विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप सिंह ढिल्लों ने आम आदमी पार्टी के हरिंदर सिंह धालीवाल को 2157 वोटों के कम अंतर से पराजित किया है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी केवल सिंह ढिल्लों को 17 हजार 958 वोट मिले हैं। राज्य की सबसे चर्चित सीट गिद्दड़बाहा के चुनाव परिणाम इस बार बेहद चौंकाने वाले रहे हैं। इस सीट पर आम आदमी पार्टी अपना खाता खोलने में कामयाब रही। यहां आप के उम्मीदवार हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने कांग्रेस प्रत्याशी अमृता वडिंग को 21 हजार 801 वोटों से हराया है। अमृता वडिंग पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग की पत्नी हैं। 90 के दशक में गिद्दड़बाहा से चुनाव जीतकर पंजाब की राजनीति में सक्रिय हुए भाजपा प्रत्याशी मनप्रीत सिंह बादल को यहां इस बार केवल 12 हजार 174 वोट मिले हैं। पंजाब की सीमावर्ती सीट डेराबाबा नानक में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी गुरदीप सिंह रंधावा ने कांग्रेस प्रत्याशी जतिंदर कौर रंधावा को 5699 वोट से पराजित किया है। जतिंदर कौर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा की पत्नी हैं। इस सीट से भाजपा प्रत्याशी रवि करण काहलों को केवल 6505 वोट मिले हैं।

पंजाब में आज चार सीटों पर हुए उपचुनाव परिणाम के बाद अब विधानसभा का स्वरूप भी बदल गया है। 117 सीटों वाली राज्य विधानसभा में अब आम आदमी पार्टी के विधायकों की संख्या 95 हो गई है। सदन में कांग्रेस विधायकों की घट कर संख्या 16, भारतीय जनता पार्टी के दो, शिरोमणि अकाली दल के दो तथा बहुजन समाज पार्टी का एक व एक निर्दलीय विधायक है।

# हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप बना भल्ला कॉलेज स्टेडियम खेलों के लिए तैयार

हरिद्वार। शहर के बीचो-बीच हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा नौ करोड़ पांच लाख रुपये की लागत से नवीनीकृत भल्ला कालेज स्टेडियम को अब खेल प्रेमी व संस्थाएं उपयोग कर सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निर्मित इस स्टेडियम का 11 नवंबर को मुख्यमंत्री धामी ने उद्घाटन किया था। एचआरडीए के उपाध्यक्ष आईएएस अंशुल सिंह ने बताया कि प्राधिकरण मामूली दरों पर स्टेडियम खेलों के लिए सशर्त उपलब्ध कराएगा। इसके लिए दिन के करीब पांच हजार और डे-नाइट के लिए इससे करीब चौगुनी राशि शुल्क के रूप में जमा करानी होगी। हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण की ओर से इसके लिए बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। मैच और टूर्नामेंट कराने वाली संस्थाएं और खिलाड़ी एचआरडीए की वेबसाइट www.hrdasports.com के माध्यम से भी स्टेडियम की बुकिंग करा सकते हैं।

# उत्तरकाशी : शॉर्टसर्किट से लगी भीषण आग, मकान जलकर राख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तरकाशी जनपद में मोरी क्षेत्र के बदाओ गांव में शनिवार को शॉर्ट सर्किट की वजह से एक मकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि पूरा मकान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट मोरी से टीम उपनिरीक्षक मनीष सिंह चौहान के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर रवाना हुई। टीम ने फायर सर्विस के साथ मिलकर त्वरित और संगठित प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। हालांकि मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पीड़ित परिवार को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों से अपील की है कि वे बिजली उपकरणों का उपयोग सावधानीपूर्वक करें और समय-समय पर वायरिंग की जांच करवाएं। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन या एसडीआरएफ को सूचित करें। एसडीआरएफ और फायर सर्विस की तत्परता और समन्वित प्रयासों ने बड़ी दुर्घटना को टालने में अहम भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया। जनपद देहरादून के शक्ति नहर में डूब रहे नीलगाय के बच्चे की एसडीआरएफ ने जान बचाई है और सकुशल रेस्क्यू कर उसे पानी से बाहर निकाला है।

# हरिद्वार के खानपुर में सिंघाड़ा प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना पर विचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। हरिद्वार जिले में नवीनतम एआई आधारित तकनीकों से युक्त सिंघाड़ा प्रोसेसिंग यूनिट्स और मसाला ग्राइंडिंग यूनिट्स की स्थापना के लिए मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने चोयल इन्नोवेटिव ग्राइंडिंग सॉल्यूशंस राजस्थान की टीम के साथ एक बैठक की। बैठक का उद्देश्य उक्त प्रोसेसिंग यूनिट के लिए विस्तृत जानकारी प्राप्त करना था। बैठक में पीडी, डीआरडीए और जिला परियोजना प्रबंधक, ग्रामोत्थान परियोजना भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान चोयल इनोवेटिव ग्राइंडिंग सॉल्यूशंस की टीम ने अपनी नवीनतम पर्यावरण अनुकूल तकनीकों और उनके फायदों का विवरण प्रस्तुत किया। चर्चा के दौरान चोयल की तकनीक को हरिद्वार जिले की विभिन्न क्लस्टर लेवल फ़ेडरेशन्स (सीएलएफ) के साथ पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने पर जोर दिया। बैठक के पश्चात, मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला परियोजना प्रबंधक, ग्रामोत्थान परियोजना ने चोयल इनोवेटिव ग्राइंडिंग सॉल्यूशंस की टीम के साथ खानपुर विकासखंड में प्रस्तावित सिंघाड़ा प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया।


टीम ने यूनिट की स्थापना के लिए स्थल और मौजूदा बुनियादी ढांचे का जायजा लिया और आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा इस परियोजना के माध्यम से सिंघाड़ा उत्पादन और मसाला ग्राइंडिंग से जुड़े किसानों और उद्यमियों को उनकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने का अवसर मिलेगा, उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होगा और उन्हें बाजार में बेहतर दाम प्राप्त होंगे।

# चमोली में सड़क निर्माण की मांग को लेकर आमरण अनशन जारी, प्रशासन का दखल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले के ज्योतिर्मठ विकास खंड के उर्गम घाटी के ग्रामीणों का सैंजी लग्गा मैकोट-बैमरू-कलगोठ मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर जारी आमरण अनशन थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन द्वारा शुक्रवार रात अनशनकारियों को जबरन उठाने के बावजूद, ग्रामीणों ने हार नहीं मानी है और नए लोगों ने शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि सैंजी लग्गा मैकोट-बैमरू-कलगोठ मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर 19 नवम्बर से ग्रामीणों की ओर से जिला मुख्यालय पर आमरण किया जा रहा है। शुक्रवार की देर सांय को आमरण अनशनकारी जगदीश सिंह और प्रदीप सिंह के स्वास्थ्य को देखते हुए प्रशासन और पुलिस की ओर से दोनों को जबरन उठा कर अस्पताल में भर्ती कर दिया गया था, जिसके बाद उनके स्थान पर दो अन्य लोगों जिसमें मेहरबान सिंह और रघुनाथ सिंह ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। जिसके बाद शनिवार को जब आमरण अनशनकारी जगदीश सिंह को अस्पताल से छुट्टी से दे दी गई तो उन्होंने आमरण अनशन स्थल पर पहुंचकर फिर से आमरण अनशन शुरू कर दिया है। विकास संघर्ष समिति डुमक के संरक्षक प्रेम सिंह सनवाल का कहना है कि डेढ वर्ष से अधिक समय से ग्रामीण मोटर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। लेकिन उनकी मांग पर कोई गौर नहीं किया जा रहा है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने आमरण अनशन का रास्ता अपनाया। जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्वक ढंग से अपना आंदोलन चला रहे ग्रामीणों के आंदोलन को तोड़ने के लिए प्रशासन नये-नये हथकंडे अपना रहा है। और आंदोलनकारियों को जबरन उठाया जा रहा है लेकिन ग्रामीण अब पीछे नहीं हटने वाले हैं और जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह का कहना है कि उनका क्षेत्र अभी भी विकास से कोंसो दूर है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063